सुप्रभात
रांची, गुरुवार
04.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 288



12 वैश्विक महानता के शिखर पर फिल्म उद्योग : आयुष्मान

## न्यूज डायरी

### मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी को रांची आना होगा

**रांची।** मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। राहुल को रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया है। वकील के माध्यम से पेशी से की मांग को कोर्ट ने खारिज कर दिया।

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार की मौत

**जामताड़ा।** नगर थाना क्षेत्र के केंद्रीय विद्यालय के पास एक ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में स्कूटी सवार पिता-पुत्र सहित एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी। घटना के बाद मौके से भागने के दौरान ट्रक ने एक वैन को भी टक्कर मार दी, जिससे वैन चालक घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया।

### कुपवाड़ा के मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने बुधवार को दो आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि माछिल इलाके के पिचनाड के पास नियंत्रण रेखा के नजदीक सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ हुई है।

### जमीन विवाद में भाई और चाचा की हत्या

**पश्चिमी सिंहभूम।** सोनुआ थाना क्षेत्र के लोंजो पंचायत के पाताहातु में जमीन विवाद में सगे चाचा और बड़े भाई की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने आरोपित बुधराम को गिरफ्तार कर लिया है।

### मासूम बच्ची की निर्मम हत्या,आरोपी गिरफ्तार

**गुमला।** जिले में पांस साल की मासूम बच्ची की नृशंष हत्या की खबर सामने आयी है. घटना बसिया थाना क्षेत्र के बंबियारी गांव की है। हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने आरोपी हत्यारे रवि को गिरफ्तार कर लिया है।

### सीतामढ़ी : ट्रक-ऑटो की टक्कर में सात की मौत

**पटना/मुजफ्फरपुर।** सीतामढ़ी में बुधवार शाम ट्रक की चपेट में आने से एक ऑटो पर सवार सात लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को स्थानीय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### साहिबगंज : ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**साहिबगंज।** बुधवार को भागलपुर आजिमगंज कटुआ पैसेंजर ट्रेन के आगे आने से एक युवक के मौत हो गयी। हादसे के बाद युवक करीब 500 मीटर तक घिसटते साहिबगंज रेलवे स्टेशन तक पहुंचा।

### छत्तीसगढ़ में भी बैन होगा बजरंग दलः सीएम

**रायपुर।** सीएम भूपेश बघेल ने कहा है कि बजरंगबली के नाम से बजरंग दल के लोग गुंडागर्दी कर रहे हैं, जो सही नहीं है। छत्तीसगढ़ में भी बजरंग दल ने गड़बड़ करने की कोशिश की तो हमने ठीक भी कर दिया। बैन करने की जरूरत पड़ी तो यहां भी सोचेंगे।

### अस्पताल का आज भूमि पूजन करेंगे मुंडा

**खूंटी।** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा गुरुवार को दो सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने बताया कि केंद्रीय मंत्री सौ बेड वाले क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक अस्पताल निर्माण के लिए भूमि पूजन करेंगे। वहीं खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र के जमुवादाग में किफायती आवास परियोजना के तहत लाभुकों को आवास-फ्लैट के आवंटन समारोह में भाग लेंगे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 80,000 रु./प्रति किलो |

दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का सीएम हेमंत सोरेन ने किया उद्घाटन, कहा

# झारखंड में प्रमुख धार्मिक स्थलों का सर्किट बनायेंगे

- गढ़वा को करीब 797 करोड़ की 74 योजनाओं की दी सौगात
- राज्य के सभी श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं
- सामाजिक रूप से सुरक्षित होंगे, तभी राज्य होगा विकसित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/ श्री बंशीधर नगर।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य के सभी धार्मिक स्थलों का सर्किट बनायेंगे, श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेगी। श्री सोरेन बुधवार को दो दिवसीय श्री बंशीधर महोत्सव का उद्घाटन कर रहे थे। यह आयोजन गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर में हो रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन के रूप में इस राज्य को अलग पहचान दिलाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। पर्यटन स्थलों को संरक्षित और विकसित कर रहे हैं। इस कड़ी में राज्य के धार्मिक स्थलों का सर्किट बनाया जायेगा। कोशिश है कि विश्व के टूरिज्म मैप पर झारखंड को भी एक अलग पहचान दिला सकें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा मिला है। आने वाले वर्षों में इस महोत्सव को और भव्यता देंगे।

### धार्मिक स्थलों का हो रहा विकास और सौंदर्यीकरण



मुख्यमंत्री ने कहा कि कला-संस्कृति और परंपरा को इतना मजबूत करना है कि विपरीत परिस्थितियों में भी इसे कोई तोड़ नहीं सके। इसी सोच के साथ धार्मिक स्थलों को विकसित करने के लिए लगातार योजनाएं बना रहे हैं। राजधानी रांची में तपोवन मंदिर के विकास पर 14 करोड़ से ज्यादा खर्च किये जा रहे हैं। वहीं, तमाड़ स्थित ऐतिहासिक दिउड़ी मंदिर के विकास के लिए 7 करोड़ की योजना बन चुकी है। जल्द इसके विकास और सुंदरीकरण की आधारशिला रखी जायेगी।

**सामाजिक सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता :** सीएम ने कहा कि जब तक लोग सामाजिक रूप से सुरक्षित नहीं होंगे, तब तक राज्य का सर्वांगीण विकास संभव नहीं होगा। यही वजह है कि हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है। अब राज्य के हर बुजुर्ग व विधवा-परित्यक्ता और दिव्यांगों को पेंशन दे रहे हैं। राज्य में शिक्षा की बेहतरी के लिए सरकार कई कदम उठा रही है। इसी कड़ी में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का उद्घाटन किया गया। अब सरकारी स्कूलों के बच्चे भी निजी विद्यालयों की तरह अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर अपना बेहतर भविष्य बना सकेंगे।

उन्होंने कहा कि पहले सिर्फ कागजों पर विकास होता था। अब धरातल पर योजनाएं उतर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी संवेदना के साथ कार्य कर रही है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिये हैं कि गरीब, दलितों, किसानों, मजदूरों, वंचितों, अल्पसंख्यकों समेत सभी समुदाय और वर्ग के हित में कार्य करें। (शेष पेज 11 पर)

# क्रेमलिन पर ड्रोन अटैक कर पुतिन की हत्या की कोशिश

रूस का दावा- दोनों ड्रोन मार गिराये, ऐसा बदला लेंगे दुनिया देखेगी



एजेंसी

**मास्को।** रूस ने यूक्रेन पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। रूस का कहना है कि यूक्रेन ने पुतिन की हत्या करने के लिए राष्ट्रपति आवास क्रेमलिन पर ड्रोन से हमला किया, हालांकि, इस हमले में पुतिन को कोई नुकसान नहीं हुआ है। वह पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हमने दो ड्रोन को मार गिराया है। रूस ने इसे आतंकवादी हमला करार दिया और कहा कि इसका ऐसा बदला लेंगे कि दुनिया देखेगी। रूस ने ऐलान किया है कि वह इस हमले का बदला लेने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र है। अभी तक किसी भी देश ने राष्ट्राध्यक्षों या उनके कार्यालयों को निशाना नहीं बनाया था। ऐसे में आशंका है कि रूस-यूक्रेन युद्ध जल्द ही निर्णायक रुख ले सकता है। क्रेमलिन मीडिया के मुताबिक, इस हमले के बाद पुतिन नोवो-ओगारेवो में अपने आवास में बने बंकर से ही काम करेंगे। हालांकि उधर यूक्रेन ने ड्रोन से हमले से इनकार किया है।

रूस ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि पुतिन की हत्या के प्रयास में क्रेमलिन पर कल रात दो ड्रोन से हमले किये गये जिसे हमने मार गिराया है। क्रेमलिन का कहना है कि नौ मई को विक्ट्री डे परेड से पहले हमले की कोशिश की गयी है। पुतिन पर ड्रोन से हमले की कोशिश हुई, लेकिन कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हमें जवाबी कार्रवाई का अधिकार है। ड्रोन हमले के बावजूद नौ मई को होने वाली विक्ट्री डे परेड तय समय पर होगी। (शेष पेज 11 पर)

### जवाबी हमले की तैयारी में रूस

रूस, यूक्रेन के ड्रोन हमले का जवाब देने की तैयार कर रहा है। रूस के राष्ट्रपति भवन के प्रेस सचिव ने बयान जारी कर बताया कि रूस को जब भी और जहां भी हमले का मौका मिलेगा, वह हिसाब बराबर करेगा। रूस का कहना है कि यह आतंकवाद की सुनियोजित साजिश थी, जिसका मकसद पुतिन की जान लेना था। इस ड्रोन हमले के बावजूद नौ मई को रूस में होने वाली परेड स्थगित नहीं होगी। वहीं, मॉस्को के मेयर ने ड्रोन की उड़ान पर बैन लगा दिया है। रूस के क्रीमिया से सांसद मिखाइल शेरेमेट ने क्रेमलिन पर हमले के बाद मांग की है कि कीव में जेलेंस्की के आवास पर भी मिसाइल अटैक किया जाये।

**यूक्रेन का हमले से इनकार :** पुतिन की हत्या की साजिश रचने के रूस के आरोपों पर यूक्रेन का कहना है कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। यूक्रेन ने इस हमले में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है। राष्ट्रपति जेलेंस्की के प्रेस सचिव ने कहा है कि हमें क्रेमलिन पर रात में किये गये इन तथाकथित हमलों की कोई जानकारी नहीं है।

# बन्ना गुप्ता ने सरयू राय को भेजा मानहानि का नोटिस

### विवाद और गहराया



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के बीच विवाद अब और गहराता जा रहा है। बन्ना गुप्ता ने कथित अश्लील वीडियो और अवैध हथियार के आरोपों पर सरयू राय को लीगल नोटिस भेजा है। बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री ने अपने अधिवक्ता प्रकाश झा के माध्यम से जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय को मानहानि का नोटिस भेजा है। उनका कहना है कि सरयू राय ने झूठा-फर्जी वायरल वीडियो और कथित प्रतिबंधित पिस्टल रखने का आरोप लगाया है। यह दूसरी बार है, जब बन्ना गुप्ता ने सरयू राय पर मानहानि का केस दर्ज कराया है। इससे पहले उन्होंने प्रोत्साहन राशि के झूठे आरोप के जवाब में सरयू राय पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था, जो न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

### बन्ना को कोर्ट ले जाना चाहिए मामला : सरयू

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के नोटिस पर विधायक सरयू राय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के वकील ने मुझे वकालती नोटिस भेजा है, मैं यह नोटिस और भारत सरकार का सर्कुलर संलग्न कर रहा हूं। सर्कुलर की अंतिम कंडिका पढ़कर कोई भी समझ जायेगा कि ग्लॉक का 44 और 21 दोनों प्रतिबंधित हैं। यह जिसके पास है, उससे जब्त कर सरकारी मालखाना में जमा करने का निर्देश है। उल्लेखनीय है कि निर्माता कंपनी काउंटर मेजर टेक्नोलॉजी का देश में एक ही डीलर है, कोलकाता का जे विश्वास एंड कंपनी। वकालती नोटिस में बाकी जो बातें कही गयी हैं, वे गलथेथरई हैं। ऐसी नोटिस की जगह कूड़ेदान में है। उन्होंने कहा कि जहां तक इसके पहले मानहानि मुकदमे की बात है तो मुझे कोर्ट का नोटिस नहीं मिला है। मैं इंतजार कर रहा हूं कि नोटिस आये। मुझे कोर्ट के सामने अपनी बात रखने का मौका मिले, ताकि मैं कोर्ट को बता सकूं कि ये जो करते और कहते रहते हैं उसके अनुसार इनका कितना मान है और इसमें इनकी कितनी मानहानि हुई है।

**लगाते हैं बेबुनियाद आरोप :** बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरयू राय अक्सर मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाते हैं। इससे उनकी छवि खराब हो रही है। ऐसे दुष्प्रचार में वे अपने सोशल मीडिया के ट्विटर और फेसबुक अकाउंट का भी इस्तेमाल करते हैं। (शेष पेज 11 पर)

### कोल इंडिया के नये चेयरमैन होंगे पीएम प्रसाद



**रांची/ नयी दिल्ली।** कोल इंडिया के नये चेयरमैन सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद होंगे। इस पद के लिए लोक उद्यम चयन बोर्ड ने तीन मई को इंटरव्यू के बाद उनके नाम की अनुशंसा कर दी। इंटरव्यू के लिए सात अधिकारियों को शॉट लिस्ट किया गया था। इसके रेस में ब्यूरोक्रेट और टेक्नोक्रेट दोनों थे। वर्तमान चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल का कार्यकाल 30 जून, 2023 को समाप्त हो रहा है। श्री प्रसाद एक जुलाई को पदभार ग्रहण करेंगे।

# छवि रंजन से आज फिर होगी पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में रांची के पूर्व डीसी आइएएस छवि रंजन से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) गुरुवार को पूछताछ करेगी। इडी ने छवि रंजन को नोटिस भेजा है। इसमें छवि रंजन को सुबह 11 बजे इडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा गया है। इससे पूर्व इडी ने छवि रंजन को एक मई को इडी ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था। हालांकि इडी द्वारा बीते 28 अप्रैल को भेजे समन में छवि को चार मई को ईडी ऑफिस में उपस्थित होने को कहा गया था। इससे पूर्व 24 अप्रैल को भी उनसे पूछताछ की गयी थी। (शेष पेज 11 पर)

### आर्मी जमीन घोटाला | इडी ऑफिस में आमने-सामने हुई थी पूछताछ



इडी ने गत 24 अप्रैल को छवि रंजन से सेना के कब्जेवाली जमीन की खरीद बिक्री में उनकी भूमिका से संबंधित सवाल आरोपियों को सामने बिठा कर किया था। इसके बाद उनके खिलाफ बड़गाईं के अंचल अधिकारी मनोज कुमार द्वारा लगाये गये आरोपों के बारे में पूछा गया था। सीओ मनोज कुमार ने पूछताछ में इडी को बताया था कि उसे प्रदीप बागची द्वारा अंचल कार्यालय में जमा किये गये दस्तावेज पर संदेह था। लेकिन छवि रंजन के दबाव व दंडित करने की धमकी देने के बाद प्रदीप बागची के पक्ष में रिपोर्ट भेजी गयी। इसके बाद जमीन की रजिस्ट्री हुई थी। छवि रंजन ने इन आरोपों का खंडन किया और सेना की जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में सीओ सहित वहां के कर्मचारियों को दोषी बताया था। जमीन की खरीद बिक्री के सिलसिले में गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों से आमने-सामने पूछताछ के दौरान इडी के सवालों में उलझ गये थे। छवि रंजन ने कुछ सवालों के जवाब में टाल मटोल और कुछ में चुप्पी साध ली थी।

# बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक को रौंदा, तीन की मौत

- बुढ़मू में हुआ हादसा, सभी एक ही परिवार के थे

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुढ़मू।** ठाकुरगांव-बुढ़मू थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के अनुसार बुढ़मू थाना क्षेत्र के हेंदाग के रहने वाले आश्रम मुंडा (35), संगीता देवी (30), रानी कुमारी (30) की बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं विशाल मुंडा (6), शिवानी कुमारी (9), चंदा कुमारी (8) घायल हो गयीं। जानकारी के अनुसार सभी लोग बाइक से एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान हेंदगीर, परसा बेड़ा के बीच मुख्य सड़क पर एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। दोनों वाहनों की टक्कर इतनी जोदार थी कि घटनास्थल पर ही तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। आनन-फानन में सभी घायलों को एंबुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू लाया गया।

# चंदवा में वृद्ध दंपती की हत्या

- डायन बिसाही के मामले में पीट-पीटकर मार डाला, 13 आरोपी जेल भेजे गये

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** चंदवा थाना के लाधुप पंचायत के हेसला में दूसरे गांव हेसालोंग से आये ओझा पाहन धीरज मुंडा व हेसला पाहन बुतरू मुंडा के बहकावे में आकर आक्रोशित भीड़ ने मंगलवार रात गांव के अखरा में एक वृद्ध दंपती की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी। भीड़ ने शिबल गंझू व बवनी देवी की इतनी पिटाई की कि दोनों ने दम तोड़ दिया। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पुत्रवधू बसंती देवी भी आक्रोशित भीड़ की पिटाई से घायल हो गयी। वह किसी प्रकार जंगल में भागी व पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद बुधवार सुबह चंदवा थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महज 12 घंटे में 13 अभियुक्तों को जेल भेज दिया।

### कभी-कभार झाड़-फूंक करना पड़ा महंगा

ग्रामीणों को शक था कि दोनों पति पत्नी डायन बिसाही करते हैं। इससे ग्रामीणों को नुकसान हो रहा है। उन्हें शक था कि दंपती ने कई युवकों को जादू टोना कर मार डाला है। फिलहाल पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर पूरे मामले की छानबीन कर रही है। हेसला गांव के सिबल गंझू और उसकी पत्नी बुधनी देवी अपने परिवार के साथ गांव में रहकर खेती बाड़ी का काम करते थे। सिबल गंझू कभी कभार झाड़-फूंक भी किया करता था। कुछ दिन पूर्व गांव के दो लड़कों की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी थी। ग्रामीणों को शक था कि ओझा गुनी के कारण है दोनों लड़कों की मौत दुर्घटना में हुई है।

नेता प्रतिपक्ष मामले में हाइकोर्ट सख्त, कहा

# एक सप्ताह में निर्णय लें नहीं तो हाजिर हों सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने एक हफ्ते के अंदर हल निकालने के निर्देश दिये हैं। कोर्ट का कहना है कि अगर एक सप्ताह में मामले का हल नहीं निकलता है तो विधानसभा अध्यक्ष के सचिव को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होकर मामले की जानकारी देंगे। अगली सुनवाई 11 को होगी। नेता प्रतिपक्ष का पद खाली होने से राज्य के सूचना आयोग, महिला आयोग समेत अन्य आयोगों में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले की सुनवाई में कोर्ट ने उक्त आदेश दिया। कोर्ट ने सचिव को निर्देश दिया कि वे विधानसभा स्पीकर के समक्ष एंटी डिफेक्शन (दलबदल) के लंबित मामले की बात को रखें, ताकि दलबदल मामला एक सप्ताह में निष्पादित हो सके। (शेष पेज 11 पर)

# समलैंगिक विवाह : केंद्र ने कहा- समिति बनायेंगे

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जायेगा। यह समिति समलैंगिक जोड़ों की कुछ चिंताओं को दूर करने के लिए प्रशासनिक कदम उठायेगी। हालांकि यह समिति उनकी शादी को वैध बनाने के मुद्दे पर विचार नहीं करेगी।

केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में यह कहा। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ समान-लिंग विवाह को कानूनी मान्यता देने की याचिका पर सुनवाई कर रही है। इस पीठ में न्यायमूर्ति एस के कौल, एसआर भट, हेमा कोहली और पी एस नरसिम्हा भी शामिल हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर सकारात्मक है।

उन्होंने पीठ के सामने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि इसके लिए एक से अधिक मंत्रालयों के बीच समन्वय की आवश्यकता होगी। मामले में सुनवाई के सातवें दिन मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ता अपने सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता सरकार को सुझाव दें कि इस संबंध में क्या प्रशासनिक कदम उठाये जा सकते हैं।



- 27 अप्रैल को इस मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने केंद्र से पूछा था कि क्या समलैंगिक जोड़ों को बिना कानूनी रूप से मान्य शादी के सामाजिक कल्याण लाभ दिया जा सकता है? अदालत ने केंद्र से यह सवाल यह समझने के बाद किया था कि केंद्र सरकार सेम सेक्स रिलेशनशिप को वैध मानती है। जिसके तहत सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह सेम सेक्स रिलेशनशिप में रहने वाले लोगों को होने वाली सामाजिक परेशानी को दूर करने के लिए जरूरी कदम उठाये। कोर्ट ने अपनी समीक्षा में कहा था कि समाजिक सुरक्षा इस तरह के रिलेशनशिप में रहने वाले लोगों का मौलिक अधिकार और सरकार का 'संबंधित कर्तव्य' है।

# आंगनबाड़ी सेविका का टुकड़ों में मिला शव

### रेबिका हत्याकांड जैसा मामला : 27 अप्रैल से लापता थी मालोती सोरेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** एक बार फिर रेबिका हत्याकांड जैसा मामला सामने आया है। इस बार बोरियो के चटकी गांव के जंगल से लापता आंगनबाड़ी सेविका का नौ टुकड़ों में शव मिला है। इस मामले में पुलिस मृतक के पति और उसकी दूसरी पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आंगनबाड़ी सेविका मालोती सोरेन 28 से लापता थी। पुलिस ने घने जंगल से बुधवार को कई टुकड़ों में मानव अंग बरामद किया। अंगों की पहचान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सलखु चंद्र हांसदा ने की है। बरामद मानव शरीर के नौ अंगों में सिर, सड़ा हुआ ब्रेन, निचला जबड़ा, फेफड़ा, पेट, लिवर, बाल एवं हाथ के हड्डी का टुकड़ा शामिल है।

**झाड़ियों में खून से सने सामान मिले थेः** इससे पूर्व मंगलवार की देर शाम पुलिस ने चटकी गांव के बाहर झाड़ियों से खून से सने हुए ब्लाउज, नाइटी, पेटिकोट, चांदी का माला और बाइक की चाबी आदि बरामद किया था। मृतक की बहन रानी सोरेन ने कपड़े एवं अन्य सामान की पहचान की है। इसके बाद शव मालोती के होने की मानी। पुलिस मृतक के पति तलु किस्कू और उसकी दूसरी पत्नी बाहा मुर्मू को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं, मृतक की छोटी बहन रानी सोरेन ने बताया है कि मालोती 27 अप्रैल से लापता थी। 30 अप्रैल को थाने में लिखित आवेदन देकर गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में दो मई को ग्रामीणों ने कुत्तों को मानव शरीर के कुछ अंगों को खाते देख कर इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस हरकत में आकर देर शाम गांव पहुंची। अंधेरा होने के कारण अंगों को ढूंढ़ने में असफल रही, लेकिन पुलिस को महिला का खून लगा हुआ कपड़ा मिल गया।पुलिस ने मृतका के पति तलु किस्कू और उसकी दूसरी पत्नी बाहा मुर्मू को हिरासत में लेकर पूछताछ करने लगी।

# सांसद सांस्कृतिक महोत्सव रांची को देगा एक नया आयाम : संजय सेठ

## 5 से 7 मई तक आयोजन, अब तक 2500 से अधिक कलाकारों ने जमा किये फॉर्म

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा है कि पांच से सात मई तक रांची में सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सांसद श्री सेठ बुधवार को आड्रे हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सांसद सांस्कृतिक महोत्सव रांची को एक नया आयाम देगा। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने इस महोत्सव में रुचि दिखाई है।

रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय इस महोत्सव में हटिया, सिल्ली, खिजरी, ईचागढ़ और कांके विधानसभा क्षेत्र से प्रतिभागी भाग लेंगे। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम चार स्थानों पर आयोजित की जायेगी। इसमें आर्यभप्त ऑडिटोरियम, रांची यूनिवर्सिटी मोराबादी, ऑड्रे हाउस, मयूरी ऑडिटोरियम् श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि



महोत्सव का उदघाटन पूर्व सीएम रघुवर दास पांच मई की संध्या चार बजे करेंगे। अभी तक कुल 2500 कलाकारों ने महोत्सव में भाग लेने के लिये आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सुदेश महतो उपस्थित रहेंगे। वही दूसरे दिन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन व पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कडिया मुंडा की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। महोत्सव के समापन के अवसर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश मौजूद रहेंगे।

उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक महोत्सव में 10 विधाओं की प्रतियोगिता होगी। इसमें नवोदित कलाकार अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही प्रतियोगिता के अलावे प्रतिदिन शाम में झारखंड के प्रमुख कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति भी दी जायेगी। महोत्सव में महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, अनेकता में एकता, गुरु शिष्य परंपरा, स्वतंत्रता सेनानी, वसुधैव कुटुंबकम, तकनीकी नवाचार, प्राकृतिक खेती से जुड़े थीम पर भी प्रतियोगिता होगी। साथ ही, कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। इसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर पद्मश्री मुकुंद नायक ने इस कार्यक्रम को अनूठा कार्यक्रम बताया। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका है, जब कला और कलाकारों के प्रति किसी सांसद ने प्रेम दिखाया है। पदम श्री मधु मंसूरी ने कहा कि कलाकारों के लिये सांस्कृतिक महोत्सव रांची में पहला अवसर है। पूर्व सांसद राज्यसभा महेश पोद्दार ने महोत्सव की तैयारियों व अन्य विषयों की जानकारी दी।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सुरेंद्र महतो, गार्गी मलकानी, राजश्री जयंती, नरेंद्र सिंह, धीरज महतो, वरुण साहू, बलराम सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, नकुल तिर्की, रोमित नारायण सिंह, रवि सिंह आदि उपस्थित थे।

## गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे मंत्री हफीजुल हसन : दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने नेता प्रतिपक्ष मामले में उच्च न्यायालय के निर्देश का स्वागत किया है। श्री प्रकाश ने राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन एवं खेलकूद युवाकार्य मंत्री हफीजुल हसन के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के मंत्री संवैधानिक मयार्दाओं का उल्लंघन करते हुए गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं। दरअसल, मंत्री हफीजुल अंसारी ने एक समाचार पत्र में साक्षात्कार के माध्यम से अतीक अहमद जैसे कुख्यात अपराधी को महिमा मंडित किया है। कहा कि मंत्री के बयान से सरकार की मंशा ही उजागर हुई है। यह सरकार अपराध और अपराधियों के संरक्षण के साथ तुष्टिकरण में लिप्त है। यह कोई पहली बार नहीं है बल्कि मंत्री जी असंवैधानिक और गैर जिम्मेदाराना बयान देने के अभ्यस्त हो चुके हैं। उन्होंने 1932 की नियोजन नीति के संबंध में भी मंत्री के बयान को बेरोजगार नौजवानों को दिग्भ्रमित करने वाला बताया। कहा कि हेमंत सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर विधानसभा अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष मामले को उलझाया है।

## जल्द मिलेगा बीआरपी, सीआरपी को बढ़े मानदेय का तोहफा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीआरपी, सीआरपी एसएस संघ का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में लंबित समस्याओं के समाधान एवं सेवाशर्त नियमावली अविलंब लागू करने की मांग की गयी है।

प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह करते हुए सचिव को संज्ञान में दिया की परियोजना में सभी कर्मी का मानदेय वृद्धि एवं अन्य लंबित समस्याओं का समाधान कर दी गई है। सिर्फ बीआरपी-सीआरपी ही हैं, जिनका न मानदेय में वृद्धि हुई है और न ही सेवा शर्त नियमावली कैबिनेट से

### स्कूली शिक्षा सचिव ने संघ के सदस्यों को दिया भरोसा

अभी तक पास कराई गई है, जबकि विभागीय कमेटी चार माह पूर्व ही अपना निर्णय दे चुकी है। सचिव ने संघ के सदस्यों को आश्वस्त किया कि आप लोगों का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। कुछ कार्य बाकी है, जिसे अभिलंब पूरा कर लिया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, केंद्रीय उपाध्यक्ष जावेद अंसारी, रांची जिला अध्यक्ष जनक मुंडा, कमलकांत मेहता, कुमार सिकंदर एवं अन्य साथी उपस्थित थे।

## 7वें वेतनमान के अनुरूप संविदा कर्मियों को तय हुआ मानदेय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार में ग्रेड पे पा रहे संविदा के आधार पर कार्यरत कर्मियों के संविदा राशि का 7वें वेतनमान के अनुरूप नए सिरे से निर्धारण कर दिया गया है। कैबिनेट के फैसले के बाद बुधवार को वित्त विभाग ने इस संबंध में संकल्प जारी कर दिया है। उसका लाभ राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालयों में नियत संविदा राशि, एकमुश्त नियत राशि से कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर डाटा एंट्री ऑपरेटर सहित अन्य कर्मियों को मिलेगा, जो ग्रेड पे पा रहे हैं। इसकी मांग भी लंबे समय से राज्य सरकार से कर रहे थे। सभी कर्मियों को वेतन में भारी बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। जारी आदेश के अनुसार सप्तम वेतन पुनरीक्षण में स्वीकृत पे मैट्रिक्स में अनुमन्य किए गए इंट्री पे आधारित मानदेय दिया जाएगा। उपयुक्त एंट्री पे पर 34% महंगाई भत्ता दिया जाएगा। छठे वेतन पुनरीक्षण में स्वीकृत किए गए चिकित्सा भत्ता एवं परिवहन भत्ता जहां अनुमान में हो वहां इसका लाभ मिलेगा।

### शहरों के अनुरूप मानदेय निर्धारण

राज्य सरकार एवं संलग्न कार्यालय एवं राज्य के विभिन्न विभागों, कार्यालयों जहां परिवहन अनुमान्य है अर्थात राज्य के चार शहरों रांची, धनबाद,जमशेदपुर एवं बोकारो में संविदा पर नियुक्त एवं कार्यरत कर्मियों के लिए एकमुश्त संविदा राशि सातवां वेतनमान के अनुरूप लेबल के अनुसार तय की गयी है। वहीं, अन्य शहरों के लिए अलग से संविदा राशि तय की गयी है।

## आई बैंक को और प्रभावी बनाने की दिशा में करें कार्य : राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की अध्यक्षता में बुधवार को राजभवन में बिहार आई बैंक ट्रस्ट की बैठक हुई। राज्यपाल ने बिहार आई बैंक ट्रस्ट के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि इसे और प्रभावी बनाने की दिशा में समर्पित होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट आम जनमानस के हित में पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य करें, ताकि यह आई बैंक अपने कार्यों से गरीबों के लिए वरदान साबित हों। उन्होंने कहा कि इस आई बैंक के प्रति लोगों का विश्वास बना रहे, इसके लिये सभी ट्रस्टी समर्पित रहें। राज्यपाल ने सभी ट्रस्टी से कहा कि वे विजन के साथ कार्य कर मानव-कल्याण व परोपकार की दिशा में अन्य के लिए प्रेरणा का कार्य करें। बैठक में विकास आयुक्त-सह-अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग अरुण कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## हज तरबियत कैंप में 350 आजमीन ए हज ने पायी हज की ट्रेनिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची राहत वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में बुधवार को इस वर्ष हज पर जाने वाले हज यात्रियों की सहूलियत के लिए विशेष ट्रेनिंग कैंप का आयोजन पारसटोली निर्मला कॉलेज के समीप किया गया। सुबह 9:30 से शाम 4 बजे तक चले इस हज ट्रेनिंग कैंप की शुरुआत तिलावत-ए-कुरान से की गई।

कैंप मे इटकी के मशहूर वा मारूफ ट्रेनर हाजी कैसर साहेब ने आजमीने हज को ट्रेनिंग दिया। कैंप मे इस वर्ष हज पर जाने वाले 350 आजमीन-ए-हज ने हिस्सा लिया। ट्रेनिंग कैंप मे महिलाओं के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई थी। मौके पर ट्रेनर हाजी कैसर ने हज के दौरान सारे अराकान कैसे पूरा करे उसकी पूरी जानकारी हाजियों को दी। राहत वेलफेयर सोसाइटी के मो



अशरफ करीम ने बताया कि इस वर्ष हज पर जाने वालो की संख्या अधिक है। इसमें काफी सख्या मे महिला पुरुष एवं बच्चे भी शामिल होंगे। अतः इस वर्ष हज पर जाने वाले हाजी कैसे आसानी से अराकान पूरा करे इसकी पूरी जानकारी दी गई। बता दें कि इस वर्ष 21 मई से रांची से जेद्दा के लिए हज यात्रा शुरू होने जा रहा है। वहीं, इस वर्ष पूरी दुनिया से 30 लाख हज यात्री हज के लिए मक्का शरीफ पहुचेंगे। मौके पर कमेटी के मो महमूद आलम ने बताया कि पिछले 14 वर्षों से राहत वेलफेयर सोसाइटी के जानिब से हाजियों के लिए विशेष ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। ट्रेनिंग कैंप के दौरान हज पर जाने वाले हाजियों को कमेटी के जानिब से हज किट भी दिया गया।

प्रोग्राम की जानकारी राहत सोसाइटी के सदर महमूद आलम और मो. अशरफ करीम, अली मुजामा ने दी। वहीं नौजवान कमिटी पारसटोली ने राहत सोसाइटी के साथ मिल कर तरबियत कैंप को सफल बनाया।

### मरहबा ह्यूमन सोसायटी का हज ट्रेनिंग कैंप 7 को

**रांची।** मरहबा ह्यूमन सोसायटी की बैठक बुधवार को सोसायटी के सदर हाजी नूर अहमद की अध्यक्षता में उन्हीं के आवास पर हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 7 मई को मेन रोड स्थित तस्लीम महल परिसर में सोसायटी की ओर से हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस हज ट्रेनिंग कैंप में हज पर जाने वाले आजमीन-ए-हज को हज से संबंधित तमाम छोटी-बड़ी बातों की जानकारी दी जाएगी। इस हज ट्रेनिंग कैंप में इमारत ए शरिया के काजी-ए-शरीयत मुफ्ती अनवर कासमी आजमीन-ए-हज को हज से संबंधित तमाम बातों की जानकारी देंगे। उक्त जानकारी सोसायटी के सचिव नेहाल अहमद ने दी। उन्होंने बताया कि इस ट्रेनिंग कैंप में बैंक के अधिकारी आजमीन-ए-हज को सउदी करेंसी रियाल से जुड़ी जानकारी देंगे। इसके अलावा फायर ब्रिगेड के लोग आजमीन-ए-हज को बताएंगे कि यदि हज के दौरान किसी तरह अनहोनी होती है तो वे खुद को और हज के लिए आए अन्य आजमीए-ए-हज को सुरक्षा देने की दिशा में क्या पहल कर सकते है। इस ट्रेनिंग कैंप में महिला आजमीने हज के लिए भी विशेष व्यवस्था की गयी है। उपस्थित लोगो में सोसायटी के नायब सदर हाजी शाहिद, डॉ असलम परवेज, नैय्यर सहाबी, हाजी मूसा मल्लिक, आलम खान, शमशाद अनवर, अफशारुल आब्दीन, फिरोज आलम, परवेज अकरण, जहांगीर आलम, जियाउद्दीन साबरी, नजमुल आफरीन, शेख अनीस, कैसर एजाज व मो फारुक शामिल थे।

## राजधानी में कल से होगा तीन दिवसीय बांग्ला सांस्कृतिक मेले का आगाज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा तीन दिवसीय (5 मई से 7 मई) तक बांग्ला सांस्कृतिक मेले का आगाज होने जा रहा है। मेले का उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन करेंगे।

इसे लेकर आयोजन समिति के सदस्य सुप्रियो भप्ताचार्य ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मेले के मुख्य मंच का नामकरण बांग्ला कविता और नाटक के प्रथम रचयिता माइकल मधुसूदन दत्त के नाम पर किया गया है। उनके 200वें साल के जश्न का साक्षी रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम बनेगा। सुप्रियो ने कहा कि माइकल को पायोनियर ऑफ बंगाल लिटरेचर के नाम से जाना जाता है। संध्या 7 बजे आयोजन स्थल पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मेले के पहले दिन कोलकाता के डांस बाय डांसर गिल्ड के द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं कोलकाता की मौलाली रंगशिल्पी के द्वारा ड्रामा की प्रस्तुति होगी और संत कबीर का गान श्रोता सुन सकेंगे। इस मौके पर डॉ पंपा सेन विश्वास, सिद्धार्थ घोष और बिरेन चक्रवर्ती उपस्थित थे। 6 मई को विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो का आगमन बांग्ला सांस्कृतिक मेले में होगा। वहीं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश भी मौजूद रहेंगे। इस दिन कोलकाता के पंचम म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा बांग्ला आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति होगी, जबकि समापन कार्यक्रम में सूबे के मुखिया हेमंत सोरेन और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम मौजूद रहेंगे। इस दिन कोलकाता के पंकज नाटा के द्वारा कीर्तन, कार्तिक दास बाउल के द्वारा बाउल संगीत, नूर आलम के द्वारा बांग्ला सूफी और कोलकाता के डोहार बैंड की प्रस्तुति से मेले का समापन किया जाएगा।

### रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में रंगारंग कार्यक्रम के साथ ले सकेंगे बंगाली डिश का भी स्वाद

## नक्सलियों ने लगायी लकड़ी लदे ट्रक में आग

**खूंटी।** झारखंड के खूंटी जिले में नक्सलियों ने लकड़ी लदे ट्रक को आग के हवाले कर दिया। घटना सायको थाना क्षेत्र में हुई। हालांकि, खूंटी पुलिस का कहना है कि ट्रक में आग नक्सलियों ने लगाई या नक्सली की आड़ में अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है, इस मामले में पुलिस छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि जिले में अवैध लकड़ी लदे एक ट्रक और बाइक में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने आग लगा दी। आगजनी की इस घटना से इलाके में दहशत है। घटना कोटना जाने वाले मुख्य पथ पर बारुडीह जंगल में घटी है। जंगल में हुई आगजनी की इस घटना में ट्रक और बाइक पूरी तरह से जलकर राख हो गए। जानकारी के मुताबिक, ट्रक देर रात जंगल से अवैध लकड़ी लदा ट्रक तमाड़ के लिए निकला था, लेकिन रास्ते में ही घटना को अंजाम दे दिया।

## सिकिदरी में नाबालिग से गैंगरेप, चार गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में चार दरिंदों ने एक नाबालिग के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया। सिकिदरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में क्रमश मुशर्रफ अंसारी, फिरोज अंसारी,मेराज अंसारी व शनि मुंडा शामिल है। ग्रामीण एसपी मो नौशाद ने बताया कि नाबालिग कुच्चू में आयोजित मंडा मेले को देखकर अपने एक रिश्तेदार के साथ घर को लौट रही थी। उसी क्रम में चारों आरोपियों ने उसका पीछा किया। आगे जाकर उनलोगों ने नाबालिग और उसके रिश्तेदार को घेर लिया और डरा धमका कर रिश्तेदार को भगा दिया। इसके बाद आरोपियों ने नाबालिग के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया। घटना दो से तीन मई की सुबह तीन से चार बजे की है। सुबह में पीड़िता ने सिकिदरी थाना जाकर मामले की जानकारी थाना प्रभारी को दी। थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## खबर एक नजर में

### पंकज मिश्रा मामले में हुई कमलाकांत की गवाही

**रांची।** अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का मनी लाउंड्रिंग के आरोपी पंकज मिश्रा से जुड़े मामले में ईडी की ओर से पहला गवाह का बयान दर्ज किया गया है। बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के परियोजना पदाधिकारी कमलाकांत पाठक की गवाही दर्ज की गई, जो पूरी नहीं हो सकी। बचाव पक्ष गवाह का प्रति-परीक्षण कर रहा है। गुरुवार को भी सुनवाई जारी रहेगी। साहिबगंज में अवैध खनन मामले की जांच को लेकर गठित टीम में कमलाकांत पाठक सहयोगी के रूप में शामिल थे। साथ ही, मामले में ट्रायल फेस कर रहा पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश एवं बच्चू यादव की वीसी से पेशी की गई। मामले में पंकज मिश्रा व बच्चू यादव पर 27 जनवरी को एवं प्रेम प्रकाश पर तीन मार्च को आरोप तय किया गया था। पंकज मिश्रा बीते 19 जुलाई से जेल में है।

### जालसाजी का आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** बरियातू थाना पुलिस ने जालसाजी के आरोपी रिषी संघू को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कोर्ट ने नन वेलेबल वारंट जारी किया था। रिषि संधू मूल रूप से दिल्ली का रहनेवाला है। वह रांची में रहकर जमीन के नाम पर कई लोगों से लाखों की ठगी की है। ठगी के मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। गुरूवार को पुलिस उसे कोर्ट में पेश करेगी, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा।

## विशिष्ट हस्तियों का फिल्मी संग्रहालय बनाने की है योजना : सुशील अंकन

### अशोक पागल पर बनी फिल्म 'अमीबा से बिम्बिसार तक - प्रयोग और इतिहास की बेजोड़ गाथा' के पोस्टर का हुआ लोकार्पण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नाट्य गुरु अशोक पागल पर बनी फिल्म अमीबा से बिम्बिसार तक-प्रयोग और इतिहास की बेजोड़ गाथा के पोस्टर का लोकार्पण उनके जन्मदिवस के अमृत महोत्सव के अवसर पर बुधवार को संपन्न हुआ। इस फिल्म और धारावाहिक के निमार्ता निर्देशक मारवाड़ी कॉलेज के डिजिटल फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण विभाग के निर्देशक डॉ सुशील कुमार अंकन हैं।

डॉ अंकन ने बताया कि कला-संस्कृति और साहित्य-समाज सेवा से जुड़े अपने शहर के वरिष्ठ नागरिकों पर एक धारावाहिक का निर्माण 2009 से ही किया जा रहा है, जिसका नाम है अपने शहर का आदमी....। इस धारावाहिक



श्रृंखला के अंतर्गत अभी तक शहर के नौ विशिष्ट व्यक्तियों पर फि ल्म बनाई जा चुकी है। उन नौ व्यक्तियों में प्रभात ठाकुर (सितार वादक), डॉ श्रवणकुमार गोस्वामी (साहित्यकार), बलदेव नारायण ठाकुर (अभिनेता), तिनकौड़ी साहू (नागपुरी रेडियो कलाकार एवं लेखक), विद्याभूषण ( कवि एवं समीक्षक), प्रणति लाहिरी (रवीन्द्र संगीत साधिका), डॉक्टर गनौरी राम (कार्यक्रम अधिशासी-कृषि, आकाशवाणी) , चंद्रमोहन खन्ना (अभिनेता) और नाट्य गुरु अशोक पागल ( नाट्य लेखक, निर्देशक, अभिनेता, कवि एवं पत्रकार) शामिल हैं।

**इस तरह की फिल्म बनाने का उद्देश्य :** कला, संस्कृति, साहित्य, समाज सेवा से जुड़ी अपने शहर की कई हस्तियां हम से विदा हो गईं और उनके व्यक्तित्व, उनकी सृजनात्मकता, उनकी कला और सामाजिक योगदान को हम संरक्षित नहीं कर पाए। उनके जीवन वृत्त और योगदान को फिल्मों के माध्यम से सुरक्षित करना तथा आने वाली पीढ़ियों को उनके बारे में बताना ताकि वे भी इन्हें जान सकें और इस विरासत को अपने बाद की पीढ़ियों तक पहुंचा सकें, यही मूल उद्देश्य है इस धारावाहिक अपने शहर का आदमी.... के निर्माण का। यह धारावाहिक सार्थक सिनेमा निर्माण का उदाहरण है और साथ ही इतिहास लेखन का भी कार्य है। इन फिल्मों का महत्व बीस तीस पचास सालों के बाद शोधकर्ता विद्यार्थियों के लिए अधिक होगा। डॉ सुशील अंकन ने बताया कि ऐसी विशिष्ट हस्तियों का एक फि ल्मी संग्रहालय बनाने की भी उनकी योजना है।

अपने शहर का आदमी....धारावाहिक के सभी एपिसोड के प्रथम प्रदर्शन (प्रीमियर शो) की व्यवस्था जानी मानी इवेंट मैनेजमेंट कम्पनी कुछ खास इवेंट्स के उदय साहू ने अपने जिम्मे लिया है। उनका कहना है कि कला-संस्कृति के क्षेत्र में ऐसी फि ल्मों का निर्माण, सामाज के लिए प्रेरक और सार्थक कार्य है। पूरी दुनिया मे फैले यूथ हॉस्टल और रोमांचक खेलों के माध्यम से युवाओं से जुड़े हुए युथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के झारखंड स्टेट शाखा भी इस पूरी योजना से प्रभावित है और लगातार इसके प्रदर्शन की व्यवस्था में सहयोग कर रही है। इस अवसर पर सरदार कुलदीप सिंह दीपक, उदय साहू, शिवेंद्र नाथ दुबे, ईश्वरलाल राजप्रिय , नरेश प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, राकेश रमण, मिथिलेश पाठक सहित बड़ी संख्या में नाट्यकर्मी और कलाकार उपस्थित थे।

## सरकारी कर्मचारियों का डीए हुआ 42 फीसदी, आदेश जारी

### 4 प्रतिशत की हुई है बढ़ोतरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ गया है। इसमें 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इसका आदेश वित्त विभाग ने जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि केंद्र सरकार द्वारा अपने कर्मियों को 1 जनवरी, 2016 के प्रभाव से सप्तम वेतन पुनरीक्षण का लाभ के अनुरूप राज्य कर्मियों को योजना-सह-वित्त विभाग द्वारा 18 जनवरी, 2017 को संकल्प जारी कर सप्तम वेतन पुनरीक्षण अनुमान्य किया गया है। उक्त संकल्प की कंडिका-9 में केंद्र सरकार के अनुरूप महंगाई भत्ता अनुमान्य किया गया है।

आदेश में कहा गया है कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (व्यय) के 3 अप्रैल, 2023 के पत्र द्वारा केंद्रीय कर्मियों को पुनरीक्षित वेतनमान में 1 जनवरी, 2023 के प्रभाव से महंगाई भत्ते की दर को 38% से बढाकर 42% के रूप में स्वीकृत किया गया है। उपर्युक्त पृष्ठभूमि में केंद्र के अनुरूप राज्य कर्मियों को वर्तमान पुनरीक्षित वेतनमान में 1 जनवरी, 2023 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में संशोधन का राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है। इसके अनुसार सरकारी कर्मचारियों को 1 जनवरी, 2023 के प्रभाव से वेतन का 42% महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जाय। झारखंड सेवा सहिता के परिभाषित नियम-34 (ए) के अनुसार मूल वेतन पर महंगाई भत्ता देय है। हालांकि विशेष वेतन, वैयक्तिक वेतन इत्यादि पर देय नहीं होगा। प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति प्राप्त है।

# रघुवर दास के जन्मदिन पर गरीब बच्चों संग काटा केक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** संजय कुमार जयसवाल के नेतृत्व में बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास का जन्मदिन गरीब बच्चों संग केक काट कर किया गया। इसके पहले पहाड़ी मंदिर पर रघुवर दास के स्वस्थ्य जीवन के लिये पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद जरूरतमंदों के बीच फल का भी वितरण किया गया। श्री जायसवाल ने कहा कि रघुवर दास मजदूरों के मसीहा हैं। श्री दास के मुख्यमंत्रित्व काल में गरीबों व मजदूरों के लिये कई योजनायें शुरू की गयी थी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर रूगड़ी गढ़ा के दर्जनों गरीब महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। साथ ही, छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया गया और उनके बीच पठन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ललित नारायण ओझा, राजकुमार जयसवाल, शुभम कुमार जयसवाल, तरुण कुमार जयसवाल, जावेद सलीम, राजेश वर्मा, राजेश कुमार, कृष्णा कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# रांची सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को

## 45 बेंचों का हुआ है गठन, लोक अदालत की प्री काउंसिलिंग बैठक 12 मई तक चलेगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 मई को सिविल कोर्ट, रांची में होगा। लोक अदालत की प्री-काउंसलिंग बैठक जारी हैं, जो 12 मई तक चलेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की तैयारी भी जोरों पर हैं।

राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए 45 बेंचों का गठन किया गया है। लोक अदालत में पक्षकारों के बीच बातचीत कर मामलों को सुलह के आधार पर निष्पादन किया जाता है। ज्ञात हो कि आहूत लोक अदालत की सफलता के लिए 35,000 लोगों के बीच नोटिस भेजा जा चुका है।

डालसा रांची के सचिव ने यह जानकारी देते हुए लोक अदायलत के फायदे बताये। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में वाद का सुलभ निस्तारण होता है। कोई कोर्ट फीस नहीं लगता है। यदि कोर्ट फीस दे चुके है, तो वापस हो जायेगा। पक्षकार सीधे न्यायाधीश/जज से अपने मुकदमों की चर्चा कर सकते हैं। यह सुलभ और तुरंत न्याय पाने का साधन है।

इस क्रम में उन्होंने उन मामलों की भी जानकारी दी, जो रेफर हो सकते है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं विवाह से संबंधित मामलों को चिह्नित करके पक्षकारों को अधिक से अधिक नोटिस भेजे जा रहे हैं।

## रातू के कुंबाटोली में डालसा ने चलाया 'विधिक सेवा आपके द्वार' कार्यक्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची द्वारा रातू प्रखंड के कुंबाटेली. गांव में बुधवार को 'विधिक सेवा आपके द्वार' कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी के अधिवक्ता शिवानी सिंह, स्वीकृति विनया, पीएलवी पुष्पलता कुमारी, पम्मी देवी, सुनीता, पूनम एवं राजा वर्मा उपस्थित थे।

डालसा टीम के पीएलवी घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को जाना और समस्याओं के निबटारे के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन देने के लिए कहा।

इसके अलावा, डालसा के अधिवक्ता शिवानी सिंह एवं स्वीकृति विनया ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने को उपाय के संबंध में जानकारी दी गयी। ग्रामीणों को डालसा की तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में भी बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तनवीर अंसारी एवं नीतू देवी ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। इस प्रोग्राम के तहत लोगों 13 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी डालसा के पीएलवी ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं। इससे आपके समय व धन की बचत होगी।

# न्यूटन ट्यूटोरियल में जेइइ मेन के सफल छात्रों को किया गया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हरिओम टावर स्थित न्यूटन ट्यूटोरियल प्राइवेट लिमिटेड में फैसिलिटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें जेइइ मेन 2023 में सफल छात्रों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन संस्थान के शिक्षकों इमरान अली, प्रणव कुमार, पंकज कुमार, मदन मोहन, सलमान अली, चंदन कुमार के उचित मार्गदर्शन में किया गया। इस प्रोग्राम में लगभग 350 छात्र व अभिभावकगण मौजूद थे।

सम्मानित होने वाले छात्रों में अनन्या रैंक 270, अंकित कुमार रैंक 379, अनिकेत कुमार रैंक 1537, शिवम कुमार रैंक 1940, श्रुति सिंह रैंक 3078, विवेक रैंक 4890, यश कुमार रैंक 6245, निधि रैंक 6940, मनीषा रैंक 7175, मोहित कुमार रैंक 7518, शिवम मोदी रैंक 8845, सोनी रैंक 8585, प्रदीप रैंक 8544, पल्लवी कुमारी रैंक 9874, सर्वजीत राना रैंक 9955, आदित्य आर्यन रैंक 10874 आदि छात्रों ने विभिन्न पाठ्यक्रम द्वारा सफलता पायी। समारोह का संचालन प्रवीण कुमार, मदन मोहन एवं चंदन पांडे ने किया। कहा कि मेधावी छात्रों का धरोहर, अभिभावकों का अटूट विश्वास, आधुनिक शिक्षा व्यवस्था के साथ अनुशासित, सही मार्गदर्शन एवं गुणवत्ता संपन्न शिक्षण संस्थान न्यूटन ट्यूटोरियल प्राइवेट लिमिटेड पिछले 16 वर्षों से झारखंड एवं बिहार में अपना प्रति वर्ष के परिणाम देकर अपनी गुणवत्ता का परिचय देते आया है। इस संस्थान के प्रति अभिभावक एवं छात्र का एक अटूट विश्वास तथा संस्थान के तीन निदेशक इमरान अली, पवन कुमार एवं पंकज कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के प्रति समर्पण, उत्कृष्ट मार्गदर्शन देने वाली संपूर्ण रूप से स्थायी शिक्षकों की सेवा संस्थान को आज केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश भर में पहचान दिलायी है। प्रति वर्ष के परिणाम से इस वर्ष का परिणाम रांची के सभी संस्थानों से बेहतर रहा है। इस वर्ष कुल 215 छात्रों ने जेइइ एडवांस के लिए सफलता पायी है।

# झारखंडी जनता सरकार को भी अस्थायी व्यवस्था के तहत बाहर कर देगी : राजेंद्र

### मंत्री हफीजुल हसन के बयान पर बिफरे मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खेल एवं कला-संस्कृति विभाग के मंत्री हफीजुल हसन द्वारा नियोजन नीति 60- 40 को अस्थायी व्यवस्था बताने पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बिफर पड़े और कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि झारखंड सरकार भी अस्थायी व्यवस्था के तहत भले अपना कार्यकाल पूरा कर ले ,लेकिन आगे से झारखंडी जनता सरकार को अस्थायी व्यवस्था के तहत ही बाहर कर देगी।

प्रसाद ने कहा कि मंत्री को यह नहीं भूलना चाहिए कि हेमंत सरकार नियोजन नीति और स्थानीय नीति के नाम पर सरकार में आई थी। अब झारखण्डियों के साथ धोखाधड़ी कर रही है। ज्ञात हो कि मूलवासी सदान मोर्चा नियोजन नीति और स्थानीय नीति को लेकर शुरू से ही इमानदारी पूर्वक आंदोलन किया है और मुखर रहा है। प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री ,झारखण्ड राज्य के हित में 60- 40 की नियोजन नीति को तुरंत वापस लें।प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री अच्छे आदमी हैं, लेकिन कुछ लोग उनको गुमराह कर रहे हैं और उनके ट्रैक में मुख्यमंत्री फंस गए हैं। प्रसाद ने कहा जबतक सरकार अपनी नियोजन नीति नहीं बना लेती है तब तक संयुक्त बिहार में बने नियोजन नीति 3 मार्च 1982 को ही लागू करे, जो खतियान आधारित है। प्रसाद ने कहा कि संयुक्त बिहार में बने नियम कानून से झारखंड में बहुत सारे काम हो रहे हैं लेकिन नियोजन नीति के मामले में ऐसा नहीं हुआ। राज्यपाल द्वारा ओबीसी आरक्षण विधेयक लौटाने की बात मंत्री द्वारा कहे जाने पर राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि यदि सरकार ओबीसी का हितैषी है, तो अविलंब ओबीसी की जातीय जनगणना कराये।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनाया गया वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मीडिया एंड कम्युनिकेशन क्लब के छात्रों द्वारा सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के प्रांगण में वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे मनाया गया। मौके पर एक विशेष सभा आयोजित की गयी, जहां छात्रों ने मीडिया के महत्व पर अपने विचार साझा किये। उन्होंने प्रधानाचार्य श्रीमती परमजीत कौर का एक साक्षात्कार भी लिया, जहां उन्होंने महामारी के बाद की चुनौतियों, एनइपी 2020 और पाठ्यक्रम में बदलाव के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को उन कौशलों से भी अवगत कराया, जो उन्हें एक अच्छा वक्ता बनने के लिए विकसित करने होंगे।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रों को ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्होंने छात्रों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों के उल्लेखनीय प्रयासों की प्रशंसा की और उन्हें समाज के जिम्मेदार सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ आती है, इसलिए हमें इसका दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।

# गोस्सनर कॉलेज के रक्तदान शिविर में 92 यूनिट रक्त संग्रह



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज की एनएसएस इकाई व सदर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की ओर से बुधवार को महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें से कॉलेज के स्टूडेंट्स व फैकल्टी द्वारा स्वेच्छा से किये गये रक्तदान में कुल 92 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि रक्तदान नेक कार्य है, आपके प्रयास से किसी जरूरतमंद को नयी जिंदगी मिलती है। यह सेहत के लिए भी जरूरी है। रक्तदान से शरीर में आयरन की मात्रा नियंत्रित होती है। साथ ही, दिल की सेहत में भी सुधार होता है। सामाजिक कार्यकर्ता अतुल गेरा ने कहा कि रक्तदान से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह हमारे मस्तिष्क को क्रियाशील करने में सहयोग करता है।

## अग्रवाल सभा महिला समिति का समर कैंप 14 से

**रांची।** अग्रवाल सभा महिला समिति द्वारा अग्रसेन भवन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 से 16 मई तक तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैंप में कक्षा एक से कक्षा 10 तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम की संयोजिका रूपा अग्रवाल ने बताया कि यह समर कैंप शहर में आयोजित दूसरे कैंपों से बिल्कुल अलग होता है। बच्चों से टोकन के तौर पर बहुत कम शुल्क लिये जाते हैं। रांची के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा चित्रकला, हस्तकला, योगासन, जूडो कराटे, गायन, नृत्य , अभिनय, शतरंज एवं कैरम की प्रारंभिक जानकारी रोचक ढंग से दी जाती है, ताकि बच्चों के अंदर इनके लिए रुचि जागे और आगे चलकर वे अपने पसंद के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने की कोशिश करें। उन्होंने बताया कि समर कैंप सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक रहता है।

# इंटर स्कूल सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में दिल्ली पब्लिक स्कूल बना चैंपियन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इंटरनेशनल लाइब्रेरी एंड कल्चरल सेंटर ने बुधवार को इंटर स्कूल सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता कक्षा 9वीं-12वीं के छात्रों के लिए खुली थी। स्कूलों को तीन-तीन छात्रों की अपनी-अपनी टीम भेजने के लिए कहा गया था। प्रतियोगिता के लिए रिकॉर्ड 13 टीमों ने पंजीकरण कराया। क्विज दो चरणों में आयोजित की गई। प्रारंभ में एक लिखित प्रारंभिक दौर आयोजित किया गया था। मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई करने वाले शीर्ष छह स्कूल दिल्ली पब्लिक स्कूल, ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना, सरला बिड़ला पब्लिक स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, सुरेंद्रनाथ शताब्दी स्कूल और शारदा ग्लोबल स्कूल थे। क्विज मास्टर रवि शर्मा ने छात्रों को अच्छी तरह से सूचित और अच्छी तरह से तैयार पाया। श्री शर्मा, आईएलसीसी लाइब्रेरियन निवेदिता शर्मा द्वारा समर्थित, 7 राउंड में क्विज का संचालन किया, जिसमें एक ऑडियोविजुअल राउंड भी शामिल था। उन्होंने पौराणिक कथाओं, भूगोल, इतिहास, साहित्य, विज्ञान, संगीत और मनोरंजन जैसे विभिन्न विषयों को कवर किया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष रेखा मिश्रा ने किया। सांस्कृतिक समिति सदस्य प्रकृति जेरथ भी उपस्थित थीं।

**परिणाम : पहला पुरस्कार:** दिल्ली पब्लिक स्कूल (अब्दुल्ला रहमानी, आर्य मन थापा, चैतन्य तिवारी)। **दूसरा पुरस्कार:** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल (कुंदन कुमार उपाध्याय, मुकुंद नारायण, भाव्या सिंह)। **तीसरा पुरस्कार:** सरला बिड़ला पब्लिक स्कूल (मो. अम्मार अहमद, अथर्व गुप्ता, अभिषेक कुमार आयुष)।

## खबर एक नजर में

### चित्रकला कार्यशाला का किया गया आयोजन



**रांची।** कलाकृति आर्ट फाउंडेशन एवं कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन डोरंडा कन्या पाठशाला में किया गया। इस अवसर पर कलाकृति के छात्रों ने गौतम बुद्ध और उनके जीवन पर आधारित 50 से अधिक पेंटिंग बनायी। कलाकृति के निदेशक धनंजय कुमार ने बताया कि बच्चों में गौतम बुद्ध के जीवन उद्देश्य को जानने हेतु छात्रों के लिए चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर बच्चों के बनाये गये चित्रों की प्रदर्शनी भी बुद्ध पूर्णिमा (5 मई) को जैप 1 में बुद्ध टेंपल परिसर में आयोजित की जाएगी। सभी कलाकारों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस कार्यशाला में संस्था के रजनी कुमारी, अजय कुमार, आरती, कोमल, शिखा, अर्चना, ईशा, शीतल, रिंकी, खुशी, ऋतू, सोनम, सक्षम ,इन्शु, श्रेया आदि ने सहयोग किया।

### रिसालदार बाबा चुनाव कमेटी को प्रथम दिन मिले 14 आवेदन



**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा दरगाह चुनाव कमेटी ने मतदाता सूची के लिए आवेदन लेने का काम शुरू कर दिया है। आज पहला दिन बुधवार को चुनाव कमेटी को 14 आवेदन प्राप्त हुए। यह आवेदन 3 मई से 7 मई तक लिया जाएगा। रिसालदार बाबा मुसाफिरखाना में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन जमा किया जा सकता है। चुनाव कमेटी के अनुसार 7 मई तक आवेदन लिया जाएगा। 7 मई के बाद आवेदन की स्कूटनी का काम शुरू होगा। उसके बाद ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी किया जाएगा। चुनाव की तिथि वक्फ बोर्ड के आदेशानुसार घोषित किया जाएगा। ज्ञात हो कि वक्फ बोर्ड के आदेशानुसार दरगाह कमेटी ने 1 मई 2023 को एक बैठक बुलाकर चुनाव कमेटी की घोषणा की थी। उसके बाद चुनाव कमेटी कार्य कर रही है। मौके पर उपस्थित लोगो में चुनाव कमिटी के मो वसीम, सरफराज कुरैशी, शराफत हुसैन आदि शामिल थे।

### आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पांच वर्ष कैद

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एसएम शाहजाद की अदालत ने आत्महत्या के लिए उकसाने के जुर्म में चुटिया निवासी चंद्रमा सिंह उर्फ चंद्रमा यादव(50) को दोषी पाकर पांच साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, दोषी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त तीन महीने की साधारण कारावास काटनी होगी।

### बजरंग दल पर प्रतिबंध की घोषणा कांग्रेस का तुष्टिकरण : संजय पोद्दार

**रांची।** श्री महावीर मंडल, डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार व मंत्री पप्पू वर्मा ने कर्नाटक के चुनाव में कांग्रेस द्वारा घोषणा पत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध की घोषणा निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पीएफआई पर अपनी राय स्पष्ट करनी चाहिये। कांग्रेस पार्टी तुष्टिकरण के कारण सबसे निचले पायदान तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि देश में कोई विपदा हो या कोई सामाजिक कार्य सभी में बजरंग दल के कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर लोगों का सहयोग करते हैं।

# श्री गोपाल प्रभु के जयकारे के साथ मंदिर के पट खुले

## नवनिर्मित गौ परिक्रमा मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न करायी गयी प्राण प्रतिष्ठा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गौ माता सेवा समिति रांची द्वारा रांची गौशाला न्यास के सानिध्य में सुकरहुटू कांके गौशाला मे नवनिर्मित गो परिक्रमा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान संपन्न हुआ। श्री गोपाल प्रभु मंदिर में 5 दिनों तक चली इस धार्मिक अनुष्ठान में आचार्य शंकर लाल शास्त्री के द्वारा 11 पुरोहितों के संग पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा कराया गया।

बुघवार को भगवान श्री गोपाल प्रभु का अलौकिक श्रृंगार, अभिषेक, वस्त्र पूजन छप्पन भोग प्रसाद लगाया गया। मंदिर परिसर में लक्ष्मी स्वरूप गौ माता की पूजा- अर्चना की गयी। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत मंदिर के पट खुलते ही गौ माता का जयकारा व श्री कृष्ण के नारों से पूरा माहौल गुंजायमान हो गया। पूरा मंदिर परिसर मधुर भजनों से भक्तिमय हो उठा। श्री कृष्ण गौ माता के साथ विराजमान हुए। पूरा मंदिर का नयनाभिराम अलौकिक श्रृंगार किया गया। सामूहिक महाआरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कार्यक्रम में समिति के संरक्षक राजकुमार गाड़ोदिया, अध्यक्ष प्रमोद बजाज, सचिव मुकेश पोद्दार, प्रदीप राजगढ़िया, सुरेश जैन, प्रकाश काबरा, ओम छावनिका, दीपक सरावगी, संजय सर्राफ, विजय सुरेखा, सुरेंद्र अग्रवाल, ललित कुमार पोद्दार, अमर मोदी, सुरेश गोयनका, दिलीप जालान, प्रमोद सारस्वत, सज्जन पाड़िया, ललित पोद्दार, राजेंद्र अग्रवाल,पवन शर्मा, अरुण बुधिया, मुकेश काबरा, नवीन बरेलिया, विष्णु सोनी, निर्मल बुधिया, राजकुमार तोदी, बसंत मुरारका, अशोक गाड़ोदिया, रविकांत सुल्तानिया, मनोज बगड़िया, मनीष सोनी, सतीश तुलसियान, ओमप्रकाश छापरिया, रतन जालान, किशोरी लाल चौधरी, सज्जन सर्राफ, विजय सरायका, महेश पोद्दार, विक्रम खेतावत, राजकुमार अग्रवाल, अशोक लाठ सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं भक्तगण उपस्थित थे।

## अब विधायक 20 करोड़ तक के पुल निर्माण की कर सकेंगे अनुशंसा

**रांची।** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना से इस वित्तीय वर्ष 2023-24 से 20 करोड़ लागत तक की ग्रामीण पुल का निर्माण कराया जाएगा। विधायक अनुशंसा से ये पुल उनके विधानसभा क्षेत्र में बनाये जाएंगे। प्रत्येक विधायक अधिकतम 20 करोड़ तक की योजना की अनुशंसा कर सकते हैं। इस लागत में एक, दो या तीन पुल या इससे अधिक जितने भी पुल डीपीआर के अनुसार बने इसे स्वीकृत किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस आशय का निर्णय लिया है, जिसके बाद ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड ने सभी जिलों के उपायुक्तों और इंजीनियरों से विधायक अनुशंसा से ग्रामीण पुल निर्माण के लिए अनुशंसा भी मांगा है। यह आदेश विगत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भी लागू है।

स्पीड न्यूज

## टेंडर में झूलन के साथ मंडा पूजा का समापन

**रातू।** मनातू पंचायत के टेंडर गांव में भोक्ता झूलन के साथ ही परंपरागत मंडा पूजा का समापन हो गया। सोमवार की रात सैकड़ों भक्तों ने दहकते अंगारे में चल शिव आराधना की रश्म अदा की। छऊ नृत्य में हजारों की भीड़ उमड़ी। कलाकारों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। लोगों ने पूरी रात इसका लुत्फ उठाया। पूजा व झूलन के दौरान गांव की महिला व बच्चे उत्साहित नजर आये। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामेश्वर दयाल सिंह, बीरू दयाल सिंह, धीरज ठाकुर, कालीचरण मुंडा, शंकर उरांव, प्रभुदयाल मुंडा, मनोज सिंह, रामधन मुंडा, सुधीर उरांव, भुवनेश्वर गोप, विशेश्वर उरांव, सुकरा उरांव, निरंजन उरांव व मंटू उरांव आदि की खास भूमिका रही।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**इटकी।** इटकी पुराना थाना के समीप बुधवार की शाम हुई एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार तीन लोग घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल इटकी भगत मुहल्ला के राम प्रकाश भगत को बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया है। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल पर सवार तीनों युवक इटकी अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में पुराना थाना के पास मोटरसाइकिल असंतुलित हो गयी।

## सिल्ली-आरओबी पर बना गड्ढा दे रही दुर्घटना को दावत



**सिल्ली।** सिल्ली में आरओबी पर काफी दिनों से पुल पार एक बड़ा गड्ढा बन गया है। यह पुल को जोड़ने वाली सड़क के बीच इंसान होने से बना है। यह स्थिति काफी दिनों से है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगलवार की रात एक बाइक पर सवार दो लोग गढ्ढे में फंसकर गिर कर घायल हो गए। ज्ञात हो कि सिल्ली टाटा सड़क पार बने इस पुल पर वाहन काफी रफ्तार से गुजरती है।

## ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी



**सिल्ली।** सिल्ली थाना क्षेत्र के सिल्लीडीह गांव के लोगों ने बुावार को गांव से सिल्ली थाना तक एक जुलूस निकाला। जिसमें सिल्ली एवं गोमिया पुलिस के खिलाफ सड़क पर नारेबाजी की। लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर पुलिस होश में आओ, सिल्ली पुलिस गोमियां पुलिस होश में आओ के नारे लगाए सभी लोग ने थाना का गेट पर प्रदर्शन किया एवं पुलिस को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि सिल्ली एवं गोमिया पुलिस ने पिछले दिनों से सिल्ली डीह गांव के 2 लोगों को उठाकर गोमिया ले गई थी एवं मारपीट करके छोड़ दिया है। शरीर पर मारपीट के घाव भी है। ग्रामीण पुलिस की इस कार्रवाई का विरोा कर रहे हैं।

# सीएमपीडीआइ में नौकरी दिलाने के नाम पर 91.50 रु. लाख ठगे

**गोविंद नगर का है मामला**

## तीन पर प्राथमिकी, पुलिस कर रही है पड़ताल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/रातू।** राजधानी रांची से सटे रातू गोविंद नगर के 12 लोगों से नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये के ठगी की बात सामने आयी है। मामले को लेकर भुक्तभोगी रंजीत कुमार ने एक महिला समेत तीन के खिलाफ थाने में भादवि की धारा 406 व 420 के तहत कांड संख्या 181/23 दर्ज कराया है। इसमें मुहल्ले के संजय कुमार सिन्हा, पत्नी बबिता सिन्हा और पुत्र शुभम शौरभ शामिल हैं। बबिता सिन्हा ललित ग्राम स्थित साक्षी गारमेंट्स की प्रोपराइटर हैं। जानकारी के मुताबिक, संजय कुमार सिन्हा सीएमपीडीआई में कार्यरत्त हैं। पत्नी और पुत्र ने उन्हें बिना बताये मुहल्ले की महिलाओं से उनके बच्चे-बच्चियों को सीएमपीडीआई में नौकरी लगवा देने के नाम पर लाखों की वसूली कर ली। रंजीत कुमार से भी यूपीआई के जरिये 20 लाख रुपये लिये गये। निर्धारित समय के बीतने पर वह घर गया। दरवाजे में ताले लगे थे। भारी मशक्कत के बाद उसे चेक मिला, वह भी बाउंस हो गया।

### ऐसे हुआ भंडाफोड़

रंजीत ने उनके पड़ोसियों से आपबीती सुनायी। इस पर लोगों ने बताया कि उनसे भी रुपये लिये गये हैं। सभी भुक्तभोगी 17 अप्रैल को थाने पहुंचे। उन्होंने एसआई बादल दास को अर्जी देकर रुपये वापस दिलाने की गुहार लगायी। 18 को श्री दास ने संजय सिन्हा को थाने बुलाया। बबिता और शुभम भी आये। तीनों ने 15 दिनों के भीतर रुपये लौटने की लिखित सहमति जतायी। लेकिन, किसी को भुगतान नहीं किया।

### 12 लोग बने शिकार

आरोपियों ने 12 लोगों से करीब 91.50 लाख की ठगी की है। इसमें रूबी देवी 12 लाख, किरण कुमारी 4.50, अनिता देवी 12.40, एनिमा देवी 2 लाख, रंजीत गुप्ता 8 लाख, उमा देवी 3 लाख, किरण देवी 5.10 लाख, रेशमी कुमारी 5.50, ऊतम कुमार 4 लाख, अंशु देवी 25 लाख, रंजीत कुमार 20 और निशिकांत कुमार के 10 लाख शामिल हैं। इसके अलावा कई अन्य भी इसके शिकार हुये हैं।

## अनगड़ा में विधायक ने विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास

**अनगड़ा।** विधायक राजेश कच्छप ने बुधवार को प्रखंड के विभिन्न इलाकों में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। शिलान्यास के क्रम में विधायक ने सर्वप्रथम प्रखण्ड के अनगड़ा हुन्डरू मुख्य पथ से गाँधी ग्राम के हनुमान मंदिर होते हुए अमल बैठा के घर तक विधायक निधि से पीसीसी पथ निमार्ण कार्य का शिलान्यास किया। बीसा पंचायत में झारखण्ड 15 वें वित आयोग मद से स्वास्थ्य उपकेन्द्र निमार्ण कार्य का शिलान्यास एंव ग्राम कामता काड़बुदा में राजु के घर से स्कुल तक विधायक निधि से पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में मौके विधायक राजेश कच्छप के साथ अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## फ्लोरेंस की छात्रा को मिला गोल्ड मेडल

**ओरमांझी।** फ्लोरेंस कॉलेज की छात्रा रजनी ज्ञानलता बिलुंग को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा मास्टर इन नर्सिंग में गोल्ड मेडल पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग से शिक्षा प्राप्त कर यह उपाधि पाने वाले रजनी ज्ञानलता विलुंग को निदेशक डा० शाहीन कौशर, सचिव जीनत कौशर डा० नाजनीन कौशर, प्राचार्या प्रमिला बाक्सला, उप प्राचार्या विनिशा टी बन्श्रीयार, शिक्षक व छात्र-छात्राओं हर्ष जताते हुए बधाई दी । रांची विश्वविद्यालय द्वारा 36वां दीक्षांत समारोह में फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्रा रजनी ज्ञानलता बिलुंग को राज्यपाल द्वारा गोल्ड मेडल व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया है।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in / संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।


# गैस सिलेंडर में आग लगने से चार लाख का सामान जला



खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** थाना क्षेत्र के मांडर बाजार टांड़, निवासी रकीब खान उर्फ डब्लू के घर में बुधवार सुबह दस बजे गैस सिलेंडर से आग लगने से मकान के अंदर रखा नगद सहित करीब चार लाख रुपये का सामान जल कर खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह करीब दस बजे रकीब खान की नौ साल की बेटी घर के अंदर गैस चूल्हा में पानी गरम करने के लिए गैस जला रही थी, इसी दौरान सिलेंडर में अचानक आग लग गयी और देखते ही देखते पूरे कमरे में फैल गयी। गनीमत रही की आग लगते ही बच्ची कमरे से दौड़कर बाहर निकल गयी। आग इतनी जबरदस्त थी कि मकान के एक हिस्से का छत भी क्षतिग्रस्त हो गया। बाद में अगल बगल के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब तक मकान के अंदर जो कुछ भी था जल चुका था। मकान मालिक रकीब खान के अनुसार आग लगने से घर में रखा करीब 60 हजार नगद सहित एक डेस्क टॉप, लैपटॉप, कपड़ा, सिलाई मशीन, टीवी, फर्नीचर, सोफा , घर में रखा सारा अनाज व अन्य जरूरी सामान जलकर खाक हो गया।

## ओरमांझी के मतातू में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा आयोजित

# नशामुक्त समाज निर्माण में शिक्षा महत्वपूर्ण



मुख्य अतिथि अर्चित आनंद को सम्मानित करते श्री वत्सजी महराज।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के मतातू में सात दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रूद्रामहायज्ञ समारोह व संगीतमय श्रीमद्भागत महापुराण कथा में प्रतिदिन काफी संख्या में भक्त गण पहुंच रहे हैं। अयोध्या के प्रवचनकर्ता श्री वत्सजी महराज ने महापुराण कथा के दौरान महाराज ध्रुव की प्रसंग सूनाई और कहा जिस प्रकार ध्रुव की माता सूचिता ने ध्रुव के श्रेष्ट ज्ञान प्राप्ति के लिए अपने पुत्र का त्याग कर दी थी। उसी प्रकार अपने पुत्रों के ज्ञान के लिए माता पिता का भी पुत्रमोह त्याग देना चाहिए। उन्होने ज्ञान से लाभ का वर्णन करते हुए कहा किसी भी मनुष्य के जीवन में ज्ञान का महत्वपूर्ण स्थान है। ज्ञान माता-पिता व समाज के साथ खूद का भी मान बढाने में सहयाक होते हैं। ज्ञान बुराई से दूर संस्कार की मार्ग प्रसस्त करती है। उन्होने लोगों से नषापान त्याग करने व ज्ञान प्राप्त करने का अहवान किया और कहा नशामुक्त समाज निर्माण में शिक्षा महत्वपूर्ण है। उन्होने पक्षिमी सभ्यता व भारतीय सभ्यता की तुलना की और कहा पक्षिम में ग से गधा व भारत में ग से गाय होती हैं। अपने बच्चों को गधा नही गाय की शिक्षा देने के लिए संस्कारयुक्त शिक्षा देना जरूरी है। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा सनातन धर्म संस्कृति में ईष्वर के प्रति विष्वास, संस्कार व देषप्रेम की भावना उत्पन्न करती हैं। वहीं समिति के अध्यक्ष बिशेष्वर महतो धार्मिक आयोजन में सहयोग करने वाले अतिथियों व सदस्यों के प्रति अभार जताया गया।

**कार्यक्रम में उपस्थित हुए :** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवशिष्य परिवार के अर्चित आनंद, जिप सदस्य सरिता देवी, मुखिया सुफल महली, मुख्यसंरक्ष बैजनाथ महतो, समाज सेवी सत्यनारायण तिवारी, उमाशंकर साहू, दुगार्शकर साहू, दुबराज महतो, अजय , समिति के सचिव बंगाली करमाली, सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थें।


JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel - I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com

**CORRIGENDUM-IV**
**Selection of System Integrator for Upgradation, Operation and Maintenance of Jharkhand State Data Centre 2.0 (JHSDC 2.0)**
**Tender Ref No. JAPIT/JH-SDC2.0/01/2023**
With reference to the above tender, it is hereby informed Corrigendum IV can be downloaded from the Jharkhand e-Procurement Portal (https://jharkhandtenders.gov.in) other terms and conditions will remain same.
**PR Ref No. 289890**
Sd/-
CEO, JAP-IT
PR 296449 (Information Technology)23-24*D

कार्यालय
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़
राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर
गोला रोड, रामगढ़ कैंट
ई मेल :- ssa_ramgarh@rediffmail.com
फोन नं0/फैक्स नं० - 06553-231133,

**सूचना**

रामगढ़ जिला अंतर्गत मान्यता प्राप्त तथा गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों द्वारा बार-बार स्मारित करने के बावजूद ई-विद्यावाहिनी अंतर्गत U-DISE Mandatory Data का प्रविष्टि का कार्य पूर्ण नहीं किया गया। विदित हो कि RTE Act 2009 की धारा 12(1)(च) के अनुसार सभी प्रकार के विद्यालयों को ससमय भारत सरकार/सक्षम प्राधिकार को आंकड़ा उपलब्ध कराना अनिवार्य है। उक्त विद्यालयों के सभी प्रधानाध्यापक को अंतिम रूप से स्मारित करते हुए निदेश दिया जाता है कि दिनांक-09.05.2023 तक आवश्यक रूप से ई-विद्यावाहिनी अंतर्गत U-DISE Mandatory Data का त्रुटि रहित प्रविश्टि का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समयावधि में प्रविश्टि का कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के मान्यता रद्द करने तथा गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों का U-DISE Code रद्द करने हेतु नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, रामगढ़

PR296463 (District)23-24*D


# संजय जोशी पहुंचे वर सिद्धि विनायक मंदिर



खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** प्रखण्ड के गुटूवा स्थित वर सिद्धि विनायक मंदिर पहुंचे बुधवार को भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय जोशी। यहां पहुंचते ही जिप सदस्य आशुतोष तिवारी की अगुवाई में फुल- माला से जोर दार स्वागत किया गया। तत्पश्चात उन्होंने पूजा अर्चना के बाद क्षेत्र की स्थिति को लेकर अन्य लोगों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श कर इस क्षेत्र की खूब तारीफ किया और कहा यह स्थान मंदिर के अनुकूल है । मंदिर के अध्यक्ष बिंदु भूषण दुबे ने उन्हें बताया कि मंदिर के प्रांगण में एक यूनिवर्सिटी भी भविष्य में खोला जाना है जहां कर्मकांड और अध्यात्म को लेकर शिक्षा दी जाएगी।

वहीं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर यदुनाथ पांडे ने मांडर विधानसभा में भाजपा की स्थिति को लेकर चर्चा परिचर्चा की। वहां मौजूद लोगों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मोहन भागवत के भी एक कार्यक्रम कराए जाने का आग्रह संजय जोशी से किया। मौके पर प्रमोद पांडे, रवि भूषण दुबे, मुख्य पुजारी अरविंद शर्मा, रामदयाल साहू, जयनाथ राम तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के लवागड़ा गांव स्थित ऐतिहासिक गुरहा गड़ा में बुधवार को श्री हनुमान मंदिर निर्माण का भूमिपूजन संपन्न हुआ। शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विधायक समरीलाल, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा,जिप सदस्य मनोज वाजपेयी शामिल हुए। मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि इस ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थल में मंदिर का निर्माण करना गर्व की बात है। वहीं विधायक समरीलाल ने कहा कि मंदिर निर्माण में हरसंभव सहयोग किया जाएगा। साथ ही विधायक ने उक्त धार्मिक स्थल में अपने कोष से पेयजल का व्यवस्था तथा चबूतरा बनवाने की बात कही।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, रौंची।
E-mail ID-eedwsd.headworks@gmail.com

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चालू ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर रौंची शहर में निर्बाध एवं सुचारू शुद्ध पेयजलापूर्ति निमित्त रूक्का अवस्थित नये एवं पुराने जलशोध संस्थान तथा रौंची शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिछे पाईप लाईनों के लिकेज/पेयजल समस्या का त्वरित निष्पादन हेतु इस कार्यालय के निम्नलिखित अभियंताओं को उनके कार्य क्षेत्र अन्तर्गत पेयजल समस्याओं को दूरभाष पर सूचना दी जा सकती है।

| क्र०सं० | सहायक अभियंता/कनीय अभियंता का नाम | पदनाम | दूरभाष सं0 | कार्य क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री महेन्द्र प्रताप सिंह | कनीय अभियंता | 9955007717 | बुटी मोड़ से रूक्का गेट तक, कुसई कॉलोनी आदि क्षेत्र। |
| 2 | श्री रोहित उराँव | कनीय अभियंता | 9546180688 | रूक्का प्लान्ट, सिमलिया, पुन्दाग, कटहल मोड़ से जगरनाथपुर तक। |
| 3 | श्री संजीत कुमार | कनीय अभियंता | 8083823305 | रूक्का जलशोध संस्थान अन्तर्गत Filtration Plant |
| 4 | श्री सीता राम बैठा | सहायक अभियंता | 7717757642 | उपरोक्त सभी क्षेत्रों का अनुश्रवण। |

(राधेश्याम रवि)
कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, रौंची
PR 296477 Drinking Water and Sanitation (23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- RDSD/KODERMA/01/EE/2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :- दिनांक- 06.05.2023 से दिनांक 09.05.2023 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :- दिनांक- 10.05.2023 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :- दिनांक- 10.05.2023 (अपराह्न 3.30 बजे तक)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोडरमा | कोडरमा सदर अस्पताल में टी0वी0 यूनिट भवन का मरम्मति कार्य। | 704070.00 | 14500.00 | 1250.00 | 02 (दो) माह। |
| 2. | कोडरमा | कोडरमा प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरकोटा का चाहरदीवारी एवं मेन गेट का निर्माण कार्य । | 2499700.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह। |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
कोडरमा

PR 296448 Rural Work Department (23-24)_D


# किसान कंप्लेक्स में गृहप्रवेश व सुदरकांड पाठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** क्षेत्र के शास्त्री चौक ओरमांझी स्थित किसान कंप्लेक्स में तीन दिवसीय गृहप्रवेश पूजा व सुंदरकांड पाठ का समापन्न बुधवार को हुआ। गृहपूजा में शामिल पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, सोनी रानी, प्रगतिषिल युवा किसान प्रमेष्वर साहू, रेनु साहू कौशलया देवी को अयोध्या के पंडित बीके बिहारी शास्त्री द्वारा विधिविधान से गृहप्रवेष पूजा कराया गया। इससे पूर्व मंगलवार रत्रि में उन्होने सुंदरकांड पाठ में गृहप्रवेष पूजा का महत्व बतया और कहा गृहप्रवेश पूजा व धार्मिक अनुष्ठान उम्मीदों से भरा होता है। सनातन धर्म में गृहप्रवेश शुद्धिकरण

**उम्मीद से भरी होती है गृहपूजा संस्कार**

पूजा घर में सुख शांति व समृद्धि के लिए काफी महत्वपूर्ण माना गया है। उन्होने कहा गृहपूजा कर घर व दुकान प्रवेश में करना हमेशा सुख शांति की उम्मीद बनाए रखती है। उन्होने बताया कि गृहपूजा में हवन पूजा का भी काफी महत्व होता है। सनातन धर्म संस्कृति में मान्यता है कि घर में प्रवेश करने से पहले गृह व हवनपूजा घर में खुशियां लाती है और ईष्वर का आशीर्वाद बना रहता है। उन्होने कहा भवन निर्माण में वास्तु व पूजा का भी एक विषेष स्थान दिया जाता है। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा धर्मिक अनुष्ठा अपने धर्म के प्रति जागृति के लिए जरूरी है। वहीं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रमुख अनुपमा देवी, बीडीओ विजय कुमार सोनी, डा0 ओमप्रकाष साहू, डा0 रामेष्वर सिंह, डा0 मृनाल मंजरी, डा0 धरमेंद्र कुमार, डा0 रेखा नायक, डा0उ आरबी सिंह, डा0 प्रदीप कुमार, अनिल टायगर, वार्ड सदस्य संघ के अध्यक्ष सत्यमराज कुयावाहा, समाज सेवी सत्यनरायण तिवारी, उमाषंकर साहू, मानकी राजेंद्र शाही, दुगार्षंकर साहू, षिनारायण साहू, संजीव कुमार, सुनील नायक, दमयंती नायक सहित काफी संख्या में महिलाएं व समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## तिलता जतरा में युवक-युवतियों ने बिखेरी कला की छटा, गीत-नृत्य से गुंज उठा माहौल

# सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है जतरा : बंधु तिर्की

### खोड़हेधारी किये गये पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** तिलता बगीचा में 12 व 21 पड़हा जतरा महोत्सव लगा। इसमें दर्जन भर खोड़हा टीम शामिल हुयी। खोड़हेधारी मांदर की थाप पर थिरक उठे। इससे माहौल गूंज उठा। पारंपरिक वेश-भूषा में आये युवक-युवतियों ने कला की छटा बिखेरी। महोत्सव में आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की बतौर मुख्य और विधायक नवीन जायसवाल, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, आजसू नेता भरत कांसी व प्रमुख संगीता तिर्की विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने खोड़हेधारियों को पुरस्कृत किया। पाहन, कोटवार, महतो व पईनभरा भी सम्मानित किये गये। इस दौरान श्री तिर्की ने जतरा को आदिवासियों की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया। संरक्षक अमर उरांव ने इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। संचालन शिवनाथ महतो और शिवनाथ उरांव ने किया। जतरा में सभी तरह की दुकानें सजी थी। जतरार्थियों ने मिठाई और घरेलू चीजों की खरीदारी की।

ठेला-खोमचा वालों की चांदी रही। बच्चों ने विद्युत चालित झूले का आनंद उठाया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता हुयी। नागपुरी आर्केस्ट्रा में अलसा म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने लोगों का खूब मनोरंजन किया।

**इन्होंने लिया हिस्सा :** मो मोजिबुल्लाह, सीमा देवी, श्रीमंती टोप्पो, फगनी खलखो, पुनम तिर्की, विजय मुंडा, जौरा उरांव, संगम उरांव, पंचम लकड़ा, राजू मुंडा, मनोज मुंडा, प्रदीप मुंडा, लाला उरांव, फौदा लकड़ा, प्यारी उरांव, सोनी उरांव, लुकश कच्छप, मनोज लकड़ा, संजय मुंडा, विजय टोप्पो, महावीर लकड़ा, बीरेंद्र टोप्पो, बिरसा लोहरा, तुलसी उरांव, करमा खलखो, सुखदेव तिर्की, सुकरा उरांव व इंदुआ टोप्पो आदि।



मंचासीन अतिथि।


वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रौंची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त सुखदेवनगर (पण्डरा ओ0पी0) थाना काण्ड सं0-337/17, दिनांक-14.07.2017 धारा-406/420/366, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभि0 1.जमीर उर्फ जीमरूदीन अंसारी, पिता-रहमान मियाँ तथा 2. छोटू उर्फ एकराम अंसारी, पे0-जमीर उर्फ जीमरूदीन अंसारी दोनों पता-नेउरा, थाना-चैनपुर, जिला-पलामू के विरूद्ध माननीय न्यायालय श्री कुमार सौरभ त्रिपाठी, जे0एम0 III न्यायालय रौंची के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Sri kumar Saurabh Tripathi, J.M-III, Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF
A PERSON ACCUSED s.Nagar (P)-337/17 (S)
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
1- JAMIR @JAMIRRUDDIN ANSARI, S/O -RAHMAN MIYAN R/O-NEURA, PS-CHAINPUR, DIST-PLAMU JHARKHAND,
2-CHOTU@ EKRAM ANSARI, S/O- JAMIR @JAMIRRUDDIN ANSARI, R/O-NEURA, PS-CHAINPUR, DIST-PLAMU JHARKHAND
शुवहा है। जो व-मुजिब दफा मजमूआए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है (2)3. नाम और व-तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3)
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। पाये नहीं जाते है और चूंकि ब-तशफ्फी हमारे सावित किया गया है कि (3) जब
4. मोकाम।
U/S-406/420/366 IPC
मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन ब-मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। 26--05-2023 अ-हजुर(6)
ब-तारीख माह नालिश-मजकुर करे जवाबदेही के लिए हाजिर हो
आज तारीख माह सन 27.03.2023
s/d- Sri kumar Saurabh Tripathi
J.M-III, Ranchi

अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की 1.जमीर उर्फ जीमरूदीन अंसारी तथा 2. छोटू उर्फ एकराम अंसारी कहीं मिलते/दिखाई देते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक/Court of Sri kumar Saurabh Tripathi J.M-III, Ranchi के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।
पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली रौंची। - 9431770077
थाना प्रभारी, सुखदेवनगर (पण्डरा ओ0पी0) रौंची। - 9431706178

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रौंची

PR 296466 Police(23-24)#D

# बालमन में विकृति

सस्ता मोबाइल डाटा के घोर नकारात्मक प्रभाव अब खुलकर दिखने लगे हैं। इंटरनेट, साइबर संसार, स्मार्टफोन व सोशल मीडिया की ऐसी लत युवाओं में लग चुकी है जिससे वह न सिर्फ वास्तविक दुनिया से कट गया है, बल्कि इसके शिक्षा स्तर और बौद्धिक क्षमता में भी गिरावट दर्ज हो गई है। स्कूली बच्चों और बीस वर्ष के आसपास के नवयुवकों व लड़कियों पर हाल ही में हुए एक डिजिटल-साइबर सर्वे से पता चला है कि इनकी 92 फीसदी संख्या साइबर एडिक्शन के समुद्र में गोता लगाती है जिनमें 60 फीसद संख्या ऐसी है जो खाना-पीना छोड़ सकते हैं, पर फोन-सोशल मीडिया नहीं? कक्षा पांच से ऊपर वाले अधिकांश बच्चे फोन में ऐसे घुसे हुए, जैसे उन्हें दुनियादारी से कोई मतलब ही नहीं? सिर्फ अपने में ही मस्त होते हैं। समय पर खाना खाना, स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद, स्कूल होमवर्क आदि सब भूले होते हैं।

सेकेंडरी लेवल के बच्चों में शिक्षा स्तर का गिरने का कारण भी डिजिटल लत ही है। इसके अलावा उनके शारीरिक विकास में नुकसान हो रहा है? बच्चे समय से पहले अपनी आंखों की रोशनी खोते जा रहे हैं। पारिवारिक सदस्य हों या अभिभावक, शिक्षक, चिकित्सक, सभी इंटरनेट, स्मार्टफोन व सोशल मीडिया के नकारात्मक पक्षों से भलीभांति वाकिफ हैं, बावजूद इसके वह कुछ कर नहीं पाते। डिजिटल युग में वास्तविक रिश्ते बहुत पीछे छूटते जा रहे हैं जिनमें युवा ज्यादा हैं। बीते दिनों अमेरिकी कंपनी साइबर वर्ल्ड ओरीजनल और ए.टी. कियर्नी ने संयुक्त रूप से दर्जन भर देशों में करीब लाख से से बातचीत करके एक सर्वे किया। घर पहुंचते ही सीधे मोबाइलों पर झपट्टा मारते हैं। खाना-पीना, स्कूल बैग्स रखना भी गवारा नहीं समझते। यह बड़ी विकृति है।

# नक्सली हिंसा

सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि नक्सली अब अत्याधुनिक हथियारों और शक्तिशाली विस्फोटकों का भी खुलकर इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में यह सवाल भी खड़ा होता है कि जंगलों में उन तक ये खतरनाक हथियार और शक्तिशाली विस्फोटक कहां से और कैसे पहुंच रहे हैं? सवाल यह भी है कि सुरक्षा बलों की टीम के किसी अभियान की जानकारी नक्सलियों को कई बार पहले ही कैसे मिल जाती है? नक्सलियों की गतिविधि की भनक पाकर जंगल में उन्हें तलाशने के अभियान पर निकलने वाले जवान खुद कैसे उन्हीं के शिकार बन जाते हैं? कैसे नक्सलियों को जवानों की मुहिम की पल-पल की खबर होती है? जाहिर-सी बात है कि बगैर स्थानीय लोगों के समर्थन के यह संभव नहीं है। दरअसल नक्सली गुट अपनी सक्रियता वाले इलाके के चप्पे-चप्पे से वाकिफ होते हैं और स्थानीय लोगों से सम्पर्क भी उनके काम आता है। ऐसे में बेहद जरूरी है कि नक्सली समूहों के खिलाफ सुरक्षा के प्रत्यक्ष मोर्चों के साथ-साथ एक मजबूत और सुगठित खुफिया तंत्र गठित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। नक्सलियों को प्रायः स्थानीय स्तर पर समर्थन मिलता रहा है और इन्हीं में उनके कुछ खास मुखबिर भी शामिल होते हैं। ऐसे में इस सवाल का जवाब भी तलाशा जाना चाहिए कि नक्सलियों को स्थानीय स्तर पर मिलते इस समर्थन के आखिर कारण क्या हैं? नक्सलवाद की जड़ों का सफाया न हो पाने का एक कारण पुलिस और अर्धसैनिक बलों द्वारा सर्च के नाम पर स्थानीय आदिवासियों का उत्पीड़न किया जाना भी है। दरअसल कई बार ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, जब नक्सली होने के संदेह में स्थानीय लोगों को प्रताड़ित किया जाता है और कभी-कभी तो जान से मार दिया जाता है।

# पीएम मोदी के हर पहल से भारत हुआ सशक्त




**नरेन्द्र** मोदी ने जिस प्रकार देश को संभाला है वह अतुलनीय है। उन्होंने विशेषकर जनसांख्यिकी, धर्म, भूगोल, इतिहास, शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, दर्शन, कला, संस्कृति आदि अलग-अलग क्षेत्रों और पहलुओं की पृष्ठभूमि में भारत को वैश्विक संदर्भ में सर्वश्रेष्ठ या अद्वितीय के रूप में प्रस्तुत किया है।

भारतीय उपमहाद्वीप (अविभाजित भारत) अपनी भौतिक विशालता के लिए के साथ अपनी बौद्धिक और आध्यात्मिक उत्कृष्टता के लिए भी जाना जाता था। इसलिए, इससे पहले कि कोई आधुनिक भारत के नेता के रूप में मोदी की भूमिका के आयामों और कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करे, तो एक मूलभूत विचार यह होना चाहिए कि भारत दुनिया के अन्य सभी देशों से क्यों और कहां अलग है।

भारत ने 'शून्य' और फिर संख्या प्रणाली का आविष्कार किया, जो इतिहास के सबसे महान नवोन्मेषों में से एक है। दशमलव प्रणाली, पाई का मान, बीजगणित, त्रिकोणमिति, कलन शास्त्र (केल्कुलस)और कई गणितीय अवधारणाओं का जन्म भारत में हुआ। प्राचीन भारत के ज्ञान के स्त्रोत अनंत हैं। उदाहरण के लिए, उनमें से कुछ के रूप में 18 विद्याओं को यहां उद्धृत किया जा सकता है-चार वेद, चार सहायक वेद (आयुर्वेद- चिकित्सा, धनुर्वेद-शस्त्र, गंधर्ववेद- संगीत और शिल्प- वास्तुकला), पुराण, न्याय, मीमांसा, धर्म शास्त्र और वेदांग, छह सहायक विज्ञान, स्वर-विज्ञान, व्याकरण, मीटर, खगोल विज्ञान, अनुष्ठान और दर्शन।

आधुनिक विज्ञान शायद न्यूटन के समय से शुरू होता है। लेकिन पारंपरिक ज्ञान प्रणालियां दो मिलियन से अधिक वर्षों से मौजूद हैं, जब होमो हैबिलिस ने अपने उपकरण बनाना और प्रकृति के साथ बातचीत करना शुरू किया। इतिहास की शुरूआत के बाद से, अलग-अलग लोगों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की विभिन्न शाखाओं में योगदान दिया है। अकसर ऐसे तरीके से, जब बहुत लम्बी दूरी के कारण अलग रही संस्कृतियों में परस्पर संवाद-संपर्क स्थापित हुए। हालांकि, भारतीय उपमहाद्वीप के लोगों द्वारा किए गए विशाल और महत्वपूर्ण योगदान को नजरअंदाज किया गया है। ब्रिटिश उपनिवेशवादी इस तथ्य को कभी स्वीकार नहीं कर सके कि तीसरी सहस्त्राब्दी ईसा पूर्व में भी भारतीय अत्यधिक सभ्य थे, जब अंग्रेज अभी भी अपनी सभ्यता के विकास की प्रक्रिया में थे। उपरोक्त तथ्य, विशाल महासागर के बगल में केवल एक बूंद के समान है, जिन पर भारत को गर्व है। इसलिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुद्धिमत्ता से उन सभी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, जिन्हें भारत ने लंबे समय से हासिल किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 'मन की बात' के विभिन्न एपिसोड में लगातार बहुउद्देश्यीय मुद्दों और घटनाओं को उठाते रहे हैं। परिणामस्वरूप, भारत के अद्भुत कार्यों की उत्कृष्टता को पूरा विश्व जान चुका है और उनसे मंत्रमुग्ध हो गया है। मैं व्यक्तिगत रूप से भी बहुत प्रभावित हूं। प्रधानमंत्री विशेष रूप से तीन बातों पर जोर देते हैं। एक-सभी भारतीयों में एकता या एक होने की भावना जगाना, भले ही उनकी जाति और नस्ल या सामाजिक-आर्थिक स्थिति में कोई अन्य अंतर मौजूद हो।

दूसरा- एक भारतीय होने पर गर्व की भावना पैदा करना; इसके लिए वो अपने प्यारे देशवासियों से उन बहादुरों के नाम याद रखने का आह्वान करते हैं, जिन्होंने विदेशी शासकों से आजादी पाने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और यहां तक कि अपने प्राणों की आहुति भी दी। तीसरा- भारत के सभी नागरिकों में हमारे तिरंगे के प्रति प्रेम और विश्वास की भावना जगाना। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि प्रत्येक भारतीय नागरिक, स्कूलों और कॉलेजों के सभी छात्रों को सभी शैक्षणिक संस्थानों और यहां तक कि अपने घरों में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहिए। 'मन की बात' में 'हर घर तिरंगा' के आह्वान ने जन भागीदारी की भावना को जगाकर पूरे देश में इस अभियान को गति देने में मदद की।

प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इंडिया' के नारे के तहत सभी भारतीय स्वदेशी प्रयासों के फलने-फूलने पर अत्यधिक महत्व दिया है। उदाहरणस्वरूप, आयुष (समग्र स्वास्थ्य के लिए पारंपरिक ज्ञान), राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (भारत में मीठी क्रांति को बढ़ावा देना), भारतीय स्वदेशी खिलौने (आत्मनिर्भरता से जुड़ी सफलता की कहानी), आदि। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बात को स्वीकार करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं कि पिंगली वेंकय्या भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के वास्तुकार हैं। 'आजादी का अमृत महोत्सव' के सिलसिले में अब पूरा देश इसके बारे में जानता है। वेंकय्याजी के पोते घंटशाल गोपीकृष्ण ने इसे अपने परिवार के लिए एक बड़ा सम्मान बताया है।

मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक और पहल से भी बहुत प्रभावित हैं। वह है 'आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशन', जिसे रेल मंत्रालय के प्रतिष्ठित (आइकॉनिक) सप्ताह समारोह के दौरान लागू किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर के स्वतंत्रता आंदोलनों से जुड़े 75 स्टेशनों और 27 स्पॉटलाइट ट्रेनों को चिह्नित किया गया, जो पूरे सप्ताह जनता के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। सभी 75 स्टेशनों को सजाया गया और विभिन्न गतिविधियों, जैसे देशभक्ति गीतों का प्रसारण और कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भारत की विविध और जीवंत संस्कृति के महान प्रशंसक होने के नाते प्रधानमंत्री ने न केवल भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास की अगुवाई की है, बल्कि उनके नेतृत्व में भारत ने एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण भी देखा है। 'मन की बात' एक ऐसा प्लेटफार्म साबित हुआ है, जहां हर नागरिक देश के इस सकारात्मक बदलाव से सीधे जुड़ सका। पीएम मोदी ने अगले 25 वर्षों को कर्तव्य काल के रूप में चिह्नित किया है, ताकि प्रत्येक देशवासी इस अवधि में इस महोत्सव को एक जन आंदोलन में बदल सके। भारत की आजादी के शताब्दी वर्ष मनाने के पीछे प्रधानमंत्री की यह धारणा है कि इस बहादुर और गौरवशाली भूमि पर आने वाली पीढ़ियां अपने चेहरे पर लम्बी मुस्कान के साथ आगे बढ़ सकें।



- अजॉय चक्रवर्ती

> भारत ने 'शून्य' और फिर संख्या प्रणाली का आविष्कार किया, जो इतिहास के सबसे महान नवोन्मेषों में से एक है। दशमलव प्रणाली, पाई का मान, बीजगणित, त्रिकोणमिति, कलन शास्त्र (केल्कुलस)और कई गणितीय अवधारणाओं का जन्म भारत में हुआ। प्राचीन भारत के ज्ञान के स्रोत अनंत हैं। उदाहरण के लिए, उनमें से कुछ के रूप में 18 विद्याओं को यहां उद्धृत किया जा सकता है।

## खास बात
# नक्सली हिंसा

**योगेश कुमार गोयल**

**नक्सलियों** ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बड़ा हमला करते हुए आईईडी से निशाना बनाकर सुरक्षाबलों की गाड़ी को विस्फोट से उड़ा दिया। इस हमले में एक चालक सहित डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के 10 जवान शहीद हो गए। माना जा रहा है कि नक्सलियों की मुखबिरी के कारण ही नक्सली इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देने में सफल हुए। हालांकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कह रहे हैं कि नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अंतिम दौर में चल रही है और नक्सलियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, सरकार योजनाबद्ध तरीके से नक्सलवाद को खत्म करेगी लेकिन हकीकत यही है कि इसी प्रकार के बयान हर नक्सली हमले के बाद सुनने को मिलते रहे हैं। वास्तविकता यही है कि नक्सल समस्या बहुत पुरानी है, जिस पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। सरकारें भले ही बदलती रही हों पर जमीनी हकीकत यही है कि नक्सली हमले नहीं रुके हैं। यदि छत्तीसगढ़ में पिछले 13 वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2010 से अब तक 10 बड़े नक्सली हमले हुए हैं, जिनमें हमारे करीब 200 जवान शहीद हो चुके हैं।

डीआरजी के जवान नक्सलियों के निशाने पर सबसे ज्यादा होते हैं क्योंकि 2008 में पहली बार गठन के बाद से नक्सलियों के खिलाफ वे कई अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुके हैं, इसीलिए वे नक्सलियों के सबसे बड़े दुश्मन माने जाते हैं। जिनकी भर्ती विशेष रूप से नक्सलियों से लड़ने के लिए ही की गई है।

डीआरजी के जवानों में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली और बस्तर के ही वातावरण में पले-बढ़े लोग शामिल होते हैं और यही कारण है कि नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ी सफलता अभी तक इन्हीं जवानों को ही मिली है। हालांकि बार-बार हो रहे नक्सली हमलों और इनमें जवानों की शहादत को देखते हुए सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर नक्सलियों पर पूरी तरह लगाम कसने में कौन-सी मुश्किलें सामने आ रही हैं, क्यों नक्सली हमलों पर पूरी तरह लगाम कसने में सफलता नहीं मिल पा रही?

# होता उल्टा है

## विचार-प्रवाह

**अमीश**

**और** जिन्होंने अमन-चैन से जीवन गुजारा हो, वे ऐसी तस्वीर खीचेंगे, जिसमें दुनिया चमकती दिखेगी, अच्छाई से भरी। लेकिन दरअसल ऐसा है नहीं। होता इसका उल्टा है। अब आप सवाल करेंगे कि कैसे, क्यों?

क्या जो मुश्किलें झेलते हैं, वे उनसे सबक लेते हैं? ज्यादा नैतिक हो जाते हैं? हर शख्स में सज्जनता होती ही है, लेकिन क्या दुश्वारियों से गुजरने वाले लोग ज्यादा भले बन जाते हैं? प्राचीन भारत के लोग आध्यात्मिक उन्नति में कष्ट की भूमिका की बात किया करते थे। चुनौतियों में अवसर होते हैं। मुश्किल दौर उलट-पुलट वाले होते हैं और हो सकता है कि उनका सामना करने वालों में सज्जनता बढ़ जाए। हमें मांजकर बेहतरीन इंसान बना सकता है दुख। यह विडंबना ही है कि जिंदगी की आसानियां इंसान में ऐसा भाव भर सकती हैं कि जो जैसा हो रहा है, ठीक ही है। यह भावना पतन की राह पर ले जा सकती हैं।

आज पश्चिमी जगत के ऊंचे तबके के नौजवानों के पास जो सहूलियतें हैं, वे इंसानी इतिहास में अब तक किसी को हासिल नहीं थीं। ऐसे में यह समझना मुश्किल है कि उनमें इतना गुस्सा क्यों है। भौतिक सुख-सुविधाओं के लिहाज से अब तक की सबसे अच्छी जिंदगी जीने के बावजूद उनकी सोच नकारात्मक क्यों है? विध्वंस की बेचैनी क्यों है उनमें? महात्मा बुद्ध ने चार आर्य सत्यों से कराया था हमारा परिचय। पहला सत्य है दुख। जीवन दुख है, ऐसा बुद्ध ने कहा था। दुख के बारे में उनके जो विचार हैं, वे महज कष्ट सहने तक सीमित नहीं हैं। वे कहीं ज्यादा बड़ा दायरा बनाते हैं। इसमें बेचैनी और असंतोष का भाव भी है।

**हर** अनाथ के साथ सरकार खड़ी है,
हर निराश्रित के साथ सरकार खड़ी है,
हर दिव्यांगजन के साथ सरकार खड़ी है।

- योगी आदित्यनाथ

## आपके ट्वीट

**फार्मास्युटिकल**' के निर्यात का बाजार तेज रफ़्तार से बढ़ा रही है मोदी जी की सरकार वित्त वर्ष 2022-23 में दवाओं के निर्यात में दोगुना से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है, जो दुनिया भर के मेडिकल सेक्टर में भारत का दबदबा बढ़ा रहा है।

-सुधांशु द्विवेदी





**असिस्टेंट** प्रोफेसर स्कैम,असिस्टेंट इंजीनियर स्कैम
मैसूर सैंडल साबुन स्कैमविधायक हो, फैक्ट्री हो या नौकरी हो,
चोरी भाजपा की आदत हो गई है।

- राहुल गांधी पूर्व सांसद

## कार्टून वर्ल्ड




# बॉलीवुड अभिनेत्री नीना गुप्ता के अनकहे किस्से

**अजय कुमार शर्मा**

**नीना गुप्ता** अच्छी अभिनेत्री हैं। वह दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं। वह फिल्म निमार्ता और टेलीविजन पर्सनैलिटी भी हैं। उन्होंने अस्सी के दशक में दिल्ली के थियेटरसे अपना करियर शुरू किया। 1982 में ऑस्कर पुरस्कार विजेता फिल्म गांधी में अभिनय के बाद फिल्म और टेलीविजन के लिए काम करने का फैसला किया। उन्होंने कई चर्चित और लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिकों जैसे खानदान और मिर्जा गालिब में अभिनय किया। उन्होंने मंडी, त्रिकाल और जाने भी दो यारो जैसी कला फिल्मों में काम किया। उन्होंने सांस, सिसकी और सोन परी समेत कई टेलीविजन धारावाहिकों का निर्देशन, निर्माण और उनमें अभिनय भी किया। लेकिन उनकी दूसरी पारी की कामयाबी चौंकाने वाली है जिसमें - शुभ मंगल, ज्यादा सावधान, पंचायत, द लास्ट कलर, मसाबा मसाबा और बधाई हो -जैसी फिल्में और ओटीटी शो शामिल हैं। मीडिया में उन्हें इस तरह पेश किया जाता रहा है कि वह बहुत ही मजबूत, ईमानदार और ऐसी लड़की हैं जो समाज की चिंता नहीं करती। वह जन्मजात विद्रोही हैं क्योंकि उन्होंने बिना शादी के एक बच्ची पैदा की, वह अपने संबंधों को छिपाने की कोशिश नहीं करती। वह आत्मविश्वासी है, क्योंकि वह हमेशा अपना सिर ऊंचा रखती हैं। लेकिन नीना गुप्ता कई मामलों में इससे बिल्कुल उलट हैं। यह सब सच और कई अन्य जानकारियां उनकी हाल ही में आई आत्मकथा ₹सच कहूं तो₹ को पढ़कर, पाठक जान सकते हैं। मीडिया और अपने प्रशंसकों तक अपना सच पहुंचाने के लिए ही उन्होंने यह आत्मकथा लिखी है।

## सिनेमा

आत्मकथा उन्होंने करोल बाग, दिल्ली के रैगरपुरा की गली न.1 के अपने घर जो कि प्रोफेसर अरोड़ा (रिश्ते ही रिश्ते के लिए मशहूर ) के पड़ोस में था से शुरू की है। पचास मीटर के छोटे से दो मंजिला मकान में उन्हें याद है कि गर्मियों के दिनों में छत पर खाट बिछा कर सोते थे। उनके किचन में गैस जमीन पर थी और उनकी मम्मी जमीन पर पटरे पर बैठकर खाना बनाती थी। गली में कई फेरीवाले दिन भर अलग-अलग आवाज लगाकर खाने-पीने और घर में काम आने वाले सामान बेचा करते थे। यानी बहुत सामान्य परिवार में आम लोगों की तरह ही उनकी परवरिश हुई। परिवार में मां शंकुतला गुप्ता, पिता रूप नारायण गुप्ता और ढाई साल छोटा भाई पंकज गुप्ता था। उनके पिता की यह दूसरी शादी थी। उनके पिता की दूसरी पत्नी और उनका परिवार भी दिल्ली में ही रहता था जिसकी जानकारी उन्हें बाद में हुई।

नीना अपनी मां जो उस समय की डबल एमए थीं कि आइडियोलॉजी से बड़ी प्रभावित थीं। गणित में कमजोर होने पर भी विद्या भवन से उन्होंने हायर सेकेंडरी की और स्कूल में टॉप किया फिर मां के कहने पर जानकी देवी महाविद्यालय में एडमिशन जोकि उस समय ₹भेंजी कॉलेज₹ के नाम से मशहूर था। यह वह समय था जब उनको पैंट पहनने पर बैड गर्ल या फैशनेबल कहा जाता था। कॉलेज में वे हॉकी खेलतीं और थियेटर करतीं । ऐसे ही एक प्रतियोगिता में बंगाली लड़के अम्माल से मिलीं और शादी कर ली हालांकि यह शादी एक साल भी नहीं चली। इसी दौरान किरोड़ीमल कॉलेज में उनकी मुलाकात सतीश कौशिक से हुई और नाटकों में पूरे तरीके से काम की शुरूआत हुई।

1977 में उन्होंने एनएसडी में दाखिला लिया। इस ग्रुप में आलोक नाथ, रविशंकर खेमू, आलोपी वर्मा और संजीव दीक्षित उनके साथ थे। एनएसडी पास करने के बाद वहां की रिपेटरी में नौकरी की बजाए उन्होंने फ्रीलांस एक्टिंग करना शुरू की जो कि उस समय एक बोल्ड निर्णय था। तभी अशोक आहूजा की पहली फिल्म आधारशिला में काम मिला।

## लेटर टू एडिटर

### सह-अस्तित्व जरूरी

**पर्यावरण** व अर्थव्यवस्था में सह-अस्तित्व जरूरी है। लेकिन हाल ही में वन्य जीवों के जंगलों से निकल कर आश्रय और भोजन की तलाश में मानव बस्तियों में प्रवेश करने की घटनाएं बढ़ी हैं। वास्तव में जंगलों की अंधाधुंध कटाई के कारण वन्य जीवों के लिये खाने-पानी की कमी हो गई है। इस कारण वे गांव और कस्बों की ओर आ रहें हैं और हिंसक भी हो रहें हैं।

-रविकांत सिंह, रांची

### घटते वन

**धरती** पर जनसंख्या के लगातार बढ़ते बोझ और विकास के विद्रूप से आज वनों की संख्या में निरंतर गिरावट आई है। मानवीय स्वार्थ और लालच के कारण धरती का संपूर्ण पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र लगातार खराब हो रहा है। हमें अपने पारिस्थितिकीय तंत्र की जहां पुनर्स्थापना करनी होगी वहीं पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण भी।

- विवेक कुमार, हजारीबाग

# तारिक फतेह क्यों चुभते थे कठमुल्लों को

**आरके सिन्हा**

**तारिक फतेह** को उनके चाहने वाले एक बेखौफ लेखक के रूप में याद रखेंगे। वे सच का साथ देते रहे। वे भारत के परम मित्र थे। उन्हें इस बात का गर्व रहा कि उनके पूर्वज हिंदू राजपूत थे। वे बार-बार कहते और लिखते थे कि भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के तमाम मुसलमानों के पुरखे हिंदू ही थे और उन्हें जबरदस्ती मुसलमान बनाया गय । उनकी इस तरह की साफगोई कठमुल्लों को नागवार गुजरती थी। तारिक फतेह हिंदी पट्टी के मुसलमानों के दिल में चुभते हैं। उनकी तारीफ यह थी कि वह डंके की चोट पर अपने पूर्वजों को हिंदू बताते रहे। बहुत कम मुसलमान यह हिम्मत दिखा पाते हैं। वह मुस्लिम सांप्रदायिकता पर लगातार चोट करते रहे। तारिक फतेह पहली बार 2013 में भारत दौरे पर आए थे। तब उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था- 'पाकिस्तान को तो अब भूल जाइए। इसको एक न एक दिन कई टुकड़ों में टूटना ही है। वो दिन भी दूर नहीं जब बलूचिस्तान और सिंध उससे अलग हो जाएगा। पाकिस्तान की सेना एक औद्योगिक माफिया है जिसका अपने देश के अनाज, ट्रकों, मिसाइलों से ले कर बैंकों तक पर नियंत्रण हैं।' यह सुनकर पाकिस्तान के हुक्मरान तिलमिला गए थे। तारिक फतेह मानते थे कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जहां मुसलमान बिना डरे स्वतंत्रतापूर्वक काम करते हैं।

## सामयिक

तारिक फतेह से जितने लोग मुहब्बत करने वाले हैं उससे बहुत ही कम नफरत करने वाले हैं। वे कभी इस्लाम की आलोचना नहीं करते थे, बल्कि इस्लाम के नाम पर झूठे गौरव और पाखंड की बखिया उधेड़ देते थे। अच्छा से अच्छा मौलवी उनके छोटे से चुभते हुए तर्क से तिलमिला कर रह जाता था। तारिक फतेह ने उससे सिर्फ एक सवाल किया कि अगर औरंगजेब एक सच्चा मुसलमान था तो क्या उसने हज की थी ? मौलवी साहब बगलें झांकते नजर आने लगे और उनकी सारी पिछली तारीफों पर फतेह साहब के एक सवाल ने पानी फेर दिया।" । कोई भी मुस्लिम जब बालिग हो जाए और हज करने के लायक स्वास्थ्य और आमदनी हो तो हज तुरन्त फर्ज हो जाती है। अल्लाह ने औरंगजेब को 96 साल की लम्बी उम्र दी। बचपन से बुढ़ापे तक तंदुरुस्त रखा । पहले शाहजादा फिर बादशाह बनाया । हज में दुनियावी मसायल की वजह से कोई माफी नहीं है । अगर सामर्थ्यवान होते हुए भी 96 साल की उम्र तक औरंगजेब हज नहीं करता तो या तो उसका हज के फर्ज होने पर ईमान नहीं है या उसे ईश्वर पर भरोसा नहीं है कि वह हज करने गया तो वापस उसकी गद्दी उसे मिलेगी या नहीं । उसका पंजवक्ता नमाजी होना और टोपियां सिल कर रोजी कमाना सब बेकार गया । हज को महत्व न देना और उसको टालना दोनों ही ह्लगुनाहे कबीराह्ल यानी घोर पाप हैं ।

देश में सीएए-एनआरसी के मुद्दे पर हुए दंगो के बाद तारिक फतेह ने कहा था- 'हर वह व्यक्ति हिंदू है, जो हिंदुस्तान के इतिहास और परंपरा की मिल्कियत रखता है।' मुस्लिम समुदाय में तारिक फतेह जैसा बोल्ड और जीनियस लेखक या विचारक मिलना मुश्किल है। इस्लाम की कट्टरता के विरुद्ध बिगुल फूंकने वाला, पाकिस्तान के आतंकवाद-प्रेम पर मुखर होकर निरंतर प्रहार करने वाला कोई दूसरा मुस्लिम लेखक या विचारक मिलना मुश्किल है। इस्लाम सहित तमाम मुद्दों पर मुखर रूप से बोलने वाले तारिक फतेह टीवी डिबेट में अक्सर खुद को हिंदुस्तानी बताते थे और हमेशा सिंध और हिंद का कनेक्शन जोड़ते थे। तारिक फतेह पाकिस्तान के विचार को खारिज करते थे। वे मानते थे कि देश का बंटवारा नहीं होना चाहिए था।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## यूथ फेडरेशन का मना स्थापना दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाकपा अंचल कार्यालय भुरकुंडा में ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन का 63वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अल इंडिया यूथ फेडरेशन के राज्य सचिव कॉमरेड विष्णु कुमार ने झंडातोलन कर किया। इसके बाद शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित किया गया। कॉ.विष्णु कुमार ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरु जैसे महान क्रांतिकारी नेताओं के आदर्शों को आत्मसात कर बताए मार्ग पर चलना होगा। जिससे युवाओं के अंदर एक ऊर्जा का संचार हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में देश के युवा भटक रहे हैं। श्री कुमार ने कहा कि एक ओर धर्म और जाति के नाम पर युवाओं का समूह बटा हुआ है जिससे देश की एकता को नुकसान हो रहा है। आज देश के अंदर बेरोजगारी, नशा, जैसे गंभीर मुद्दे युवाओं को मानसिक बीमारी की ओर ले जा रही है। जो आज की पीढ़ी के लिए विकास का बाधक साबित हो रहा है। मौके पर विष्णु कुमार, मनोज कुमार महतो, मनोज पहान, संतोष मुंडा, रमेश महतो, श्रवण करमाली, प्रभात महतो, विकास मुंडा, राहुल विश्वकर्मा, आदित्य कुमार, जयनंदन सिंह, विनय कुमार गुप्ता, अनिकेत कुमार सिंह, श्याम नंदन सिंह, उमेश करमाली, मनोरंजन महतो, मोहन महतो, नरेश बेदिया, गुलशन बेदिया, वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## दुनिया के मजदूर एक हों : गुप्ता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेंट्रल सौन्दा हाथीदाड़ी क्षेत्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन के तत्वावधान में सोमवार को मजदूर दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता जगरनाथ पासवान व संचालन सुरेश प्रसाद सिन्हा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत यूनियन के केन्द्रीय सचिव मनोज गुप्ता ने झंडोत्तोलन कर किया। मौके पर मनोज गुप्ता ने कहा कि मजदूर दिवस के दिन ही अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों के उपर बम विस्फोट किया गया था। जिसमें सौ से अधिक मजदूर घायल हो गए थे। उस समय मजदूरों से 16-17 घंटा काम लिया जाता था। मालिकों से मजदूरों का कहना था कि सिर्फ 8 घंटा ही काम लिया जाए। जिसे लेकर मालिकों द्वारा बम विस्फोट किया गया। इसमें कई लोग मारे गए जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे। मजदूरों के खून से पूरा शहर लाल हो गया। उसी के याद में लाल झंडा उत्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी यूनियन का मुख्य उद्देश्य मजदूरों की हर सुख-दुख में खड़ा रहकर उनका हक-अधिकार दिलाना है। श्री गुप्ता ने कहा कि मजदूर दिवस शहीद मजदूरों की याद दिलाती है। उन्होंने मजदूरों से एकजुट होकर अपनी चट्टानी एकता बनाए रखने का आहवान किया। साथ ही उन्होंने मोदी सरकार द्वारा लाए गए मजदूर किसान विरोधी एवं काला कानून के विरोध में मजदूरों को एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का आहवान किया। इसके पूर्व शहीद मजदूरों के प्रति दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही दुनिया के मजदूर एक हो का नारा भी बुलंद किया गया। मौके पर मनोज गुप्ता, आजाद भुंइया, सुनील पासवान, दीपू महतो, सुरेश महतो, कुंदन कुमार, पुतुल साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## अनुशासन सिखाता है कराटे : अमित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट शितोरियो कराटे भुरकुंडा शाखा के पांच कराटेकार बालिकाओं ने रांची खेलगांव में आयोजित इंडियन स्कूल मार्शल आर्ट कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर कोयलांचल भुरकुंडा व अपने माता-पिता का नाम रौशन किया है। गोल्ड मेडल जीतने वाली कराटेकार लड़कियों को भुरकुंडा ओपी परिसर में ओपी प्रभारी अमित कुमार ने मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ओपी प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि मार्शल आर्ट आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। खासकर लडकियों को मार्शल आर्ट जरूर सीखना चाहिये। उन्होंने कहा कि कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है इससे शरीर भी तंदुरूस्त रहता है। श्री कुमार ने कहा कि कराटे अनुशासन क भी सीख देता है। भुरकुंडा शाखा के कोच कंचन दास ने बताया कि प्रतियोगिता में भुरकुंडा के कराटेकारो ने 9 मेडल जीता है। जिसमें अनिमिता कुमारी ने काता और कुमिते के 35 किलो वजन में दो गोल्ड, श्रुष्टि कुजूर ने काता व कुमिते के 40 किलो वजन में गोल्ड और सिल्वर, आस्था सिंह ने कुमिते के 50 किलो वजन में गोल्ड, यामिनी कुजूर ने कुमिते के 30 किलो वजन में गोल्ड, जान्हवी कुमारी ने कुमिते में ब्रांउज मेडल जीता है।

## बीडीओ ने किया सड़क का उद्घाटन

**रामगढ़।** डाड़ी प्रखंड के रेलीगढ़ा पश्चिमी पंचायत में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने दो पेवर ब्लॉक सड़क का फीता काटकर उद्घाटन किया है। डाड़ी बीडीओ संतोष गुप्ता ने पक्का धौड़ा शीतला माता मंदिर के पास और चांदनी चौक में राजेंद्र करमाली के घर के पास से बुटन बेदिया के घर तक बने पेवर ब्लॉक सड़क का उद्घाटन किया। उन्होंने पंचायत सचिवालय में आरओ और मुर्गी फॉर्म मुहल्ला में डीपी बोरिंग को भी मरम्मती के बाद चालू किया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया गुंजन साव, पंचायत सचिव हरिहर प्रसाद, रवि वर्मा, अनिल मिश्रा, बादल कुंडू, शंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

# बंदोबस्त भूमि पर वन विभाग की नजर

## रैयतों ने डीएफओ से की लिखित शिकायत, ट्रेंच निर्माण रोका

खबर मन्त्र संवाददाता



**कटकमसांडी।** वन रोपन को लेकर वन विभाग की ओर से खोदे जा रहे ट्रेंच को रैयतों द्वारा कागजात दिखाकर रोके जाने के बाद मामला डीएफओ के संज्ञान में दिया गया। रैयतों ने उक्त भूमि को वन क्षेत्र से बाहर होने की बात कहकर ट्रेंच की खुदाई को रोकने की मांग की है। मामला कटकमसांडी अंचल क्षेत्र के शाहपुर गांव का है इस सम्बन्ध में रैयत सरजू सिंह ने डीएफओ, पश्चिमी वन प्रमंडल को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही मौके पर मौजूद रेंज आफिसर सत्येन्द्र चौधरी को जमीन से संबंधित कागजात दिखाकर वन रोपन हेतु ट्रेंच की खुदाई पर रोक की अपील की है। डीएफओ को दिए गए आवेदन पत्र में कहा गया है कि शाहपुर स्थित थाना नं. 05 अधीन खाता नं. 251/362, प्लॉट नं. 170, 171, 172 व 173 व रकबा पांच एकड़ भूमि भूतपूर्व जमींदार स्व. माल किशुन सिंह द्वारा दिनांक 16-05-1941 में हुकूमनामा से कुंदो देवी को हासिल है, जिसपर उनके वंशजो द्वारा वर्षो से जोत आबाद व दखल कब्जा है, जिसकी जमींदारी मालगुजारी रसीद निर्गत है। जमींदारी उन्मूलन के बाद श्रीमति कुंदो देवी के नाम जमाबंदी कायम कर सरकारी मालगुजारी वर्ष 2003-04 तक निर्गत है। पत्र में बतिया गया कि आन लाइन पंजी-02 के भाग संख्या-02 व पृष्ठ संख्या-76 में कुंदो देवी पति स्व. माल किसुन सिंह के नाम से दर्ज है। बताया गया कि वर्ष 1973 व 1977 में वन विभाग की ओर से दो दो बार केस दर्ज किए जाने के बाद भी न्यायालय ने रैयत के हक में फैसला सुनाया है। बहरहाल वन विभाग मामले की जानकारी के बाद ट्रेंच कार्य रोक दिया है। सूचक सरजू सिंह ने बताया कि बिचौलियों के उकसावे पर वनकर्मियों ने जंगल दिखाकर वनरोपन हेतु सम्बन्धित भूमि पर वनरोपन का मन बनाया था, जो शर्मनाक है।

# पंचायत को साफ रखना सभी का दायित्व: मुखिया

▶▶ बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में स्वच्छता अभियान और पौधोरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत बुधवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में दौरान पंचायत सचिवालय, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, सार्वजनिक स्थलों एवं चिन्हित अवशिष्ट संवेदनशील स्थानों तथा सरकारी कार्यालयों, विभिन्न जल स्त्रोतो आदि में स्वच्छता हेतु श्रमदान द्वारा साफ सफाई एवं पौधारोपण का कार्य किया गया। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने मनुष्य जीवन में स्वच्छता की महत्ता को बताते हुए अपने-अपने घर, आस-पास का क्षेत्र एवं मुहल्ला टोला को स्वच्छ रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपने पंचायत को साफ-सुथरा रखना हमसबों का दायित्व है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि स्वच्छता रहेगा तभी हमसभी स्वस्थ रहेंगे तथा शुद्ध वातावरण एवं जल संचय हेतु वृक्षारोपण भी बहुत जरूरी है। मुखिया ने कहा कि प्रत्येक वर्ष हर व्यक्ति कम से कम दो पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। मुखिया ने सामूहिक रूप से स्वच्छता का शपथ दिलाया। अभियान को सफल बनाने में पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो,रवीश कुमार, छुवि देवी, किरण सिंह, एलिजाबेथ डोडराय, प्रेमी सलोनी तिर्की, तिलोत्तमा तिवारी, सहायिका, मीरा देवी, संजीदा खातून, शिक्षिका अनीता तिवारी, रेखा देवी, सीमा देवी, अनूपमा कच्छप, रीता कुमारी, शांति देवी, पारो देवी, सुमित्रा देवी, ममता देवी, किरण देवी, सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं व ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

## एनटीपीसी के निदेशक के सम्मान में कार्यक्रम



**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव को बीते दिनों अप्वाइंटमेंटस कमिटी ऑफ दी कैबिनेट ने निदेशक (इंधन) एनटीपीसी लिमिटेड नियुक्त किया है। इस मौके पर एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के द्वारा निदेशक (इंधन) के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन सिकरी में किया गया। निदेशक इंधन ने कहा कि टीम पकरी बरवाडीह लगातार पुराने रिकॉर्ड को तोड़कर हर क्षेत्र में नया रिकॉर्ड बना रही है। हम सुरक्षा की मापदंडों का पूर्ण रुप से पालन करते हुए माइनिंग,डिस्पैच के साथ-साथ अन्य विभागों में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

## टेंपो व ट्रेकर पार्किंग शुल्क में वृद्धि वापस हो : अरुण सिन्हा

**रामगढ़।** रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन के सचिव अरूण कुमार सिन्हा ने छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि बगैर यूनियन के नेताओं के साथ बैठक किये मनमाने तरीके से टेंपो व ट्रेकर पार्किंग शुल्क में वृद्धि किया जाना उचित नही है। अधिशासी अधिकारी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है की ये सभी वाहन एनएच 33 एवं माईन्स बोर्ड द्वारा निर्मित सड़क के किनारे लगती हैं। जहां से इन वाहनों के चालक यात्रियों को वाहन पर बैठाने और उतारने का कार्य करते हैं। पत्र में बताया की उन स्थानों पर यात्री शेड , शौचालय, पीने के पानी आदि की व्यवस्था भी नही है। शिक्षित बेरोजगार युवकों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकारी बैंकों एवं प्राइवेट फाइनेंसरों द्वारा कर्ज दिया गया है। जिसके बाद इन शिक्षित बेरोजगारों से वाहन लिख है। ताकि वे अपना रोजी रोटी चला सकें। पत्र में श्री सिन्हा ने अधिशासी अधिकारी को बताया है की बैंक अथवा फाइनेंस कंपिनयों से लिये लॉन के बदले इन वाहन चालकों को हर माह उन्हें एक निश्चित राशि भी देनी होती है। साथ ही वाहन के महंगे पार्टस पूर्जे और मोबिल एवं तेल भी लेना होता है। ऐसी स्थिति में पार्किंग शुल्क में 100 प्रतिशत की वृद्धि वहन करना इनके लिए मुश्किलों से भरा सिद्ध होगा।

# युवा वैज्ञानिक गोपाल का भव्य स्वागत

13 वर्ष में गोपाल ने केले के थंब से किया बिजली का उत्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता



**विष्णुगढ़।** युवा वैज्ञानिक गोपाल मंगलवार को विष्णुगढ़ पहुंचे। इस मौके पर लोगों ने भव्य स्वागत किया। बनाना ब्वॉय के नाम से प्रसिद्ध युवा वैज्ञानिक गोपाल केले पर कई तरह के शोध कर रहे हैं। 13 वर्ष की उम्र में गोपाल ने केले के थंब से बिजली पैदा कर दिया था। बिजली पर शोध के दौरान अब तक वह कई जरूरत की चीजों का आविष्कार कर चुके कई अविष्कार पाइपलाइन में हैं। केले के थंब से पल्प तैयार कर गोपाल जी ने प्लेट थाली का निर्माण किया है। वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक पर अभी वो काम कर रहे हैं। 90 फीसदी तक से अधिक काम हो चुका है। गोपाल जी अभी ऐवोन पैफको नामक कंपनी में बतौर साइंटिस्ट कार्यरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके अविष्कार को ना सिर्फ सराहा बल्कि उनको 2017 में अहमदाबाद स्थित इनोवेटिव फाउंडेशन भेजा था। गोपाल को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा 40 युवा आईकॉन में भी शामिल किया गया था। नासा ने तीन तीन बार उन्हें जॉब ऑफर किया लेकिन हर बार उन्होंने इसे ठुकरा दिया। अब इन पर बॉलीवुड के बड़े डायरेक्टर बायोपिक बनाने वाले हैं । इस दौरान गोपाल ने कहा कि देश के वैसे युवा जो शोध क्षेत्र में काम कर रहे हैं वह देश के लिए काम करे, ताकि आने वाले समय मे देश समृद्ध और आत्म निर्भर हो सके और आप देश के लिए एक अच्छे प्रेरक बन सके ।

# सरकारी उदासीनता का दंश झेल रहा आंगनबाड़ी केंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**बिष्णुगढ़ ।** प्रखंड क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्र सरकारी उदासीनता का दंश झेल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के मोहल्लों में नौनिहालों के शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास के अलावे युवतियां व महिलाओ को शारीरिक स्वास्थ्य व गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य से संबंधित बातों के मद्देनजर आंगनबाड़ी केंद्र संचलित हुआ। लेकिन उपरोक्त बातों पर आज कितनी क्रियाशील है केंद्र जग जाहिर है, हालांकि सुविधाओं के नाम पर खानापूर्ति जरूर है।

प्रथम चरण में बने आंगनबाड़ी को एक पठन पाठन और एक स्टोर सह किचन कक्ष की सुविधा थी, वहीं पेयजल के लिए एक चापानल की व्यवस्था। जो ऐसी व्यवस्था आज दम तोड़ चुकी है चापाकल से लाल पानी निकल रहा है। तो कहीं चापानल में पानी ही नहीं है। ऐसे हालात में ऐसे आंगनबाड़ी केंद्रों की हालात भगवान भरोसे है। वहीं इसके बाद बने आंगनबाडी केंद्र को पठन पाठन के साथ शौचालय, किचन, शुद्ध पेयजल की सुविधा के लिए समरसेबल, पानी टंकी, सीलिंग फैन समेत सारी सुविधा मुहया करवाया गया था, लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र में आज ना तो शौचालय है ना तो केंद्र के ऊपर पानी की टंकी, समरसेबल भी गायब है।

साथ हीं पढ़ने वाले बच्चों की संख्या भी लगभग चार पांच है। आंगनबाड़ी केंद्र के साहिका सरिता पाठक का कहना है कि केंद्र के बाहर खराब पड़े चापाकल को बार-बार बनाया जाता है,लेकिन कोई फायदा नहीं। विभाग को कई बार पानी की वैकल्पिक सुविधा को लिखा, सेंटर में बिजली कनेक्शन और पंखे की मांग की लेकिन कोई सुनने वाला नहीं। इस और ना अधिकारी का ध्यान है और ना ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों का। हालांकि लोकतांत्रिक संरचना में अपने क्षेत्र के विकास व बेहतर क्रियाकलाप की जवाबदारी जनप्रतिनिधियों के लिए अहम है, लेकिन चुनाव के बाद जनप्रतिनिधियों का शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, बेरोजगारी, के साथ लोगों के सामाजिक आर्थिक विकास से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं दिखता बजाय की योजनाओं में हिस्सेदारी और परसेंटेज से खुद के विकास का।

## विष्णुगढ़ : चापाकल से निकल रहा है लाल पानी समरसेबल भी गायब

एक नजर में

## कस्तूरबा विद्यालय में निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता




**बरही।** प्रखंड अंतर्गत बरसोत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2023 के उपलक्ष्य में निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड जैव विविधता रांची व जनजागरण केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। प्रतियोगिता जन जागरण केंद्र के समन्वयक चितरंजन महतो, नरेश कुमार, आरती कुमारी और विशाल कुमार के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 70 बालिकाओं ने भाग लिया और जैव विविधता पर आधारित कला का प्रदर्शन करते हुए निबंध लिखें। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन नेहा कुमारी, शिक्षिका ज्योति वर्मा, सुषमा टोप्पो, अरविंद, गौतम, काजल कुमारी, पूनम कुमारी सहित अन्य शिक्षकों ने अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में विभिन्न बालिकाओं ने भाग लिया। जिसमें प्रिया रानी, गायत्री कुमारी, निशा कुमारी, अनु कुमारी, सोनाली कुमारी, संजना कुमारी, अनिता, पूर्णिमा कुमारी, पायल कुमारी, नंदनी कुमारी, अंजली कुमारी, प्रियंका कुमारी, पूनम कुमारी, ममता कुमारी, नेहा कुमारी, सोनम कुमारी सहित 70 बालिकाओं ने भाग लिया।

## जल स्रोतों की सफाई व पौधरोपण किया गया

**चरही।** बहेरा पंचायत सचिवालय के पास स्वच्छता पखवाड़ा,श्रमदान,संग्रहण एवं पृथक्करण सभी स्तरों पर स्वच्छता के लिए श्रमदान,अपशिष्ट का संग्रहण एवं पृथक्करण जल स्त्रोतों की सफाई गहरीकरण तथा वृक्षारोपण एवं सफाई का कार्यक्रम किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में मुख्य रूप से बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो,उप मुखियाचंद मुर्मू,वार्ड सदस्य आशामनी मुर्मू,अजहरुद्दीन अंसारी,पंचायत सचिव रवि कुमार राणा,समाजसेवी शंकर सिंह भोक्ता, विनोद कुमार केशरी,जितेन्द्र कुमार राय,कोलेशवर रविदास,बिरसा टुडू, बदरुद्दीन अंसारी,अब्दुल्ला अंसारी,रुस्तम अंसारी,मो.आरिफ उर्फ सीटू,संजलाल महतो,प्रवीण कुमार वर्मा,महिला सफाई कर्मी,इसी कर्म में काल दिनांक 04 मई को स्वच्छता रैली एंव रात्रि चौपाल बहेरा पंचायत के पिपरा गांव मस्जिद के पास रखा गया है।इसमें मुख्य रूप से बीडीओ इंद्र कुमार सहित बहेरा पंचायत के मुखिया,उप मुखिया,वार्ड सदस्य,एवं ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

## गृह प्रवेश में शामिल हुयीं विद्या जायसवाल

**कटकमसांडी।** विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा के गृह- प्रवेश में बुधवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल की माता विद्या जायसवाल उनके कूद ग्राम स्थित आवास पहुंचकर शामिल हुई और किशोरी राणा सहित उनके सभी परिवारजनों से मिलकर नए घर के लिए ढेरों शुभकामनाएं और बधाई दिया। मौके पर उनके साथ समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, नारायण गुप्ता, संजय सिंह अशोक अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बोलेरो को ट्रक ने मारी टक्कर, दो की मौत

**बिष्णुगढ़।** प्रखंड के नवादा के कर्बला चौक के पास ट्रक और बोलेरो में आपसी जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें दो लोगों की मौत घटनास्थल पर हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोलेरो गाड़ी नंबर संख्या खल 11छ 6536 जो ग्राम माकन पोस्ट पोरदाग निमियाघाट से बिष्णुगढ़ प्रखंड के गोलगो सियारी में बारात जा रहा था।जो यह घटना लगभग 2:00 बजे रात की बताई जा रही है। जिसमें दोनों गाड़ियों ने अपना अपना संतुलन खो दिया और आपसी जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें बरात जा रहे दो व्यक्तियों की मौत घटनास्थल पर हो गई और ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। विष्णुगढ़ पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया।

## बरही : सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-02 महूगडा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बरसोत निवासी 30 वर्षीय बाइक सवार युवक मुन्ना कुमार पिता रामवृक्ष राम की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार मृतक मासीपीढ़ी से अपनी साली की शादी से वापस लौट रहा था। इसी दौरान सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही बरही पुलिस ने उसे अनुमंडलीय अस्पताल बरही लाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, अधिवक्ता अजित चंद्रवंशी, उमेश चंद्रवंशी, प्रभात चंद्रवंशी सहित मृतक के परिजन मौजूद थे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। शव को बरही पुलिस ने अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया।

## रांची से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत



**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के पैंकी फोरलेन सड़क पर मंगलवार रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दंपति घायल हो गए। इस बीच इलाज के दौरान पति की मौत इलाज के दौरान हो गयी। वही पत्नी इलाजरत है। जानकारी के अनुसार दिगवार निवासी प्रेम कुमार( 35 वर्ष ) पिता मोहन महतो व पत्नी सीखा देवी (30 वर्ष) रांची से पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी बीच पैंकी मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें दोनों घायल हो गये। घायलो को इलाज के लिए रांची रोड स्थित दी होप अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्रेम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि पत्नी को प्राथमिक उपचार के बाद पत्नी को छोड़ दिया गया। कुजू पुलिस द्वारा शव को अंत्यपरीक्षण के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## डीसी ने की सीएम स्वास्थ्य योजना की समीक्षा



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान प्रखंड कल्याण पदाधिकारी कृपाल कच्छप द्वारा उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया गया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजनान्तर्गत कुल 254 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनपर समीक्षा उपरांत सर्वसम्मति से उपायुक्त द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में शिविर आयोजित कर ज्यादा से ज्यादा लोगो को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को दिया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन रामगढ़, विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### नीलांबर पीतांबरपुर : सड़क हादसे में मौत



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के ग्राम राजोगाड़ी निवासी उमेश तिवारी के 22 वर्षीय पुत्र गौरव तिवारी की बीती रात एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरव तिवारी ग्राम पथरही से 12 बजे रात को एक शादी समारोह से लौट रहे थे। इसी बीच पांकी मेदनीनगर मुख्य पथ के हरसैन मोड़ के पास मोटर साइकल दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना स्थल पर अपनी पेट्रोलिंग कर लौट रहे थाना के एएसआइ अरुण बाउरी ने देखा कि एक युवक रोड पर बेहोश गिरा पड़ा है। फिर उन्होंने युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेस्लीगंज में भर्ती करवाया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने गौरव तिवारी को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना होने से पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

### पाटन : महिला ने की प्रशासन से पति पर कार्रवाई की मांग



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के हिसरा बरवाडीह निवासी शोभा देवी ने अपने पति दीनानाथ पासवान पर पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। शोभा ने पुलिस प्रशासन से कहा कि मेरा पति दीनानाथ बिहार रोहतास जिला के ग्राम बौलिया के रामाधार पासवान की बेटी गंगा देवी उर्फ सुनैना को लेकर फरार हो गया है। उन्होंने कहा कि दहेज में बाइक नहीं मिलने के कारण पति ने यह कदम उठाया है। शोभा ने गंगा देवी के भाई महेंद्र पासवान, विरेंद्र पासवान व माई कमला देवी पर भी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि वह अत्यंत गरीब हैं। तीन वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी। पूर्व में ही एक बच्चे की मौत हो गयी थी।

### सतबरवा : हादसे में युवक की मौत

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के लोहरा पोखरी निवासी सुनेश साव का 15 वर्षीय पुत्र सनुज कुमार की मौत बारात जाने के क्रम में मंगलवार की रात्रि में हो गयी। बताया जाता है कि सनुज अपने गांव से बुलबुलीया बारात जा रहा था। जाने के क्रम में चियांकी में वाहन के खिड़की से बाहर सर निकाल कर थुक रहा था कि अचानक एक आज्ञात वाहन से उसका सिर टकरा गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे सदर अस्पताल मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने रांची रेफर कर दिया। रांची जाने के क्रम में सतबरवा के समीप दम तोड़ दिया। परिजनों ने रात्रि में ही शव को घर ले गए और सुबह बुधवार को उसका दाह संस्कार कर दिया गया। सनुज आठवीं कक्षा का छात्र था।

### ज्ञान निकेतन स्कूल में कार्यक्रम का



### आयोजन, श्रमिकों को मिला सम्मान

**मेदिनीनगर।** मजदूर दिवस के अवसर पर । विमला पांडेय मेमोरियल स्कूल में बच्चों में श्रम के प्रति गरिमा स्थापित करने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को यह बताया गया कि हमारे जीवन में श्रम और श्रमिकों का क्या महत्व है। उन्हें यह बताया गया कि श्रमिक निर्माण कार्य कर देश के विकास में कैसे अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। श्रमिकों को भरपूर सम्मान देना चाहिए। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी राशि से विद्यालय से जुड़े श्रमिकों को तौलिया प्रदान कर उनका सम्मान किया। बच्चों द्वारा इन श्रमिकों का सम्मान करने पर विद्यालय के प्राचार्य मनोहर पांडेय ने कहा कि इससे बच्चें श्रम करने के लिए प्रेरित होंगे तथा वे किसी भी कार्य को छोटा या बड़ा नहीं समझेंगे। विद्यालय के अध्यक्ष बालिराम शर्मा ने भी बच्चों की इस भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी।

### कल मनेगा आनंद पूर्णिमा



मेदिनीनगर। आगामी 5 मई को आनंद मार्ग प्रचारक संघ के धर्मगुरू श्री श्री आनंदमूर्ति सह श्री प्रभात रंजन सरकार का 102वां जन्मदिवस है। जिसे लेकर आनंदमार्गीयों में काफी उत्साह है। आनंदमर्गियों द्वारा इसे लेकर नई मोहल्ला स्थित आनंदमार्ग जागृति केंद्र को सजाया गया है। पूरे सप्ताह आनंदमर्गियों के द्वारा जागृति परिसर से नगर कीर्तन पूरे शहर में निकाला जा रहा है। वरिष्ठ आनंदमार्गी जगरनाथ जी ने बताया कि 1921 को बुद्ध पूर्णिमा के दिन श्री श्री आनंदमूर्ति जी का जन्म बिहार के जमालपुर में सुबह छह बजे हुआ था। उस समय पर सभी मार्गी उत्साह से कीर्तन भजन करते है। उसके बाद साधना करते हैं। जागृति परिसर में दिनभर मनोरंजन और कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएंगे। सुबह 7 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगा।

### चाइल्डलाइन ने रजवाडीह मध्य विद्यालय के बच्चों को किया जागरूक



**मेदिनीनगर।** रजवाडीह मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी की अध्यक्षता में 'चाइल्डलाइन' के अनिल कुमार के साथ बच्चों व शिक्षकों की बाल सुरक्षा विषयक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में संवाद करते हुए अनिल कुमार ने कहा कि 'चाइल्डलाइन' बच्चों को आपातकालीन सेवा प्रदान कर उन्हें संकट से बाहर निकालता है। बाल शोषण,बाल विवाह, बाल तस्करी, छेड़छाड़, बाल बंधुआ मजदूरी सहित अनेक समस्याओं पर त्वरित मदद की जाती है। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि चाइल्डलाइन ने हजारों संकटग्रस्त बच्चों को सहायता पहुंचायी है। यह एक विश्वसनीय संस्था है जो बाल अधिकार व उनके जीवन को संरक्षण देती है। इसके बारे में सभी को जानना चाहिए तथा संकट की स्थिति में सहायता के लिए बच्चों या वयस्कों को बेझिझक कॉल करना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व विजय कुमार ठाकुर मौजूद थे।

### दुकान में आग लगने से सामान जलकर खाक, भुक्तभोगी झुलसा



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के अररुआ खुर्द दबगर मोहल्ला निवासी शिव दास के घर स्थित परचुन दुकान में मंगलवार की रात अचानक आग लग गई। इससे दुकान का सारा सामान तथा घर का कुछ सामान जलकर खाक हो गया। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग जूटे और बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। इस दौरान एनएच 98 पर लगभग आधा घंटा आवागमन बाधित रहा। वहीं इस घटना में शिव दास मामूली रूप से झुलस गए। इनका स्थानीय चिकित्सकों द्वारा किया गया।

# बेटी की डोली विदा कर लौट रहे मां-पिता की भी उठ गयी अर्थी

## गुमला हादसा : सरातियों से भरे पिकअप वाहन के पलटने से चार लोगों की दर्दनाक मौत, कई घायल गंभीर

**खबर मन्त्र टोली**

**डुमरी/जारी।** जारी थाना क्षेत्र के जरडा गांव के समीप शादी से लौट रहे सरातियों से खचाखच भरा पिकअप वाहन के पलट जाने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हो गये। घटना मंगलवार रात लगभग 9 बजे की है। मृतकों में इरेन्युस किंडो, बिरंती देवी, सुंदर ग्यार, सबिता नागेसिया के नाम शामिल है। जिसमें लकड़ी की मां बिरंती देवी व पिता सुंदर ग्यार भी शामिल है।

मिली जनकारी के अनुसार डुमरी थाना क्षेत्र के कटारी गांव से मंगलवार की सुबह नौ बजे के आसपास लड़की की शादी करने के लिए सुंदर ग्यार जारी थाना क्षेत्र के सारंगाडीह गांव गये थे। शादी के बाद रात को सुंदर ग्यार अपनी पत्नी व अन्य सरातियों को लेकर पिकअप वाहन से वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में रात लगभग 9 बजे के आसपास जारी थाना क्षेत्र के जरडा ग्राम के समीप पिकअप गाड़ी का चालक अपना संतुलन खो दिया और गाड़ी गड्ढे में जा गिरा। इस दौरान पिकअप वाहन करीबन तीन बार पलट गयी। जिससे तीन लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गयी। जबकि एक की इलाज के क्रम में मौत हो गयी। घायलों को सिर, चेहरा, पैर,



हाथों में चोट लगी है। घायलों में उर्मिला कुमारी, प्रेमिका कुमारी, अश्वन कुजूर आदि के नाम शामिल है।

इधर दुर्घटना के बाद घायल दर्द से कराहते रहे। कोई इधर गिरा था तो कई उधर गिर पड़ा था। ऐसी स्थिति नहीं थी कि वे उठकर एक दूसरे को संभाल पाये। वहीं घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद जारी थानेदार मनीष कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और सभी घायलों को एक बस में भरकर डुमरी अस्पताल लेकर आये। जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। दर्जन से अधिक लोग घायल है। जिनमें 9 घायलों को बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर किया गया। जहां गुमला सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने स्थिति की गंभीर को देखते हुए तीन घायलों को रांची रिम्स रेफर किया। घटना की सूचना पाकर चैनपुर बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह,डुमरी बीडीओ एकता वर्मा, जारी सीओ रेशमी,सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव,डुमरी थाना प्रभारी विवेक कुमार पांडेय, सहित कई लोग अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल चाल कि जनकारी ली और सभी को बेहतर इलाज के लिए व्यवस्था किया गया।

### सरकारी नियमानुसार यथाशीघ्र लाभ देने का डीसी ने दिया निर्देश

जारी थाना क्षेत्र में अनियंत्रित पिकअप के पलटने से हुई दुर्घटना में हताहतों के प्रति उपायुक्त सुशांत गौरव ने गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के बेहतर उपचार हेतु गुमला सदर अस्पताल को जरूरी निर्देश दिया है। वहीं इस दुर्घटना में जिन लोगों की मृत्यु हुई है उनके परिजनों को नियमानुसार सभी सरकारी लाभ यथाशीघ्र देने के लिए अधीनस्थों को निर्देश दिया है। डुमरी बीडीओ एकता वर्मा से मिली जानकारी के अनुसार रात को अनियंत्रित एवं ओवरलोड पिकअप के पलटने से चार लोगों की मौत हो गयी थी तथा 27 लोग घायल हो गये थे। करीब 9 बजे थाना प्रभारी के द्वारा उन्हें सूचना मिली और 9:15 के बीच वहां पहुंच गयीं तथा तथा अगले आधे घंटे में ही अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गये। सभी हताहतों को वहां से डुमरी सीएचसी लाया गया। जिन 9 लोगों की स्थिति गंभीर थी। उन्हें प्राथमिक चिकित्सा के बाद गुमला सदर अस्पताल रिफर कर दिया गया। शेष को कुछ देर के लिए ऑब्जरवेशन में रखकर उनके घर भेज दिया गया। घायलों का सदर अस्पताल में बेहतर इलाज चल रहा है।

# ट्रक ड्राइवर का अपहरण कर फिरौती वसूली करने के दो आरोपी गिरफ्तार

### पूर्व में एक आरोपी जा चुका है जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्त।

**नावाबाजार पलामू।** पुलिस ने धान लदा एक ट्रक चालक का अपरण कर फिरौती लेने के आरोप में दो अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी नावाबाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने दी। थाना प्रभारी ने बताया कि 12 मार्च को नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा से धान लदा एक ट्रक क चालक का अपहरण कर फिरौती की मांग की गई थी। इस मामले में पाकी थाना क्षेत्र के चंद्रपुर के सुबोध कुमार पांडेय ने थाना में मामला दर्ज कराया था। बताया गया था कि अपराधियो द्वारा दिए गए खाते में आनलाइन दो लाख 20 हजार रुपए नगद जमा कराया गया था इसके अलावा 70 हजार नगद राशि लेकर चालक को मुक्त किया था। छानबीन के दौरान पता चला कि पड़वा थाना क्षेत्र के कठौतिया बघमनवा टोला के ब्रजेश कुमार के खाता में आनलाइन पैसा ट्रांसफर किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल एक अपराधी राजेन्द्र यादव को पुर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने बताया कि इस घटना में दो अन्य आरोपी सुधीर कुमार गुप्ता पिता हरिलाल प्रसाद गुप्ता, थाना छतरपुर तथा नंदन सिंह पिता रामा सिंह ग्राम कजरी निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी दास ने बताया कि इस घटना अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। जल्द ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मनातू : हत्या के दो अभियुक्तों को जेल

**मनातू पलामू।** मनातू मे बीजेपी एसटी मोर्चा मनातू के अध्यक्ष प्रमोद सिंह के हत्या कांड मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों योगेंद्र महतो एवं शैलेंद्र महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# हनुमान जी की आराधना से क्षेत्र में आयेगी शांति व समृद्धि : कर्नल संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद( पलामू)।** प्रखंड के बेलबीघा पंचायत अंतर्गत ग्राम पोखरापर मे संकट मोचन हनुमान जी का दिव्य एवं भव्य प्रतिमा निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। धरवासडीह पीठाधीश्वर स्वामी केशवाचार्य जी महाराज के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं प्रवचन के साथ पूजा पाठ कराई गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह शामिल थे। मौके पर कर्नल संजय ने संकट मोचन हनुमान जी एवं मयार्दा पुरुषोत्तम राम जी के बीच शक्ति एवं भक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस तरह हनुमान जी ने भगवान राम को मयार्दा पुरुषोत्तम राम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए थे, ठीक उसी तरह इस क्षेत्र के इस गांव के विकास एवं समृद्धि तथा शांति के लिए इस ग्राम के राम भक्तों ने संकट मोचन हनुमान जी का दिव्य एवं भव्य प्रतिमा बनाने का जो संकल्प लिया है यह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की आराधना से क्षेत्र में समृद्धि व शांति आयेगी। मुख्य

पोखरापर में हनुमान मूर्ति स्थापना को लेकर भूमि पूजन



यजमान के रूप में जनेश्वर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी मीना देवी ने पूजन तथा महा आरती में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मेजर सूबेदार दीपक सिंह ने किया। विधि व्यवस्था में समाजसेवी मुकेश कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह एवं निजग्राम के राम भक्तों का योगदान सराहनीय रहा। पूजा संपन्न होने के बाद महाप्रसाद वितरण किया गया। मौके पर बेलबीघा पंचायत के पूर्व मुखिया लखन यादव, पूर्व मुखिया महुअरी लालधन ठाकुर, शिल्पकार नारायण, समाजसेवी अवधेश सिंह, चंद्रदीप सिंह, हरिहर सिंह, राकेश कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, दिनेश सिंह, अखिलेश सिंह, राहुल ठाकुर, ओम, लड्डू सहित सैकड़ों पुरुष एवं महिला धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

## भाजपा नेता ने नगर निगम आयुक्त को पंपूकल की स्थिति से कराया अवगत

**मेदिनीनगर।** भाजपा नेता परशुराम तिवारी ने नगर निगम के आयुक्त को पंपूकल का वीडियो भेजकर शहर में हो पेयजलापूर्ति की समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि बेलवाटिकर पप्पू कल का पानी सप्लाई का स्थिति वीडियो देखकर समझा जा सकता है। कहा कि ठेकेदार के द्वारा पीएचडी विभाग को सप्लाई लेता है, लेकिन मटेरियल नहीं डाला जाता है 27 फरवरी को 40 बोड़ा चूना लाया था 30 अप्रैल को भी 17 बोडा पड़ा हुआ है बिना सामान का पानी सप्लाई किया जाता



है। पानी आपूर्ति बिना फिल्टर किये शहरवासियों को भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि नदी से उठाकर सीधे पानी टंकी में भेजा जा रहा है। टंकी में लेबल टूटा होने के कारण पानी भरा नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनता को गंदा पानी की आपूर्ति किये जाने से बीमारी होने की आशंका है।

## जमीन संबंधित जुड़े मामले में लोगों को बेवजह नहीं करें परेशान : रामानंद पाठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड मेदिनीनगर के 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति कार्यालय में 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह महासचिव पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के रामानंद पाठक उर्फ छोटू पाठक की अध्यक्षता में सदर मेदिनीनगर अंचल के अंचल अधिकारी जेके मिश्रा, सभी हल्का के राजस्व कर्मचारी, अमीन एवं समस्त अंचल कर्मी के साथ बैठक की गई। बैठक में उपाध्यक्ष रामानंद पाठक ने अंचल अधिकारी से



जमीन संबंधित जुड़े मामले की जानकारी प्राप्त की। पाठक ने सदर मेदिनीनगर अंचल के सभी हल्का के राजस्व कर्मचारियों से पूछा कि बिना स्पष्ट कारण के बेवजह आखिर क्यों गरीब, वंचित, असहाय लोगों को अंचल का चक्कर लगाना पड़ रहा है, क्यों नहीं उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द निदान करने का प्रयास करें। उन्होंने यह भी कहा बहुत सारे ऐसे भी रैयत है जिनका अभी तक कंप्यूटर में ऑनलाइन प्रविष्टि नहीं हुआ है जिसके चलते मुआवजा राशि लेने में बहुत बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में सदर अंचल अधिकारी जे के मिश्रा, जतरू उरांव, गरिमा सहानी, धर्मराज मिश्रा, शीला पंडित, दीपक पांडे, प्रमोद सिंह, विजय सिंह, सुदर्शन सिंह, अमीन प्रयाग बैठा एवं अंचल के अन्य कर्मीगण उपस्थित थे।

### आरसीएम शॉपिंग प्वाइंट का उदघाटन



**चैनपुर पलामू।** नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर वन विभाग के समीप बुधवार को आरसीएम शॉपिंग प्वाइंट का उदघाटन शिक्षक संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आरसीएम का प्रोडक्ट को लोगों को दिनचर्या में लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को सामग्री सहजता से उपलब्ध होगा। आरसीएम बिजनेस टेक्निकल मुख्य वक्ता सियाराम तिवारी ने कहा कि शाहपुर के लिए सुनहरा अवसर है। आरसीएम बिजनेस में लगभग 600 से ज्यादा प्रकार की आम जरूरत की घरेलू उत्पाद आती है। मौके पर दीनानाथ मेहता, रॉयल्टी अचीवर जितेंद्र प्रसाद, लीडरशिप सत्येंद्र सूरज, आरसीएम बिजनेस के प्रोपराइटर विनय बैठा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पलामू जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता स्थगित

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कबड्डी एसोसिएशन के तत्वाधान में 6 मई को प्रातः 8:00 बजे से जी एल ए कॉलेज डाल्टनगंज के मैदान में सीनियर बालक/बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों को जामताड़ा के गांधी मैदान में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेना था। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो 17 से 19 मई को होना था अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की नई तिथि की घोषणा बाद में प्रकाशित किया जाएगा। प्रतियोगिता के तिथि की घोषणा के बाद जिला स्तरीय प्रतियोगिता की भी नई तिथि घोषित की जाएगी। इसकी जानकारी पलामू डिस्ट्रिक्ट कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमलानंद दूबे ने दी।

# बारालोटा में राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी दस लाख की लागत से दो मंदिर में गुंबद निर्माण करायेगा

**मेदिनीनगर।** राधा कृष्ण मंदिर निर्माण में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी पूर्ण सहयोग करेगी। राधा कृष्ण मंदिर के गुंबद निर्माण राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सौजन्य से कराया जाएगा। उक्त बातें राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) ने कही। पांडेय बुधवार को पांकी रोड बारालोटा भवानीनगर में राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के आधारशिला रखने के क्रम में बोल रहे थे। पांडेय ने कहा कि राधा कृष्ण मंदिर के गुंबद निर्माण के दौरान ही बारालोटा स्टेडियम के पिछे बन रहे मंदिर में भी गुंबद का निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ( पत्रकार) व संचालन पंकज शुक्ला ने किया। युवा



वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने भी अपने विचार रखे। मौके पर युवा वाहिनी के नवीन तिवारी, कृष्ण कांत चौबे, किशोर दूबे चंदन तिवारी, लल्लू पांडेय, विकास दूबे, अनील दूबे, बृजेश शुक्ला, मनु प्रसाद तिवारी, धनंजय जयसवाल, अरविंद कुमार ठाकुर, परशुराम सोनी, राधेश्याम जयसवाल, राहुल कुमार गुप्ता, गोविंद कुमार, सोनू सिंह, राम प्रवेश सिंह, छोटू भारती, सुरेंद्र झा , कयास ठाकुर, विश्वनाथ दुबे, अवध बिहारी सिंह, अवधेश सिंह, अमित कुमार यादव ,अमित कुमार, भास्कर पांडे, सरयू ठाकुर, अजय सिंह ,मयंक सिंह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## मौत को मात देकर पहुंची स्कूल अमृता



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कसियाडीह गांव निवासी प्रमोद विश्वकर्मा की 8 वर्षीय पुत्री अमृता कुमारी ने कैंसर जैसे लाइलाज बीमारी को मात देते हुए अपने विद्यालय राजकीय मध्य विद्यालय कसियाडीह पहुंची। अमृता को देखते ही विद्यालय परिवार के सभी सदस्य काफी उत्साहित दिखे। अमृता कक्षा दो की छात्रा है। बताया जाता है कि विगत 1 वर्ष पूर्व अमृता को ब्लड कैंसर हो गया था। धीरे-धीरे उसका स्वास्थ्य गिरने लगा था। कुछ दिनों के बाद अमृता को ब्लड की जरूरत पड़ने लगी थी। उसके माता-पिता किसी तरह सगे संबंधियों से पैसा लेकर ब्लड की व्यवस्था करते थे। मजबूरी में पिता प्रमोद विश्वकर्मा ने जीविका के साधन वेल्डिंग मशीन को भी बेच डाला था। बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर होमी जहांगीर भाभा कैंसर हॉस्पिटल बनारस में अमृता को भर्ती कराया गया था। जहां 8 माह तक उसका इलाज चला। वहां कई लोगों ने अमृता को ब्लड डोनेट करते हुए कुछ आर्थिक मदद भी किया करते थे। मध्य विद्यालय कसीयाडीह के शिक्षक एवं बच्चों के द्वारा भी अमृता को 7000 रूपए का आर्थिक सहयोग किया गया था। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गोविंद प्रसाद ने कहा कि निश्चित रूप से हॉस्पिटल के डॉक्टर और गांव समाज के लोगों के दुआ का प्रभाव व बच्ची के माता-पिता का अथक प्रयास से अमृता ने मौत को पराजित कर दिया है। हम सबों को पूर्ण विश्वास है कि अमृता एक विजेता की तरह पूर्ण स्वस्थ होकर हम लोगों के बीच पहले की तरह रहेगी। वही उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से अमृता को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

### स्कूल वैन में लगी आग जलकर खाक



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरा वन पहाड़ी के पास गुरुवार को एक स्कूली वैन में अचानक आग लग गई। बाल बाल बच्चे स्कूली बच्चे व चालक। घटना अपराहन 12 बजे के आसपास की बताई जा रही है है। बताया जाता है कि एम एस पब्लिक स्कूल सेमरा से छुट्टी होने के बाद बच्चों को लेकर वेन उनके घर बलहिया गांव जा रहा था। तभी अचानक स्कूल वैन में आग लग गया। राहगीरों ने स्कूली वैन में आग लगा देख मदद को दौड़े व बच्चों को सुरक्षित स्थान पर ले गए। सभी बच्चे सुरक्षित हैं उन बच्चों को उनके घर पहुंचा दिया गया है। घटना की सूचना पाकर चैनपुर थाना की टीम मौके पर पहुंची एवं घटना की जानकारी लिए। थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रथम दृश्टया लगता है कि गाड़ी में आग शॉर्ट सर्किट होने के कारण लगी होगी। फिर भी पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी गहनता से जांच कर रही है और घटना का वास्तविक कारण पता लगाने का प्रयास करेगी।

# वाईजेके ने अंबेडकर पार्क के नजदीक पड़े जख्मी वृद्ध को पहुंचाया अस्पताल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** युवा जागृति केंद्र हर वंचित, पीड़ित एवं जरूरतमंद व्यक्ति के साथ खड़ा है। यह तब देखने को मिला जब स्थानीय अंबेडकर पार्क के नजदीक पड़े अज्ञात व्यक्ति की सहायता के लिए युवा जागृति केंद्र के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर प्रयास किया।





युवा जागृति केंद्र के वरिष्ठ सदस्य जायद खान की दृष्टि एक जख्मी अज्ञात व्यक्ति पर पड़ी जिनका पैर अत्यंत ही दयनीय अवस्था में था। जख्म इतना बढ़ चुका था कि जख्म से कीड़े आसानी से दिखाई दे रहे थे। व्यक्ति कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं थे। जायद खान ने युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा को संपर्क किया गया। राजन सिन्हा के निर्देश पर तत्काल दर्जनों कार्यकर्ता अंबेडकर पार्क परिसर में गये। कार्यकर्ताओं की पहल एवं प्रयास से पीड़ित व्यक्ति को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉ अमित कुमार ने आश्वासन दिया की मरीज की हरसंभव सेवा एवं उपचार किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने भी समय-समय पर उपरोक्त व्यक्ति के स्थिति पर नजर बनाए रखने एवं आगे भी हर संभव सहायता देने की बात कही। मौके पर जायद खान, बादल, नीरज तिवारी, मंगल सिंह, प्रिंस सिंह, श्रवण सिंह, मोहित साहू, कृष्णा यादव, रितिक, सत्यम, अभिषेक, आनंद, राहुल, चंदन सिंह, उपेंद्र यादव, एस एस खान एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कोयला लदे वाहन की चपेट में आने से दंपती की मौत, 21 घंटा तक सड़क जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार की रात्रि टंडवा- कल्याणपुर मुख्य सड़क स्थित असनातरी में सड़क दुर्घटना होने से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार रात्रि करीब साढ़े आठ बजे कल्याणपुर की ओर से आ रही अज्ञात कोल वाहन ने बड़गांव निवासी 35 वर्षीय राजकुमार उरांव एवं उनकी पत्नी 30 वर्षीय झुबो देवी जो अपने ससुराल मांडर जा रहे थे। इसी दौरान अस्नातरी के समीप अज्ञात कोल वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे दोनों पति पत्नी का घटनास्थल पर हीं मौत हो गई। घटना के पश्चात मृतक के परिजन एवं अक्रोशित ग्रामीणों ने मुवाबजा एवं नौकरी की मांग को लेकर शव को सड़क पर रख कर सड़क जाम कर दिया। इसकी सूचना मिलते हीं टंडवा पुलिस निरीक्षक रंजीत रौशन ने अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर घटना का जायजा लिया। 21 घण्टे तक सड़क जाम होने के बाद प्रशासन द्वारा काफी जद्दोजहद के बाद परिजनों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया। समाधान में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रैंथु महतो, अंचलाधिकारी विजय कुमार दास पुलिस निरीक्षक रंजित रौशन एवं विजय कुमार सिंह ने मुवाबजा दिलाने एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने तथा परिजनों को समझाने का कार्य किया। प्रशासन के काफी सक्रिय प्रयास के बाद सड़क जाम को शाम पांच बजे हटाया गया। वार्ता में निर्णय लिया गया कि कोल वाहनों का परिचालन अगले निर्णय तक बंद रखा जाएगा। सड़क जाम से राहगीरों को दिन भर परेशानी का सामना करना पड़। इधर परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल था।

स्पीड न्यूज

## बिरसानगर : एंटी क्राइम चेकिंग में चोरी की बाइक के साथ युवक धराया



**जमशेदपुर।** गत 2 मई 2023 को बिरसानगर थाना क्षेत्र में रात्रि में एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक हीरो होंडा पैशन मोटरसाइकिल जेएच 05 एजी 1077 को चेक किया गया जो गाड़ी चोरी की निकली। इसके बाद विधिवत मोटरसाइकिल को जब्त कर मोटरसाइकिल चालक को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। अभियुक्त सुभाष चंद्र महतो पे. फानी भूषण महतो सा. छोटा खुर्शी थाना – गालुडीह को विधिवत माननीय न्यायालय में अग्रसारण कर जेल भेज दिया गया।

## स्नेहा महतो ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**चांडिल।** ईंचागढ़ प्रखंड के सोड़ो पंचायत के आदरडीह गांव में बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम व छोऊ नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ कीकू महतो व विधायक सविता महतो की बेटी स्नेहा महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। स्नेहा ने कहा सांस्कृति हमारी पहचान है इसे बचाए रखने की जरूरत है।

## शादी समारोह में शामिल हुई स्नेहा महतो

**चांडिल।** विधायक सविता महतो के बेटी स्नेहा महतो ने चांडिल के छोटालाखा में महिला नेत्री जास्मिन के बेटी के शादी समारोह, चांडिल के मुखिया मनोहर सिंह के बेटी की शादी समारोह में पहुंची इस दौरान उनके साथ चांडिल के पूर्व जिला परिषद सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक भी उपस्थित थे। इसके अलावा स्नेहा महतो ने कुंकडू के युधिष्ठिर महतो एवं बसंत पोद्दार के बेटी शादी समारोह में शामिल हुए। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबुल महतो, शंकर लायेक उपस्थित थे।

## मायुमं स्टील सिटी सुरभि शाखा की अध्यक्ष बनी निशा



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा सत्र 2023–24 हेतु बुधवार की देर शाम को संपन्न हुए चुनाव में निशा सिंघल 10 वोट से जीतकर अध्यक्ष चुनी गयी। दो प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। निशा सिंघल को 27 और रजनी बंसल को 17 वोट मिला। कुल 70 वोटर थे, जिसमें 44 मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग किया। मतों की गिनती के बाद मुख्य चुनाव अधिकारी मनीषा संघी ने निशा सिंगल की जीत की घोषणा की। इस संबंध में निर्वतमान अध्यक्ष उषा चौधरी ने बताया कि एक सप्ताह पहले कार्यकारिणी की बैठक हुई थी। जिसमें सर्वसम्मति नहीं बनने के कारण आज चुनाव कराया गया। उन्होंने बताया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया भरत अग्रवाल एवं सुगम सरायवाला के देखरेख में संपन्न हुआ। इस चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने में प्रमुख रूप से विजय खेमका, भरत अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, ममता अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, विनीता नरेड़ी आदि का योगदान रहा।

## बरसात से पहले विकास योजनाएं पूरी करे जेएनएसी : सरयू राय

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी को पत्र लिख कर निर्देशित किया है कि जो विकास योजनाएं धीमी गति से चल रही हैं इसमें तेजी लाएं और बरसात शुरू होने के पहले ये काम हर हालत में पूरा कराएं। विधायक ने कहा है कि भालूबासा में जम्बो अखाड़ा के सामने पुल के किनारे दर्जनों दुकानें मेरे विधायक बनने के पहले से बनी हुई हैं। तीन साल बीत गये पर इनका आवंटन नहीं हुआ, इनमें ताला लटके पड़े हैं। इस क्षेत्र से विधायक निर्वाचित होने के कुछ दिन बाद मैंने तहकीकात की तो पता चला कि इन सभी दुकानों की चाभी तत्कालीन विधायक प्रतिनिधि ने अपने पास रख लिया है। ऐसा उन्होने अपनी इच्छा के अनुसार दुकानें आवंटित करने के लिये किया है। बड़ी मशककत के बाद दूकानें की चाभियां अक्षेस कार्यालय ने उनसे लिया। मुझसे कहा गया कि विधायक निधि से दुकानों के सामने पेवर ब्लाक बिछवा दूँ। मैने बिछवा दिया। मुझे बताया गया की दुकानों का आवंटन कर दिया गया। इसके बावजूद दूकानें तो नहीं खुलीं पर मेरे नाम का उद्घाटन शिलापट्ट तोड़ दिया गया जो आजतक नहीं लगा है और न ही दुकानें खुलीं।

## वाहन जांच अभियान : 43 वाहनों से काटा फाइन

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा की टीम ने जुबली पार्क में वाहन जांच अभियान चलाया। जांच टीम में डीआरएसएम प्रकाश कुमार गिरी, सड़क सुरक्षा अभियान्त्रिक नवीन कुमार व आईटी सहायक अजय कुमार शामिल थे। अभियान में 43 लोगों को मौके पर चालान करते हुए 62,000 रूपए का जुमार्ना वसूला गया।

# ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने 10 गरीब ठेला वालों को बनाया ठेला का मालिक

## ट्रस्ट ने जकात और डोनेशन में मिली राशि से बांटा स्थायी रोजी का जरिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानव सेवा ही लक्ष्य हमारा के स्लोगन के तहत बुधवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट, मानगो की ओर से 10 ठेला रिक्शा चालकों के बीच रिक्शा का वितरण किया। चूंकि कुछ रिक्शा रेडी नहीं हो पाये थे इसलिए आज 8 लाभुकों को ही रिक्शा सौंपा गया। शेष को दो दिन के भीतर सौंप दिया जायेगा। ट्रस्ट के चेयरमैन मतीन-उल हक अंसारी ने खबर मन्त्र से कहा कि कुछ गैर-मुस्लिम जरुरतमंद ठेला वालों को भी ठेला का मालिक बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक कमेटी जरुरतमंद ठेला वालों का चयन करने में जुटी हुई है। बता दें कि ये रिक्शा चालक पहले भाड़े पर रिक्शा लेकर चलाते थे और अपनी मेहनत की कमाई से पैसा काट कर रिक्शा मालिकों को भाड़े से काट कर पैसे दिया करते थे । इससे उनकी आमदनी कम हो जाती थी। ऐसे में प्रति ठेला 24000 रुपये की लागत से इन लोगों को मालिक बनाने का निर्णय ट्रस्ट ने लिया ताकि इनका जीवन स्तर ऊंचा हो सके। ठेला की खरीद में रमजान महीने में मिले जकात की राशि के साथ-साथ समाज के सक्षम लोगों से मिली डोनेशन राशि शामिल है। यह पहला मौका है जब संगठित रुप से किसी सामाजिक संगठन ने जकात के पैसे का उपयोग गरीब को स्थायी रोजी देने में किया है। ह्यूमैन वेल्फेयर ट्रस्ट की ओर से आज ओल्ड पुरुलिया रोड आजाद मैरेज हाल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि आजादनगर थाना प्रभारी राकेश कुमार और विशिष्ट अतिथि जीआरपी टाटानगर थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान एवं डॉक्टर निधि श्रीवास्तव,समाजसेवी आसिफ महमूद, समाज सेवी इलियास खान, शफी अहमद सफी, अल कबीर पॉलीटेक्निक कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर मोहम्मद सलीम, धनबाद रेलवे यूनियन के मोहम्मद जियाउद्दीन, मकबूल आलम,आसिफ महमूद, हाफिज वसीमुल्लाह के हाथों रिक्शा चालकों को रिक्शा के ताले चाबी एवम फूलों का गुलदस्ता भेंट कर रिक्शा का मालिक बनाया। रिक्शा ठेला का मालिक बन कपाली के मुहम्मद सलीम अख्तर ने कहा कि मेरी ज़िंदगी का मकसद था के मेरे पास अपना खुद का एक ठेला हो। आज उस मकसद को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने पूरा किया। ठेला रिक्शा पाने वाले नबी आलम,अजीज, मोहम्मद बसीर, मोहम्मद गोप और मोहम्मद रिजवान ने भी खुशी का इजहार किया। इस प्रोग्राम में प्रोफेसर अहमद बद्र ने संस्था की सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि एमजीएम अस्पताल में दो दिन जरूरतमंदों को भोजन कराना ठंड के दिनों में लोगों के लिए कंबल का इंतजाम करना,बेसहारा फुटपाथों पर रहने वाले लोगो के लिए अलाव का इंतजाम करना, राहगीर को थाना पानी उपलब्ध करने के लिए पानी घर का निर्माण करना और प्रशासन के साथ मिल कर जरूरतमंद के लिए स्वस्थ शिविर एवं राहत कार्य करना इनके काफी सराहनीय कार्य में से है। सभा का संचालन मुख्तार आलम खान ने किया, जबकि धन्यवाद गया नादिर खान ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कबीरिया स्कूल के हेडमास्टर रिजवान अहमद, शाकिर अजीमाबादी, जमीअत के हाफिज अनवर, मास्टर शमी अहमद, मुमताज शरीक,जमील असगर, शमशाद बेगम नसीमा, मौजूद थे। बुधवार को हुए इस कार्यक्रम को कामयाब बनाने में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, सैयद आसिफ अख्तर, मोइनुद्दीन अंसारी, शाहिद परवेज, मोहम्मद एजाज अंसारी,अफताब आलम, फैजुल हक अंसारी, हाजी फिरोज असलम, अब्सार अहमद, अजीज हसनैन, सरदार जसवंत सिंह, तूफैल अखतर अंसारी, एहतसामुररहमान, का बहुत बड़ा योगदान रहा।

**शाबाश : रिक्शा ठेला मिलते ही छलके खुशियों के आंसू**



चयनित रिक्शा चालकों को रिक्शा सौंपते अतिथिगण।

# टाटा स्टील का सकल राजस्व दो लाख 43 हजार, 553 करोड़ रुपये पहुंचा

## शेयरधारकों को मिलेगा प्रति शेयर 3.60 रुपये लाभांश

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील लिमिटेड ने गत मंगलवार की देर शाम अपना वित्तीय परिणाम जारी कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2022- 23 के दौरान कंपनी का सकल राजस्व 243553 करोड रुपए रहा इस अवधि में कंपनी का शक्ल शुद्ध मुनाफा 8,075 करोड़ रुपए रहा। मार्च 2023 में खत्म तिमाही के दौरान कंपनी ने कुल 62,962 करोड़ रुपए का सकल राजस्व हासिल किया। कंपनी का मुनाफा में सुधार हुआ है क्योंकि भारतीय ऑपरेशन के परफॉर्मेंस में काफी सुधार है।

वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान कंपनी ने भारत में सकल 19.9 मिलियन टन क्रूड स्टील का उत्पादन किया जो टाटा स्टील के कुल उत्पादन का 65% है। घरेलू बाजार में स्टील की डिलीवरी 11% ज्यादा हुई है और मिक्स प्रोडक्ट में काफी सुधार है। कंपनी में स्टील डिलीवरी में 9% इजाफा करते हुए तिमाही के दौरान 5.15 मिलियन टन का स्कोर हासिल किया है । वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनी के प्रदर्शन को देखते हुए बोर्ड आफ डायरेक्टर्स ने 3. 60 रुपए लाभांश देने की घोषणा की है।



टाटा स्टील के सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन।

**भारत में 2030 तक 40 मिलियन टन सालाना क्षमता हासिल करेंगे : नरेंद्रन**

टाटा स्टील के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन ने कंपनी के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत में हम लोग मल्टीपल प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं ताकि 20 30 तक भारत में 40 मिलियन टन प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता हासिल कर सकें । कलिंगा नगर में विस्तारीकरण जारी है और सीआरएम कांप्लेक्स में एचपीआर कॉयल का उत्पादन जारी है। नीलांचल इस्पात निगम लिमिटेड भी पिछले 2 माह से उत्पादन क्षमता में सुधार किया है और एक मिलियन क्रूड स्टील उत्पादन क्षमता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस कंपनी के अधिग्रहण के 9 माह के भीतर हम लोग बंद कंपनी में उत्पादन दोबारा चालू करने में सफल हुए हैं। हम लोग पंजाब में इलेक्ट्रिक अर्क फर्नेस मिल लगाने की दिशा में भी प्रगति पर है। तिमाही के दौरान यूरोप में स्टील की डिलीवरी 9% बढ़ी है वहां के सीआरएम मिल का आधुनिकीकरण प्रगति पर है। नरेंद्रन ने वर्ष 2045 तक कंपनी को नेट जिओ बनाने के लिए रणनीति पर लगातार काम करने के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की है, क्योंकि कंपनी के प्लांट विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों में है इसलिए वहां के स्थानीय रेगुलेटरी फ्रेमवर्क सरकारी सहयोग और कस्टमर की प्रतिबद्धता के अनुरूप ग्रीन स्टील उत्पादन की दिशा में काम करते रहेंगे। नरेंद्रन ने बताया कि टाटा स्टील प्रदूषण कम करने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। इस दिशा में जमशेदपुर के ब्लास्ट फर्नेस में बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन इंजेक्टिंग की सुविधा का ट्रायल शुरू कर दिया गया है। यह दुनिया में अपनी तरह का पहला प्रयोग है। उन्होंने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सूचित किया कि टाटा स्टील को लगातार छठी बार वर्ल्ड इकोनामिक फोरम द्वारा सस्टेनेबिलिटी चैंपियन का खिताब दिया गया है। जहां तक टाटा स्टील यूरोप की बात है तो वहां कंपनी ने 9293 मिलियन यूरो का राजस्व हासिल किया है। टाटा स्टील के एग्जुक्टिव डायरेक्टर सह चीफ फाइनेंशियल ऑफीसर कौशिक चटर्जी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि वैश्विक बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रहने के बावजूद कंपनी 30 बिलीयन डॉलर सकल राजस्व हासिल करने में कामयाब हुई है। कंपनी ने अपनी भारतीय परिचालन से कुल मुनाफे का 20% हासिल किया है जबकि यूरोप में 5% ज्यादा मुनाफा हासिल हुआ है।

## बीएसएल निदेशक प्रभारी ने किया जल जीव विहार का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने जवाहर लाल नेहरू जैविक उद्यान में ईडी (संकार्य) बी के तिवारी, ईडी (परियोजना) सी आर महापात्रा, ईडी (एफ एंड ए) सुरेश रंगानी, ईडी (पी एंड ए) राजन प्रसाद, ईडी (माइंस) जे दासगुप्ता, सीजीएम (टी ए) बी एस पोपली, सीएमओ डॉ बी बी करुणामय व अन्य वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में नवीकृत जल जीव विहार का उद्घाटन किया। नवीकृत जल जीव विहार में लगभग पचास अक्वेरियम हैं जिनमें चालीस से अधिक प्रकार के मछली तथा अन्य जल जीव हैं। एनिमल एक्सचेंज के प्रावधानों के तहत जैविक उद्यान बोकारो में राँची की चिड़ियाघर से दो नर तेंदुआ लाए गए और रांची चिड़ियाघर को जैविक उद्यान बोकारो से दो मादा तेंदुआ दिए गए हैं। निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश व पदाधिकारियों ने जैविक उद्यान के इन नए सदस्यों के बारे में जानकारी ली तथा जैविक उद्यान की अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।

## नवमनोनीत पदाधिकारियों को आनंद बिहारी दूबे ने दिये सांगठनिक मंत्र



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में नवनियुक्त जिला पदाधिकारी का बैठक जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में सुबह 10 बजे आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम परिचय सत्र के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष के साथ अपना परिचय साझा किया। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले भर में हर हाल में संगठनात्मक सशक्तिकरण के कार्य सभी पदाधिकारियों को सम्पादित करना है। जिम्मेवारी का निर्वहन में जिला उपाध्यक्षों को एआईसीसी एवं प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदत्त सभी कार्यक्रम को सफल बनाना है, विधान सभावार एवं प्रखण्डवार आंदोलन और संगठनात्मक कार्यक्रम को सफल बनाना है। सभी जिला महामंत्रियों को प्रखण्ड स्तर पर बड़ी जिम्मेवारियों को निर्वहन करना है।

## पूर्व सीएम रघुवर दास ने काटा बर्थ डे केक

भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी अपने प्रिय नेता को मिल कर बधाई

गृहमंत्री अमित शाह, यूपी सीएम समेत कई वरिष्ठ राजनीतिकों ने दी बधाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के जन्मदिन को भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। बुधवार को सुबह से ही एग्रिको स्थित आवासीय कार्यालय पर बधाई देने के लिए कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा। रघुवर दास ने दिन की शुरूआत सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में पूजा-अर्चना कर झारखंड सहित जमशेदपुरवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। वहीं, उन्होंने अपने जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पौधरोपण कर इसके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया। एग्रिको स्थित आवासीय कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के संग आकर्षक केक कटिंग कर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने पुष्पगुच्छ, पौधा, पुस्तक व अंगवस्त्र भेंटकर पूर्व सीएम रघुवर दास के उत्तम स्वास्थ्य व दीघार्यु जीवन की कामना की।



## मासस ने बैठक में संसदीय चुनाव लड़ने का लिया निर्णय



**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर तीन स्थित जिला कार्यालय में मासस जिला कमिटी पदाधिकारियों, प्रखंड पदाधिकारियों, पंचायत कमेटी पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता मासस जिलाध्यक्ष दिलीप तिवारी ने एवं संचालन जिला सचिव गयाराम शर्मा ने की। जनहित के मुद्दों पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार जनविरोधी नीतियों को अपनाए हुए है। ऐसी जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने हेतु मार्क्सवादी समन्वय समिति 2024 का चुनाव जोरदार ढंग से लड़ेगी और यही कामरेड ए के राय,बिनोद बिहारी महतो एवं गुरदास चटर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर मासस जिला सह सचिव भीम रजक, लाल मोहन रजवार, नईम अंसारी, दिलीप ओझा, अमर चक्रवर्ती, महादेव शर्मा, भरत लाल ठाकुर, मो. कमाल, मायुमो जिला अध्यक्ष सुरेश महतो, जीतून अंसारी, ऐनुल अंसारी, शशि कुमार, रामदास दे, अजय कुमार महतो, सपन कुमार महतो, मंगल मुर्मू, उमेश कुमार महतो, असगर अंसारी, फिरोज अंसारी, जियाउल हक आदि उपस्थित रहे।

## विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर नाम्या स्माइल फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, 102 से अधिक पत्रकारों की हुई स्वास्थ्य जांच

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** समाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन एवं फोर्टिस अस्पताल कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' के अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन साकची स्तिथ अग्रसेन भवन में किया गया। नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाड़ंगी ने वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक राधेश्याम अग्रवाल को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं प्रशांत सिंह पुतुल और वरिष्ठ महिला पत्रकार सह लेखिका अन्नी अमृता को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। शिविर का विधिवत शुभारंभ उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस स्वास्थ्य शिविर में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, पोर्टल न्यूज समेत रेडियो जगत के 102 से अधिक मीडियाकर्मियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस शिविर की विशेषता रही कि शिविर में विशेष रूप से फोर्टिस अस्पताल कोलकाता टीम के सदस्य डॉ. एस जे सिंह, जनरल फिजिशियन डॉ. पंकज कुमार, दंत चिकित्सक डॉ. अफसाना, दंत चिकित्सक डॉ. आर के साह फिजियोथेरेपी, आई टीम–एएसजी आई हॉस्पिटल, सहयोगी बिकेश सिन्हा, कैंप प्रबंधक विकास अग्रवाल, शिविर समन्वयक राहुल कुमार, शुगर टेक्नीशियन विजय कुमार, ब्लड प्रेशर टेक्निशियन राजकपूर प्रसाद, व बीएमआई, हाइट, वजन, शुगर टेक्नीशियन पत्रकारों की जांच के लिए मौजूद रहे। इस जांच शिविर में अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा लोगों की नि:शुल्क जांच की गई और पीड़ितों को दवा और चश्मा भी नि:शुल्क मुहैया कराया गया। इस अवसर पर कुणाल षाड़गी ने कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर जान जोखिम में डाल कर लोगों तक खबर पहुंचाने वाले पत्रकारों की स्वास्थ्य जांच के लिये ही यह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आवाम एवं समाज की आवाज और उनकी भावनाओं को सरकार तक पहुंचाने में पत्रकारों की अहम भूमिका है, इसलिए पत्रकारों की स्वास्थ्य की चिंता करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।

इस मौके पर नाम्या स्माइल फाउन्डेशन से बिमल बैठा, धर्मेंद्र प्रसाद, इंदरजीत सिंह, सतप्रीत सिंह, धवल सेट, पुर्नेन्दु आचार्या, संतोक सिंह, सूर्या राव, राजवीर सिंह, भूषण ढींगरा समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।





## लोकतंत्र के पहरेदार वीडियो इंटरनेट पर खूब हो रहा है वायरल



**जमशेदपुर।** अंतराष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस पर एक वीडियो एलबम 'लोकतंत्र के पहरेदार' सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है विशेष रूप से पत्रकारों के बीच यह गीत खूब पसंद किया जा रहा है इसे फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, ट्वीटर, व्हाट्सएप पर ज्यादा शेयर किया जा रहा है पिछले वर्ष इस वीडियो एलबम को लांच किया गया था। इस वीडियो एलबम में झारखंड बिहार के चर्चित गायक अजीत अमन ने आवाज दी है। इस गीत में विशेष रूप से कोरोना काल में जान गंवाने वाले पत्रकारों की याद व चौथे स्तंभ की भूमिका पर बनाई गई है। इस वीडियो एलबम का निर्माण नेहिष साफ्टवेयर सोल्यूशन के चेयरमैन अवनीश श्रीवास्तव और शिक्षक आलोक राज सिंह है वहीं निर्देशक मनोज पाण्डे और गीतकार अमित तिवारी हैं। गायक अजीत ने बताया कि गीत के लिरिक्स में पत्रकारिता की स्वतंत्रता और स्वाभिमान को दिखाया गया है।

# समस्याओं का समाधान करे प्रबंधन: पूर्णिमा

खबर मन्त्र संवाददाता

**अलकडीहा।** झरिया बलिया पुर मुख्य मार्ग लाटने व लोदना क्षेत्र में चल रही आउटसोर्सिंग परियोजना से उड़ती धूलकण, विस्थापन, पानी बिजली सहित अन्य समस्याओं से प्रभावित लोगों की जनहित मुद्दों को लेकर गंभीर झरिया विधायक सह जनता मजदूर संघ की संयुक्त महामंत्री पूर्णिमा नीरज सिंह ने समर्थकों के साथ क्षेत्रीय प्रबंधन के साथ वार्ता हुआ। जयरामपुर और कुजामा में जबसे आउटसोर्सिंग परियोजना शुरू हुई हैं तबसे आसपास के लोग परियोजना से उड़ती धूलकण एवं विस्थापन कि समस्या से प्रभावित हैं। आउटसोर्सिंग परियोजना के चलते झरिया बलियापुर कि मुख्य सड़क को प्रभावित होता देख विधायक ने भड़कते प्रबंधन को सड़क कि सुरक्षा के लिए 45 मीटर कि दूरी पर खनन कार्य करने को कहा। उक्त सड़क कि सुरक्षा को लेकर उन्होंने प्रबंधन से उसके लोगों के साथ डीजीएमएस अधिकारियों को लेकर गुरुवार को निरीक्षण कराने कि बात कही। जमसं बच्चा गुट कि ओर से दस सूत्री मांगों पर संघ कि संयुक्त महामंत्री सह विधायक पूर्णिमा सिंह ने जयरामपुर परियोजना के जद में आनेवाले जयरामपुर व बागडिगी के लोगों को सुविधा के साथ सुरक्षित पुनर्वास कराने , निर्बाध रूप से बिजली पानी कि आपूर्ति कराने ,परियोजना के कार्यक्षेत्र का सीमांकन एरिया की घेराबंदी कराने,प्रदूषण नियंत्रण को धूलकण पर जल छिड़काव कराने , साइडिंग के मजदूरों का पीएफ की दो साल की बकाया राशि को जमा कराने सहित अन्य मांगों को लेकर क्षेत्रीय कार्यालय में जीएम से वार्ता कर समस्या के अविलंब समाधान करने को कहा। संघ की मांगों पर जीएम बीके सिन्हा ने विधायिका से कहा की जयरामपुर में तीन आवास को छोड़कर अन्य आवासों को परियोजना विस्तारीकरण से तीन वर्षों तक विस्थापन का कोई खतरा नहीं होने तथा प्रभावित तीनों आवासों को अतिशीघ्र सुविधा के साथ आवास मुह ?या कराने का आश्वासन दिया। जीएम ने कहा प्रदूषण नियंत्रण को प्रबंधन गंभीर हैं। जल छिड़काव के लिए पांच टैंकरों को लगाया गया हैं। उन्होंने तीन टैंकर और जल्द ही जल छिड़काव में लगाने ,परियोजना की घेराबंदी कराने और सड़क मरम्मती कराने सहित संघ की सभी मांगों से संबंधित समस्याओं का अविलंब समाधान कराने का आश्वासन दिया। वार्ता के दौरान एक बंगला में एक खास यूनियन के नेता को अवैध रूप से प्रबंधन द्वारा कब्जा दिलाने को लेकर संघ समर्थकों ने जीएम सहित अन्य अधिकारियों कि हंगामा करते हुए जमकर फजीहत किया।



**खबर एक नजर में**

## टाटा स्टील के हेड हाशमी जमील को अवार्ड



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील लिमिटेड के हेड (इनवायरमेंट एंड फॉरेस्ट मैनेजमेंट रॉ मैटेरियल्स स्ट्रेटजी ग्रुप) हाशमी जमील हुसैन को नयी दिल्ली में आयोजित तीसरे वार्षिक इएसजी समिट एंड अवार्ड 2023 में टॉप सस्टेनब्लिटी चैम्पियन अवार्ड से सम्मानित किए गए हैं। अवार्ड मिलने पर प्रतिक्रिया देते हुए हाशमी ने खबर मन्त्र से कहा कि मैं इस पुरस्कार को हासिल करने में अपने सभी दोस्तों और सहयोगियों के भारी समर्थन के लिए आभारी हूं। तीसरा वार्षिक ईएसजी शिखर सम्मेलन और पुरस्कार 2023 भारत के सबसे बड़े गेम–चेंजिंग मीट में से एक है, जो बिजनेस लीडर्स को बिजनेस, लचीलापन और ग्रोथ चलाने में ईएसजी की पूरी क्षमता को अनलॉक करने में मदद करता है।

## इनर व्हील क्लब ने लगाया जागरुकता शिविर

**जमशेदपुर।** कानूनी जागरूकता महिलाओं को न्याय के लिए लड़ने का साहस देती है। जमशेदपुर पूर्व के इनर व्हील क्लब ने नमदा बस्ती गोलमुरी की 45 महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया। जानी–मानी वकील संगीता झा इस अवसर पर अतिथि वक्ता थीं। उन्होंने विभिन्न महिलाओं से संबंधित कानूनों के तहत प्रदान किए गए बुनियादी कानूनी अधिकारों और उपायों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया, जिससे वे वास्तविक जीवन की स्थितियों में चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें। उन्होंने महिलाओं को नि:शुल्क कानूनी सेवाएं प्राप्त करने के तरीके बताए। क्लब की अध्यक्ष अचर्ना जी ने कहा कि हमारा मकसद गरीब और वंचित महिलाओं को न्याय सेवाओं की तलाश और मांग करने के लिए सशक्त बनाना है। इस अवसर पर क्लब की उपाध्यक्ष संपा, कोषाध्यक्ष नीलिमा, संपादक अंजू बाला और सदस्य प्रीति सिन्हा विशेष रुप से उपस्थित थीं।

स्पीड न्यूज

## डुगडुगी बजाकर चिपकाया इस्तेहार

**सिमरिया।** मयूरहंड पुलिस ने बुधवार को लावालोंग थाना क्षेत्र अंतर्गत सहावन गांव में डुगडुगी बजाकर बृजेश गंजू उर्फ सरदार जी उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता के घर इतिहास चिपकाया है। मालूम हो कि मयूरहंड थाना कांड संख्या 90 /2018 धारा 147/ 148 /149 /341/ 448 /353/ 380/ 350/387 भा. द.वि एवं 17 (I)(I) सीएलए एक्ट एंड 10/13 यूएपी एक्ट के अंतर्गत सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए ठेकेदार को जान से मार देने की धमकी देते हुए लेवी रंगदारी मांगने से संबंधित मामला दर्ज था।

## महायज्ञ के अवसर पर भव्य जागरण का आयोजन

**टंडवा (चतरा)।** गाडीलौंग में नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हेतु तीन दिवसीय श्री श्री 1008 प्राण प्रतिष्ठा मारुति नंदन महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ की दूसरे दिन भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जिसकी शुभारंभ यज्ञ समिति के अध्यक्ष दीपू चौरसिया सचिव सुरेश यादव कोषाध्यक्ष सुधीर चौरसिया समेत अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

## जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में दलपति से पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से दलपति से पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति हेतु तीन अभ्यर्थियों का आवेदन रखा गया। उपायुक्त ने इन तीनों आवेदकों के आवेदन के जरूरी दस्तावेज का जांच किया। अद्यतन आवासीय प्रमाण पत्र, वैवाहिक स्थिति का शपथ पत्र, आचरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा वांक्षित दस्तावेज प्राप्त हो जाने पर चयन समिति की अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

## पंसस ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**भवनाथपुर।** उतरी पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर ने बुधवार को राजकीय बुनियादी विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री ठाकुर ने मिड डे मिल के तहत भोजन कर रहे छात्र-छात्राओं से भोजन के बारे में जानकारी प्राप्त किया। साथ ही विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विभूति प्रकाश से बच्चों की संख्या, शिक्षकों की संख्या, पेयजल आदि की जानकारी प्राप्त किया। प्राचार्य ने विद्यालय के समस्याओं से भी पंचायत समिति सदस्य को अवगत कराते हुए निदान कराने का आग्रह किया। पंचायत समिति सदस्य चन्दन ने बताया कि क्षेत्र के सभी सरकारी संस्थान की गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा।

## नैक एग्रीडेशन को लेकर बैठक संपन्न

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पीजी हिन्दी विभाग में नैक के आलोक में रिसर्च इनोवेशन एक्स्टेंशन टीम की बैठक बुधवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ निलेश कुमार ने किया। बैठक में रिसर्च के अंतर्गत आने वाले सभी उप- विषयों पर बारीकी से चर्चा किया गया। बैठक में सहमती बनी की प्रेषित वार्षिक रिपोर्ट की समीक्षा के पूर्व नैक के रिपोर्ट का अध्ययन किया जाना आवश्यक है। साथ ही कई अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई।

## सावधानी बरतें तो स्ट्रोक नहीं है जानलेवाः डॉ संजीव

**गढ़वा।** ब्रेन, स्ट्रोक, स्पाइनल, पार्किंसन, लकवा, मिर्गी, चलने में दिक्कत, नसों और मसल्स में दिक्कत,एक आंख से दिखाई देना, एक ही वस्तु दो-दो दिखाई देना जैसी समस्या में से किसी एक या उससे ज्यादा तकलीफ से प्रायः लोग ग्रसित हो रहे हैं। इन बीमारियों के बारे में यहां तक कहा जाता है कि इनमें से किसी परेशानी के ग्रस्त व्यक्ति जिंदगी भर दवा पर आश्रित हो जाता है और उसे हर क्षण मौत की घण्टी सुनायी देती है। लेकिन ऐसा नहीं है। यह दावा है देश की राजधानी दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में लंबे समय तक इन रोगों का इलाज करने वाले न्यूरोलॉजिस्ट डॉ संजीव कुमार शर्मा का।

### आरोपी की सफाई साक्ष्य की तिथि हुई मुकर्रर, केस में बहस होगी शुरू

# चर्चित पेट्रॉल हत्या कांड के गवाहों की गवाही पूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** चर्चित पेट्रॉल हत्या कांड मामले के सभी गवाहों की गवाही प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह पोक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश रमेश चंद्रा की अदालत में अब तक पूरी हो गयी है। अदालत ने दोनों आरोपियों का भी बयान दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपियों की अब सफाई साक्ष्य के लिए अगली तिथि मुकर्रर की गई है। सफाई साक्ष्य की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कोर्ट में बहस चालू होगी। इस केस के चार्जशीट में 26 गवाह बनाए गए है। चार्जशीट विटनेस के अलावे अनुसंधानकर्ता, एसआईटी, एफएसएल के एक्सपर्ट की भी गवाही पूरी हो चुकी है। यहां बता दें कि एकतरफा प्रेम में आरोपी शाहरुख हुसैन ने बीते 23 अगस्त 2022 को सोए अवस्था में खिड़की से किशोरी पर पेट्रॉल उड़ेल आग लगा दी दिया था। जिसकी इलाज के दौरान 27 अगस्त को रांची रिम्स में मौत हो गई थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी शाहरूख हुसैन को घटना के दिन ही गिरफ्तार कर लिया था। जबकि दूसरे आरोपी नईम उर्फ छोटू को किशोरी की मौत के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजी थी। पेट्रॉल हत्या कांड को लेकर दुमका में पीड़िता के समर्थन में लोगों ने जमकर बवाल मचाया था। दो समुदाय के बीच काफी तनावपूर्ण महौल हो गया था।

हत्या कांड के विरोध में स्थानीय लोगों ने जमकर आंदोलन कर आरोपियों की फांसी की सजा की मांग किया था। देश और राज्य के कई दिग्गज राजनेता भी दुमका आए गए थे। घटना को लेकर पुलिस ने एसआईटी टीम का गठन किया था। पुलिस ने एक माह के अंदर ही चार्जशीट कोर्ट में समर्पित कर दिया था। 23 सितम्बर को चार्ज फ्रेम हुआ था। इसके बाद 27 सितम्बर से गवाहों की गवाही शुरू हुई। गवाहों की गवाही पूरी होने के बाद दोनों आरोपी के बयान लिए गए। अब कोर्ट ने सफाई साक्ष्य के लिए अगली तिथि मुकर्रर की है। गौरतलब हो कि इस कांड में बाद ऐसी ही कई घंटाएं सामने आयी। इस घटना के बाद जरमुंडी और गोपीकांदर थाना क्षेत्र में भी प्रेमिका को पेट्रॉल उड़ेल जला मार डालने का मामला समाने आया। मानो जैसे सनकी प्रेमी के लिए यह फैशन बन गया हो। पुलिस ऐसी सभी घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेजी। सभी मामले न्यायालय में चल रहे है।

## आईटी सेल का उद्घाटन, मिशन 24 पर हुई चर्चा

**गढ़वा।** भाजपा के झारखण्ड प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने शहर के उत्सव गार्डेन में जिले भर के कार्यकताओं के साथ बैठक की। बैठक मुख्य रूप से मिशन 24 पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि नेता चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो उसे बूथ से जुड़ना ही पड़ेगा। उन्होंने सभी नेताओं, कार्यकताओं को बूथ स्तर तक जाकर कार्य करने की नसीहत दी। कहा कि पैर में चक्कर, मुंह मे शक्कर, सीने में आग और माथे पर बरफ कार्यकताओं की पहचान होनी चाहिए।उन्होंने बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, मण्डल अधयक्ष और मण्डल प्रभारियों की अलग बैठक की।

## जिला स्थापना समिति व अनुकम्पा समिति की हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकम्पा समिति की बैठक की गई। जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकंपा समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 11 मामलों को रखा गया। बैठक में उपायुक्त ने प्राप्त सभी आवेदनों को एक-एक कर आवश्यक दस्तावेजों का जांच किया। दस्तावेजों में शामिल आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजातों की



गहन जांच कर पर्याप्त कागजातों वाले दो आवेदक जिनका दस्तावेज सही पाया गया है। उन दो आवेदकों को अनुकंपा के आधार पर जल्द नियुक्ति पत्र देने समेत अन्य निर्देश दिए। साथ ही शेष आवेदक जिनके दस्तावेज में कमी पाई गई है उसको पूर्ण करते हुए अगले बैठक में रखने का निर्देश दिया। बताते चले की मयूरहंड प्रखंड के मृत्य सरकारी कर्मी के आश्रित पुत्र रोहित कुमार गिरी एवं अंचल टंडवा के मृत्य सरकारी कर्मी के आश्रित पुत्र रौशन कुमार को चतुर्थ वर्ग के लिए अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति का लाभ दिया गया। स्थापना की बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में लंबे समय से कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मियों का पदस्थापन, स्थानांतरण नहीं किया गया है। वैसे लिपिक संवर्ग के कर्मियों को आवश्यकता को देखते हुए नियमानुसार पदस्थापन, स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति शीघ्र करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, स्थापना पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## समाज में लैंगिक अवधारणा पर कार्यशाला आयोजित



अभ्यास करती छात्राएं

**दुमका।** समाज में लैंगिक अवधारणा की समझ को स्पष्ट करने एवं दिशा देने को लेकर एसपी महिला कॉलेज में बुधवार को दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ हुआ। कार्यशाला का विषय 'अंडर स्टैंडिंग जेंडर एंड वियोंड' रहा। दो दिवसीय कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए संयोजिका ज्योत्सना बाः ने कहा कि लैंगिक उन्मुखीकरण कार्यशाला में समाज में लैंगिक असमानता, चुनौतियों एवं समाधान के बारे में विभिन्न गतिविधियों द्वारा विचार विमर्श किया जाएगा।

## डीसी ने चेंबर ऑफ फार्मर्स संग की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** प्रखंड कार्यालय रानेश्वर में चैंबर ऑफ फार्मर्स की बैठक बुधवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी रविशंकर शुक्ला ने किया। बैठक में विभिन्न पंचायतों से किसान एवं चैंबर ऑफ फार्मर्स के सदस्य उपस्थित थे। डीसी ने सभी किसानों से उनके द्वारा उगाई जा रही फसल की जानकारी ली। डीसी ने बताया कि चेंबर ऑफ फॉमर्स के गठन के उद्देश्य के किसानों एवं व्यवसायियों के बीच मार्केट लिंकेज की संभावना को बढ़ावा देना है। जिला स्तरीय सहयोग समिति बनाने की भी तैयारी चल रही है।

इस दौरान किसानों ने अपनी समस्या डीसी के समक्ष रखी। जिसपर डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को अविलंब स्थल पर पहुंचकर कार्रवाई करने का निर्देश



बैठक करते डीसी व अन्य

दिया। डीसी ने बताया कि नई तकनीक की जानकारी से किसानों को काफी लाभ पहुंच रहा है। सरकार की योजनाओं की जानकारी और लाभ समेत कई फायदे इसके गठन से लगातार किसानों को मिल रहे हैं। बैठक में निदेशक डीआरडीए, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, आत्म निदेशक सहित अन्य उपस्थित थे। इसी क्रम में डीसी ने साक्षरता कर्मियों के साथ बैठक कर उनके काम में होने वाली समस्याओं के बारे में जाना। डीसी ने साक्षरता कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए और भी अधिक लोगों को साक्षर करने की बात कही। बैठक में उपस्थित सीडीपीओ, बीईओ को आपस में समन्वय बनाते हुए लक्ष्य अनुरूप कार्य करें। बैठक में इसके बाद डीसी ने ग्राम प्रधानों, मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ बैठक की।

## बड़े भाई व चाचा की पत्थर से कुचलकर की हत्या



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर अनुमंडल के सोनुवा थाना क्षेत्र के पाताहातु गांव में मंगलवार की रात छोटे भाई वने ही अपने ही बड़े भाई 35 वर्षीय मंगता गागराई व चाचा 55 वर्षीय मोईका गागराई ने लाठी-डंडे से पीटने के बाद पत्थर से कुचल कर हत्या कर दी। घटना के समय मृतक व हत्यारा तीनों नशे में धुत्त थे। घटना को अंजाम देने के बाद बुधवार सुबह हत्यारा छोटे भाई बुधराम गागराई पैदल चलते हुए सोनुवा थाना सरेंडर करने आ रहा था। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद घटना स्थल जा रही पुलिस की टीम ने आधे रास्ते में स्थित पोटोबेड़ा के पास हत्यारा बुधराम गागराई को गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधराम गागराई ओड़िशा के बेलपहाड़ में रहता है।

## अपराधियों पर चलेगा स्पीडी ट्रायल : कानून मंत्री

**पूर्वी चंपारण।** बिहार के कानून मंत्री डॉ. शमीम अहमद ने बढ़ते अपराध को लेकर योगी मॉडल की मांग पर बड़ा बयान देते हुए बुधवार मोतिहारी में कहा कि जब सारे फैसले सीएम ही करेगे,तो कोर्ट की क्या जरूरत है। उन्होंने कहा जो लोग बिहार में उत्तर प्रदेश जैसे हालात बनाने और योगी मॉडल की मांग कर रहे है, उन्हे पहले न्यायालय को बंद करा देना चाहिए।कहा कि बिहार सरकार अपराध पर लगाम लगाने के लिए कृत संकल्पित है,बढती जनसंख्या को देखते हुए एक थाने में दो-दो थानाध्यक्ष रखे जायेगे।ताकि आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने के लिए राज्य सरकार ने बीते दिनों फैसला लिया गया कि पटना जिले के थानों में अब दो-दो थानेदार होंगे। उल्लेखनीय है,कि मंत्री डा.शमीम अहमद जिले के छतौनी थाना क्षेत्र में एक मई को हुए गैंगवार में घायल युवकों से मिलने पहुंचे थे।

## प्रशासनिक शिविर का आयोजन, सुनी समस्याएं



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड के गुलकेड़ा पंचायत अन्तर्गत लुपुंगबेड़ा गांव में बुधवार को प्रशासनिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, पंचायती राज पदाधिकारी मनोज कुमार सिन्हा, मुखिया लक्ष्मी केराई उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उसके निदान की मांग की। मुखिया लक्ष्मी केराई ने बीडीओ के नाम पत्र सौंपते हुए कई समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। शिविर में ग्रामीणों ने खराब पड़े 11 चापाकलों की मरम्मत की मांग की।

## सम्पूर्ण हिन्दू समाज का केंद्र होगा संघ कार्यालय : संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** हिन्दू समाज के संगठन में जुटे आरएसएस का अब गढ़वा में भी अपना कार्यालय होगा। बुधवार को गढ़वा-रेहला रोड के निकट स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के समीप आरएसएस के गढ़वा जिला कार्यालय का भूमिपूजन किया गया। बता दें कि झारखंड विधुत बोर्ड के चेयरमैन पलामू जिले के गोदरमा गांव के वीएन पांडेय ने संघ कार्यालय के लिए जमीन दान की थी। गढ़वा में कार्यालय निर्माण को लेकर संघ के पलामू विभाग कार्यवाह राजीव कुमार सिंह लगातार प्रयासरत थे। उन्होंने विभाग और जिला स्तर के कार्यकताओं से



भूमि पूजन में उपस्थित गणमान्य

कई बार चर्चा की थी। इस अवसर पर संघ के झारखण्ड प्रान्त कार्यवाह संजय कुमार ने कहा कि संघ हिन्दू समाज का संगठन करता है। गढ़वा जिले में इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही थी। यहां के कार्यकताओं ने इस कार्य को चुनौती पूर्ण लिया है। कार्यालय के बन जाने के बाद यह किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि सम्पूर्ण हिन्दू समाज का केंद्र बन जायेगा। इस मौके पर सह प्रान्त कार्यवाह धनन्जय सिंह, सामाजिक सद्भाव क्षेत्र टोली के सदस्य राकेश लाल, प्रान्त ग्राम विकास प्रमुख महेंद्र

### गढ़वा में आरएसएस कार्यालय का भूमि पूजन, पहुंचे कई दिग्गज

जी, प्रान्त बौद्धिक प्रमुख ज्वाला तिवारी, भाजपा के झारखंड प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, विद्या भारती के क्षेत्रीय मंत्री ख्याली राम जी, विभाग प्रचारक व्यापक जी, कार्यवाह राजीव कुमार सिंह के अलावे संघ विचार परिवार के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संघ के प्रांत कार्यवाह संजय कुमार ने कार्यालय निर्माण के लिये भवन निर्माण समिति की घोषणा की। जिसमें प्रांत बौद्धिक प्रमुख ज्वाला तिवारी को संरक्षक, विभाग कार्यवाह राजीव कुमार सिंह को समिति का अध्यक्ष बनाया गया। सतीश मिश्र और पवन कुमार को उपाध्यक्ष, बिनोद जायसवाल को सचिव, अशोक पटवा, संजय ठाकुर और दीनदयाल राम को सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों ने कार्यालय के निर्माण में पूरा सहयोग करने का वचन दिया। साथ ही कहा कि इसके निर्माण में आर्थिक समस्या बाधा नहीं बनेगी। महा प्रसाद के बाद कार्यक्रम पूर्ण हुआ।

एक नजर में

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नीतीश ओडिशा और झारखंड का करेंगे दौरा

**पटना।** लोकसभा-2024 की तैयारी को लेकर सभी राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर से जोर-आजमाईश कर रहे हैं। इसी कड़ी में बिहार के मुख्यमंत्री भी लगातार विपक्षी एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से नेताओं के साथ मेलजोल बढ़ा रहे हैं। इसकी कड़ी बिहार के सीएम शुक्रवार को ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक से मुलाकात करने जा सकते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक से मुलाकात कर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर सकते हैं। इससे पहले नीतीश कुमार दिल्ली में तीन दलों के नेताओं से मुलाकात की थी। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, दिल्ली के सीएम केजरीवाल और फिर वाम दलों के नेता सीताराम येचुरी और डी राजा से मुलाकात की थी और 2024 की तैयारी के मद्देनजर रणनीति को पुख्ता किया था। नीतीश कुमार के झारखंड दौरे से पहले मंगलवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने रांची में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी और कई मुद्दों पर चर्चा की।

## मरम्मत के बाद एसडीओ कार्यालय व न्यायालय कक्ष का हुआ उद्घाटन

**चक्रधरपुर।** पोड़ाहाट-चक्रधरपुर अनुमंडल कार्यालय भवन में पुनः मरम्मति के उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय एवं न्यायालय कक्ष का लोकार्पण किया गया। प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर अजय लिंडा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं उपायुक्त अनन्य मित्तल उपस्थित रहे। लोकार्पण के उपरांत वरीय पदाधिकारियों द्वारा अनुमंडल कार्यालय भवन अंतर्गत संचालित अन्य मरम्मति कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रीना हंसदा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कपिल चौधरी, अपर समाहर्ता ओम प्रकाश गुप्ता, सीआरपीएफ 60 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी सुनील कुमार खत्री, उप कमांडेंट जियाउल हक, अनिल कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी ललन कुमार, गिरिजानंद किस्कु सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकताः थानाध्यक्ष

**हंसडीहा।** हंसडीहा थाना के नये थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह को बनाया गया है। बुधवार की सुबह थाना प्रभारी श्री सिंह ने हंसडीहा स्थित बालेश्वरनाथ मंदिर में विधवत पूजा-अर्चना कर पदभार ग्रहण कर किया। इस दौरान निवर्तमान थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने नये थाना प्रभारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पद भार ग्रहण के बाद थाना प्रभारी श्री सिंह ने थाना में पदस्थापित पुलिसकर्मियों से मिलकर थाना क्षेत्र से संबंधित जानकारी ली। साथ ही पुलिसकर्मियों को उचित मार्गदर्शन दिया। इस दौरान अपराधों पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता बताया। साथ ही कानून व्यवस्था को बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। विदित हो कि थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह 2018 बैच के दरोगा है। इससे पहले वे दुमका जिले के जरमुंडी, शिकारीपाड़ा और खास कर जामा में थाना के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं।

## बासुकीनाथ में श्रावणी मेला को लेकर एसडीएम ने की बैठक

**बासुकीनाथ।** तीर्थ नगरी बासुकीनाथ में श्रावणी मेला के आयोजन को लेकर बुधवार को मंदिर के प्रशासनिक भवन में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम कौशल कुमार ने किया। बैठक में पंडा पुरोहित व स्थानीय अधिकारियों संग श्रावणी मेला को सफल बनाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर गंभीर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रुप से मेला क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने पार्किंग के लिए जगह चिन्हित करने, बैरिकेडिंग स्थल का चयन कर नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा मंदिर की आंतरिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर बिंदुवार चर्चा की गई। इसके तहत मंदिर परिसर में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने दुकान लगाने के तरीके एवं मंदिर प्रवेश पास को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद अभयकांत प्रसाद ने मंदिर में चढ़ावे की राशि की फिजूलखर्ची पर रोक लगाने की मांग की।

## एसकेएमयू के यूजी सेमेस्टर 1 के परीक्षा फार्म भरे जायेंगे 10 मई से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के द्वारा एनईपी 2020 के तहत यूजी सेमेस्टर 1 सत्र 2022-26 परीक्षा 2022 का परीक्षा फार्म भरने की तिथि बुधवार को जारी हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा फार्म 10 से 18 मई तक ऑनलाईन भरने की तिथि निर्धारित है। विलंब शुल्क 200 रुपए के साथ 19 से 22 मई तक भरे जायेंगे। विलंब शुल्क 500 रुपए के साथ 23 से 26 मई तक फार्म भरे जायेंगे। छात्र-छात्राओं को ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने के बाद हार्ड कॉपी कॉलेज एवं विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा।

## एसकेएमयू संताली स्पोकेन वर्ग संचालन होगी अब 6 मई से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के 2 मई को निर्गत सूचना को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 2 मई को निर्गत सूचना 4 मई से संताली स्पोकेन कोर्स का वर्ग प्रारंभ होना स्थगित किया गया है। स्पोकेन वर्ग अब 4 मई के जगह 6 मई से प्रारंभ होगी। संताली स्पोकेन वर्ग संचालन 6 मई से दिग्घी कैंपस मुख्यालय के संताली विभाग में सप्ताह में तीन दिन चलेगी। वर्ग संचालन साढ़े 8 बजे से साढ़े 9 बजे तक गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार को होगी।

## 70 हजार ठगी का मामला दर्ज

**रानेश्वर।** कैंसर पीड़ित परिवार के महिला से सहिया के पति शिबधन हेम्ब्रम द्वारा 70 हजार रुपये ठगी करने के मामले को लेकर टोंगरा थाना में बुधवार को प्राथामिकी दर्ज हुई। जानकारी के अनुसार शिवधन हेम्ब्रम एवं उनके पत्नी नियुती मुर्मू पर धारा 420/34 के तहत प्रथामिकी दर्ज किया गया है। ज्ञात हो की केंसर पीड़ित परिवार के महिला धनमुनि किस्कू ने थाना सहित डीसी, रानेश्वर के बीडीओ, सीओ को भी लिखित आवेदन दिया था। जिसमें धनमुनि के पुत्र सोहन हेम्ब्रम ने बुधवार को रानेश्वर प्रखंड कार्यलय में डीसी से भेट कर कार्रवाई करने का मांग किया था। पता चला कि डीसी के आश्वासन के बाद ही थाना में प्राथामिकी दर्ज हुई।

## नये थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने मसानजोर थाना का पदभार किया ग्रहण

**मसानजोड़।** मसानजोड़ थाना में बुधवार नए थाना प्रभारी सुगना मुंडा बुधवार को योगदान किया। निर्वतमान थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार कुमार महतो ने नवनियुक्त थाना प्रभारी को पदभार सौंपा। निर्वर्तमान थाना प्रभारी प्रफुल्ल महतो जरमुंडी थाना में एसपी के निदेर्शानुसार पदस्थापित हुए। निर्वतमान थाना प्रभारी प्रभारी प्रफुल्ल कुमार ने नया थाना प्रभारी शुगना मुंडा को गुलदस्ता देकर किया सम्मानित। यहां बता दें कि प्रफुल्ल कुमार मृदु भाषी थे। किसी भी मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थल पर पहुंच कर सामाधान करते थे। थाना क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी सम्मान देते थे। सड़क सुरक्षा को लेकर प्रफुल्ल कुमार महतो ने सड़क से हटिया एवं सभी विद्यालयों में सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के लोगों को किया जागरूक करने का काम किया।






# पहली बार एकाना पहुंचे धोनी, राजीव शुक्ला ने किया सम्मानित




एजेंसी

**लखनऊ।** आइपीएल 2023 का 45वां मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 3 मई को लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। लखनऊ अपने ही होम ग्राउंड में पिछले 3 मुकाबले हारा है। वहीं अब मैच से पहले एकाना स्टेडियम में माही का खास सम्मान भी किया गया है।

### एकाना स्टेडियम में हुआ धोनी का सम्मान

लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में आइपीएल के पूर्व चेयरमैन और बीसीसीआई के वाइस प्रेजिडेंट राजीव शुक्ला ने एमएस धोनी का खास सम्मान किया है। उन्होंने माही को सम्मान के रूप में अवॉर्ड दिया है। बता दें कि धोनी पहली बार एकाना स्टेडियम में खेल रहे हैं। वहीं सबको ऐसा लग रहा है कि यह धोनी का आखिरी आइपीएल होने वाला है। सब उनको उसी तरह से विदाई देने की भी कोशिश कर रहे हैं। लेकिन धोनी ने लखनऊ में टॉस के समय ऐसा जवाब दिया जिससे सब दंग रह गए।

### धोनी का यह आखिरी आइपीएल नहीं

एमएस धोनी ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ टॉस के दौरान कुछ ऐसे संकेत दिए हैं, जिससे लग रहा है कि यह माही का आखिरी आइपीएल नहीं है। वह अभी और खेलेंगे। न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और आईपीएल कॉमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने जब धोनी को पूछा कि 'आप अपना आखिरी आइपीएल सीजन कैसे एन्जॉय कर रहे हैं? इस पर धोनी ने कहा 'आपने फैसला किया है कि यह मेरा आखिरी सीजन है, मैंने नहीं'। धोनी के इस बयान से लग रहा है कि वह शायद इस सीजन के बाद भी आइपीएल में खेलते हुए नजर आएंगे।

## धोनी को लखनऊ में देखकर उत्सुक हुए फैंस, बोले- उन्हें देख लिया बहुत है...

**लखनऊ :** इकाना स्टेडियम यूं तो लखनऊ सुपर जायंट्स का होम ग्राऊंड है और इस नाते किसी भी विरोधी टीम के खिलाफ उसे समर्थन मिलना बनता है मगर जब मैदान पर महेंद्र सिंह धोनी मौजूद हों तो क्रिकेट के दीवाने हर सीमा को लांघकर अपने चहेते क्रिकेटर के लिए सब कुछ भूलने को तैयार रहते हैं। ऐसा ही नजारा बुधवार को अदब के शहर लखनऊ में चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच आइपीएल मैच में देखने को मिला। हजारों प्रशंसक धोनी को जी भर कर निहारने की तमन्ना लिए स्टेडियम की ओर खिंचे चले आ रहे थे। धोनी की 7 नंबर की जर्सी के आज विक्रेताओं को मुंह मांगे दाम मिले। चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान धोनी की 7 नंबर की जर्सी पहने प्रशंसकों से इकाना स्टेडियम पटा नजर आया। क्रिकेट के दीवाने धोनी को देख कर यह भूल चुके थे कि उन्हें अपनी टीम एलएसजी का सपोर्ट करना है। एलएसजी का विकेट गिरने पर मैदान पर सन्नाटा नहीं बल्कि शोर उमड़ घुमड़ रहा था, मानो चेन्नई ही लखनऊ की घरेलू टीम हो। धोनी के समर्थन में दर्शक बड़े बडे पोस्टर बैनर मैदान में लेकर आये थे जिससे स्टेडियम पीले समंदर में तब्दील होता प्रतीत हो रहा था। हम उसे आइपीएल के सीजन दर सीजन मैदान पर देखना पसंद करेंगे। हालांकि यह संभव नहीं है क्योंकि हर खिलाड़ी को एक न एक दिन मैदान से विदाई लेनी पड़ती है।









## बारिश ने धोया चेन्नई व लखनऊ के बीच मुकाबला

**लखनऊ।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच आइपीएल का मुकाबला यहां बुधवार को बारिश की भेंट चढ़ गया। टास हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम ने 19.2 ओवर में सात विकेट पर 125 रन बनाये थे कि इस बीच बारिश के कारण पिच को कवर कर दिया गया। रूक रूक कर हो रही बारिश और मैदान गीला होने के कारण मैदानी अंपायर अनिल चौधरी और निखिल पटवर्धन ने शाम छह बज कर 54 मिनट पर मैच रद्द करने की घोषणा की। हार जीत के फैसले के बिना खत्म हुये इस मुकाबले में लखनऊ और चेन्नई को एक एक अंक मिला।

## सनराइजर्स, केकेआर के बीच होगी बराबरी की टक्कर

**हैदराबाद।** एडेन मार्करम की सनराइजर्स हैदराबाद और नीतीश राणा की कोलकाता नाइट राइडर्स गुरुवार को यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर इंडियन प्रीमियर लीग के लीग मैच में आमने-सामने होंगी। मेजबान टीम जहां पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को मात देने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज होगी, वहीं केकेआर पिछले चार में से तीन मैच हारने के बाद लय तलाश रही होगी। दोनों टीमें हालांकि छह-छह अंकों के साथ अंक तालिका में क्रमशः आठवें और नौंवे स्थान पर हैं इसलिये यह मुकाबला बराबरी का होने की उम्मीद है। यह देखने योग्य होगा कि खब्बू बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पिछले मैच में तूफानी अर्द्धशतक जड़ने के बाद बतौर ओपनर बने रहेंगे, या इंग्लैंड के हैरी ब्रूक अपनी जगह लौटते हैं। ब्रूक अब तक टूनार्मेंट में संघर्ष करते नजर आये हैं और उनका एकमात्र बड़ा स्कोर (100 नाबाद) ओपनिंग करते हुए आया है।




## चोट के कारण उनादकट आइपीएल से बाहर

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट बाएं कंधे की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के आने वाले मैचों से बाहर हो गए हैं। सुपर जायंट्स ने बीसीसीआइ की मेडिकल टीम से सलाह के बाद उनादकट को रिलीज कर दिया है। उल्लेखनीय है कि रविवार को नेट्स में अभ्यास सत्र के दौरान उनादकट नेट को ऊपर रखने वाली रस्सी में पांव फंसने के कारण गिर गए जिससे उनके कंधे में चोट आई थी।

## दुबई करेगा ग्लोबल चेस लीग की मेजबानी

**दुबइ।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और टेक महिंद्रा के संयुक्त उपक्रम ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) ने दुबई को अपने उद्घाटन संस्करण के लिये मेजबान स्थल के रूप में चुना है। आयोजकों ने बुधवार को इसकी घोषणआ की। इस अवसर पर दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत डॉ अमन पुरी, पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन और फिडे उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद, टेक महिंद्रा के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीपी गुरनानी, ग्लोबल चेस लीग बोर्ड के चेयरमैन जगदीश मित्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे निशांत

**ताशकंद।** युवा भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने बुधवार को दमदार प्रदर्शन के साथ अजरबैजान के सरखान अलीयेव को हराकर आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाज चैंपियनशिप 2023 के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। निशांत ने 71 किग्रा भार वर्ग के पहले चरण में पूर्व विश्व चैंपियनशिप मेडलिस्ट अलीयेव को 5-0 से मात दी। अजरबैजानी मुक्केबाज ने अपने भारतीय प्रतिद्वंदी को शुरू में कड़ी चुनौती दी लेकिन निशांत अपनी ताकत और सर्वोच्च तकनीक का प्रयोग कर जीत हासिल करने में सफल रहे। करनाल के 22 वर्षीय मुक्केबाज ने दूर से हमला करने और एक के बाद एक मजबूत मुक्के बरसाकर श्रेष्ठ कौशल दिखाया।

## मेसी दो सप्ताह के लिये निलंबित

**पेरिस।** फ्रांस के अग्रणी फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लियोनेल मेसी को क्लब की अनुमति के बिना सऊदी अरब की यात्रा करने के लिये दंडित किया है। पीएसजी के एक सूत्र ने बताया कि क्लब ने मेसी को निलंबित किया है। फ्रांसीसी मीडिया आरएमसी और ल इक्विप के अनुसार, मेसी पर दो सप्ताह का प्रतिबंध लगाया गया है, जिसके तहत वह प्रशिक्षण और मैच में हिस्सा नहीं लेंगे और उन्हें कोई वेतन भी नहीं दिया जायेगा।

## बल्लेबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंचे जमान

**दुबई।** शानदार फॉर्म में चल रहे पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध जारी पांच मैचों श्रृंखला के दो मैचों में लगातार दो शतक जड़ने के बाद बुधवार को आईसीसी की एकदिवसीय रैंकिंग में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान हासिल कर लिया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) की नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में जमान बल्लेबाजों की सूची में 784 रेटिंग पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि उनके कप्तान बाबर आजम (887) शीर्ष पर हैं। जमान ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध क्रमश: 117 और 180 रन बनाये, जिसके लिये उन्हें दोनों मुकाबलों में प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

## यूरोप में बरकरार रखेंगे आत्मविश्वास : हरमनप्रीत

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग में टीम के अच्छे प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि वह इसी आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता के यूरोपीय चरण में प्रवेश करना चाहते हैं। भारत ने ओडिशा के राउरकेला में खेले गये हालिया प्रो लीग मुकाबलों में विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया को मात दी थी। हरमनप्रीत की टीम वर्तमान में नव-नियुक्त मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के नेतृत्व में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण की तैयारी कर रही है। यूरोप से लौटने के बाद हरमनप्रीत की टीम चैंपियन्स ट्रॉफी में हिस्सा लेगी, जो सितंबर में हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण साबित होगा।

## तेपे सिगमन सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज : भारत के गुकेश और अर्जुन होंगे खिताब के दावेदार

**स्टाकहोम स्वीडन।** तेपे सिगमन सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज टूनार्मेंट में इस बार दो भारतीय खिलाड़ी नजर आएंगे। प्रतियोगिता में 8 खिलाड़ी राउंड रॉबिन आधार पर आपस में कुल 7 क्लासिकल मुकाबले खेलेंगे जो की 4 मई से शुरू होकर 10 मई तक खेले जाएंगे। भारत के युवा ग्रांड मास्टर और विश्व नंबर 17 2732 फीडे रेटिंग वाले डी गुकेश को प्रतियोगिता में शीर्ष वरीयता दी गयी है जबकि भारत के ही ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगासी को दूसरी वरीयता मिली है। अन्य खिलाड़ियों में जर्मनी के विन्सेंट केमर, नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट , रूस के पीटर स्वीडलर, इजराइल के बोरिस गेलफंड, मेजबान स्वीडन के निल्स ग्रंडेलीयूस और यूएसए के अभिमन्यु मिश्रा को क्रमश: तीसरे से लेकर आठवीं वरीयता दी गयी है। प्रतियोगिता में पहली 40 चालों को चलने के लिए प्रति खिलाड़ी 90 मिनट दिये जायेंगे और उसके बाद बचे हुए मैच के लिए 30 मिनट का समय और दिया जाएगा जबकि पहली चाल से हर चाल पर 30 सेकंड का समय जुड़ता रहेगा।

## ईशान-सूर्या के तूफान के आगे ढेर हुए पंजाब के शेर



एजेंसी

**मोहाली।** ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव की तूफानी फिफ्टी से मुंबई इंडियंस ने पंजाब को किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला मोहाली में खेला गया था और इंडियन प्रीमियर लीग 2023 का 46वां मैच था। इस मैच में मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। मैच में पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 214 रनों का स्कोर खड़ा किया था जिसके जवाब में मुंबई ने 7 गेंद शेष रहते ही मैच को अपने नाम कर लिया। पंजाब के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस की शुरूआत कुछ खास नहीं रही थी। कप्तान रोहित शर्मा बिना खाता खोले ही पवेलियन वापस लौट गए थे। हालांकि इसके बाद ईशान ने मुंबई के लिए मोर्चा संभाल लिया। ईशान को कुछ के लिए कैमरून ग्रीन का साथ मिला लेकिन असली रंग जमा ग्रीन के आउट के होने बाद। कैमरून ग्रीन 18 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव क्रीज पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। उसके बाग फिर क्या था। दोनों छोर से पंजाब के गेंदबाजों की जमकर पिटाई। ईशान और सूर्या के बीच 100 से अधिक रनों की साझेदारी हुई। ईशान किशन मुंबई के लिए 41 गेंद में 75 रनों की पारी खेल कर आउट हुए। अपनी इस पारी में उन्होंने 7 चौके और 4 छक्के भी लगाए। वहीं सूर्यकुमार यादव 31 गेंद में 66 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 8 चौके और 2 छक्के लगाए। हालांकि जि अंदाज में ये दोनों बल्लेबाजों ने अपना खेल दिखाया ऐसा लगा कि वह टीम को जीत दिला कर ही वापस लौटेंगे लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। ईशान और सूर्या के आउट के बाद भी मुंबई की रन गति में कमी नहीं आई। टीम के लिए तिलक वर्मा और टिम डेविड ने टीम को आसान जीत दिला दी। टिम डेविड ने 10 गेंद में 19 रनों की पारी खेली जबकि वर्मा ने 10 गेंद में 26 की तूफानी पारी खेली।

### स्कोर कार्ड

**पंजाब : 214/3 (20ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन कै. किशन बो. खान | 09 | 07 | 1/0 |
| धवन स्टंप. किशन बो. चावला | 30 | 20 | 5/0 |
| मैथ्यू शॉर्ट बोल्ड चावला | 27 | 26 | 2/1 |
| लियान लिविंग्स्टन नाबाद | 82 | 42 | 7/4 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 49 | 27 | 5/2 |

**अतिरिक्त** : 17

**विकेट पतन**: 1-13, 2-62, 3-95.

**गेंदबाज** : कैमरन ग्रीन : 2-0-15-0, अरशद खान : 4-0-48-1, जोफ्रा आर्चर : 4-0-56-0, पीयूष चावला : 4-0-29-2, कुमार कार्तिकेय : 3-0-24-0, आकाश मधवाल : 3-0-37-0.

**मुंबई: 216/4 (18.5 ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा कै. शॉर्ट बो. ऋषि | 00 | 03 | 0/0 |
| किशन कै. ऋषि बो. अर्शदीप | 75 | 41 | 7/4 |
| ग्रीन कै. अर्शदीप बो. एलिस | 23 | 18 | 4/0 |
| सूर्यकुमार कै. अर्शदीप बो. एलिस | 66 | 31 | 8/2 |
| टिम डेविड नाबाद | 19 | 10 | 3/0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 26 | 10 | 1/3 |

**अतिरिक्त** : 07

**विकेट पतन**: 1-0, 2-54, 3-170, 4-178.

**गेंदबाज**: ऋषि धवन : 3-0-20-1, अर्शदीप सिंह : 3.5-0-66-1, सैम करन : 3-0-41-0, नाथन एलिस : 4-0-34-2, राहुल चाहर : 3-0-30-0, हरप्रीत ब्रार : 2-0-21-0.

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 | +0.532 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 4 | 11 | +0.639 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 4 | 11 | +0.329 |
| राजस्थान | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.800 |
| बेंगलुरु | 9 | 5 | 4 | 8 | -0.030 |
| पंजाब | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.447 |
| मुंबई | 9 | 5 | 4 | 10 | -0.502 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.147 |
| हैदराबाद | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.577 |
| दिल्ली | 9 | 3 | 6 | 4 | -0.768 |

**पर्पल कैप**



मोहम्मद शमी
गुजरात
विकेट: 17

**औरेंज कैप**



डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 466

## बजरंग ने प्रदर्शन स्थल के समीप चार सितारा होटल में सुविधाएं लेने पर किया बचाव



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बजरंग पूनिया ने बुधवार को जंतर मंतर के निकट एक महंगे होटल में सुविधाओं के इस्तेमाल पर अपना बचाव करते हुए कहा कि प्रदर्शन में शामिल महिलाओं को मूलभूत जरूरतें पूरी करने के लिये निजता की जरूरत है। बजरंग और उनकी पत्नी संगीता फोगाट की होटल के रेस्त्रां में खाना खाते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। बजरंग ने कहा यह भी फैलाया जा रहा है कि कोई जंतर मंतर पर नहीं रह रहा लेकिन यहां मीडिया के काफी लोग रात में भी होते हैं। हमारे साथ महिलायें हैं और उन्हें कपड़े बदलने, नहाने के लिये निजता की जरूरत है। वे सड़क पर तो नहीं कर सकते। उन्होंने कहा उन्हें वॉशरूम भी चाहिये। जंतर मंतर पर जो वॉशरूम है, उसमें पानी नहीं आता। यही वजह है कि हमने कमरे लिये हैं । धरने पर बैठने का यह मतलब नहीं है कि हम सड़क पर नहायेंगे। साक्षी ने कहा कि दिल्ली पुलिस गलत सूचना दे रही है कि पहलवान प्रदर्शन स्थल से चले गए हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोग कह रहे हैं कि हम रात में यहां नहीं रूकते। लेकिन कोई भी आकर देख सकता है। मीडिया हमेशा यहां है। विनेश ने कहा, सुबह एक एनजीओ के कुछ बच्चे हमसे मिलने आये थे लेकिन पुलिस ने कहा कि हम यहां नहीं रहते और दोपहर में आकर रात में चले जाते हैं। फिर किसी ने उन्हें बताया कि पुलिस झूठ बोल रही है।

## पहलवानों से मिलने पहुंचीं पीटी उषा

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले पहलवानों के प्रति असंवेदनशील होने के आरोपों का सामना कर रही भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को जंतर-मंतर पर उनसे मुलाकात की और उन्हें समर्थन का आश्वासन दिया। पूर्व फरार्टा धाविका उषा ने इससे पहले अपने मुद्दों के लिए आईओए से संपर्क करने के बजाय फिर से विरोध शुरू करने के लिए पहलवानों की कड़ी आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि पहलवानों को अनुशासन दिखाना चाहिए था। इस टिप्पणी के बाद उनकी और आईओए की आलोचना हुई थी। उषा मीडिया से बात किये बिना चली गईं लेकिन बजरंग पूनिया ने कहा कि उन्होंने मदद का आश्वासन दिया है। हमें हालांकि न्याय मिलने की पूरी उम्मीद है। उन्होंने कहा, उन्होंने जो बातें कही हैं अगर उस दिशा में कोई पहल होती है तो निश्चित रूप से इस मुद्दे का समाधान होगा।

## उच्चतम न्यायालय पहुंची महिला पहलवान, सुनवाई कल

**नयी दिल्ली।** यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वाली सात महिला पहलवानों ने सीलबंद कवर में हलफनामा दाखिल करने की मांग को लेकर बुधवार को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। दिल्ली पुलिस ने 28 अप्रैल को बृजभूषण के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की थी। महिला पहलवानों के वकील ने बुधवार को मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायाधीश पी एस नरसिम्हा की पीठ के सामने मसला रखा और कहा कि वे न्यायालय के सामने सीलबंद कवर में हलफनामा जमा करने की अनुमति चाहते हैं। मामले की सुनवाई गुरुवार को होगी। उन्होंने कहा कि हलफनामे की प्रति सोलिसिटर जनरल को देने में उन्हें कोई ऐतराज नहीं है लेकिन यह सार्वजनिक नहीं होनी चाहिये। पीठ ने इसकी अनुमति दे दी और अग्रिम प्रति सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता को दी जायेगी। मेहता ने पीठ से कहा कि मामले की जांच जारी है तो याचिकाकताओं को यह सामग्री जांच अधिकारी को भी देनी चाहिये।

## पेज 1 का शेष

### झारखंड में प्रमुख...

उन्होंने कहा कि चाहे किसी भी स्तर के जनप्रतिनिधि हों। अगर जनता ने आपको अपना प्रतिनिधि चुना है तो आपसे उनको काफी उम्मीदें हैं। आप लोगों की समस्याओं को दूर करने में अपनी जिम्मेदारियों को निभायें। **60 योजनाओं का शिलान्यास, 14 योजनाओं का उद्घाटन :** मौके पर 739 करोड़ 22 लाख 64 हजार 792 रुपए की लागत से 60 योजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं, 57 करोड़ 55 लाख 22 हजार 933 रुपए की लागत से 14 योजनाओं का उद्घाटन किया । जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का उदघाटन संपन्न हुआ। मौके पर मंत्री बादल, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, ज़िला परिषद अध्यक्षा शांति देवी, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, आईजी राजकुमार लकड़ा और जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### क्रेमलिन पर ड्रोन...

**अभेद्य किला है क्रेमलिन :** रूसी राष्ट्रपति का कार्यालय क्रेमलिन एक किलेनुमा जगह है। क्रेमलिन नाम का अर्थ है एक शहर के अंदर का किला। इसके अंदर और बाहर सुरक्षा का विशेष प्रबंध रहता है। शीत युद्ध के समय से ही क्रेमलिन की सुरक्षा इतनी चाक चौबंद है कि बिना अनुमति कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। यही कारण है कि यूक्रेनी ड्रोन को हमले के पहले ही मार गिराया गया है। क्रेमलिन के अंदर पांच महल, चार चर्च और बाउंड्री वॉल से लगे हुए कई टावर हैं। परिसर के भीतर ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस है जो पहले मास्को में रूसी सम्राट का निवास था। यह परिसर अब रूसी राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास है। क्रेमलिन दक्षिण में मोस्क्वा नदी, पूर्व में सेंट बेसिल कैथेड्रल और रेड स्क्वायर और पश्चिम में अलेक्जेंडर गार्डन के बीच में स्थित है।

### बन्ना गुप्ता ने...

मंत्री ने कहा कि अब देखना है कि विधायक सरयू राय इस नोटिस के जवाब में क्या देते हैं। कानूनी नोटिस में कहा गया है कि अगर सरयू राय सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगेंगे तो उनपर मान-हानि का मुकदमा दायर किया जायेगा।

### छवि रंजन से...

**क्या है मामला :** उल्लेखनीय है कि इडी ने 13 अप्रैल को सेना के जमीन घोटाले मामले में रांची के पूर्व ईडी छवि रंजन सहित बंगाल, झारखंड और बिहार सहित 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने सात लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों में कारोबारी प्रदीप बागची, सीआइ भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। सभी को ईडी ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। इस छापेमारी में ईडी के हाथ कई जमीन से जुड़े कागजात हाथ लगे थे।

### एक सप्ताह में...

**अगली सुनवाई सुनवाई 11 मई को :** हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने विधानसभा सचिव को मामले में प्रतिवादी बनाया था। कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 11 मई को निर्धारित की है। खंडपीठ ने पिछली सुनवाई में विधानसभा में विपक्ष के नेता के रिक्त पद के संबंध में मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा था कि इस पद को लेकर विधानसभा स्पीकर द्वारा डिसक्वालीफिकेशन (बाबूलाल मरांडी) के इश्यू को क्यों नहीं डिसाइड किया जा रहा है? राजकुमार की अवमानना याचिका में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए विपक्ष के नेता के पद के रिक्त रहने से कोई समस्या नहीं है। कानून में ऐसा प्रावधान है कि अगर विपक्ष के नेता नहीं है तो विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी के नेता को कमेटी में रखकर राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त एवं अन्य पदों नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2020 में हाईकोर्ट ने सूचना आयुक्तों कि नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देते हुए कहा गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जाएगी। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं होने पर वर्ष 2021 में प्रार्थी राजकुमार ने अवमानना याचिका दाखिल की है। बता दें कि राजकुमार की ओर से कहा गया है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2020 में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति कर लेने का अंडरटेकिंग दिया था लेकिन अब तक सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी है। **क्या है मामला :** वहीं, राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों की नियुक्ति एवं झारखंड में बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी, लोकायुक्त सहित करीब 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों का पद खाली रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से भी जनहित याचिका दाखिल की गयी है। इसमें पूर्व की सुनवाई में अधिवक्ता नवीन कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि करीब 4 वर्षों से राज्य बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त आदि संवैधानिक संस्थाओं में पदों के रिक्त रहने से किसी तरह का कोई काम नहीं हो रहा है। सूचना आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन निकाला गया था लेकिन कुछ अब तक सूचना आयोग में कोई नियुक्ति नहीं हो पायी है।

स्पीड न्यूज

## सर्बिया: स्कूल में गोलीबारी आठ बच्चे समेत नौ की मौत

**बेलग्रेड।** सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड के एक स्कूल में बुधवार को गोलीबारी में आठ बच्चों समेत नौ लोगों की मौत हो गयी और अन्य सात घायल हो गये। गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। संदेह जताया जा रहा है कि हमलावर एक 14 वर्षीय किशोर है, जिसने अपने पिता की पिस्तौल से गोलीबारी की। बाद में, मीडिया ने बताया कि गोलीबारी में कम से कम आठ बच्चे और एक गार्ड मारा गया है। व्लादिस्लाव रिबनिकर स्कूल में सुबह हुई गोलीबारी में आठ बच्चे और एक सुरक्षा गार्ड की मौत हो गयी तथा छह बच्चे और एक शिक्षक घायल हो गये।

## आदिवासी एकता मार्च में हजारों लोग हुए शामिल

**इम्फाल।** मैतेई समुदाय को एसटी में शामिल करने की मांग का विरोध करने के लिए छात्रों के एक संगठन द्वारा आहूत आदिवासी एकता मार्च में बुधवार को हजारों लोग शामिल हुए। ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ मणिपुर (एटीएसयूएम) ने कहा कि मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल करने की मांग जोर पकड़ रही है, जिसके खिलाफ उसने मार्च आहूत किया है। छात्र संगठन ने कहा कि राज्य के जनप्रतिनिधि खुले तौर पर मैतेई की मांग का समर्थन कर रहे हैं और आदिवासी हितों की सामूहिक रूप से रक्षा करने के लिए उचित उपाय किए जाने की आवश्यकता है।

## कृष्ण जन्मभूमि मामले में फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा की अदालत में लंबित श्री कृष्ण जन्मभूमि मामले को उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने का अनुरोण करने वाली याचिका पर अपना निर्णय बुधवार को सुरक्षित रख लिया। इस मामले में हिंदू भक्तों ने उस जमीन पर अधिकार का दावा किया है जहां ईदगाह मस्जिद का निर्माण किया गया है। याचिकाकर्ताओ ने अनुरोध किया है कि मूल वाद की सुनवाई उच्च न्यायालय द्वारा की जानी चाहिए।

## विधायक कल्याणी से जुड़े परिसरों पर छापे

**कोलकाता।** आयकर विभाग के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट से जीतने और बाद में तृणमूल कांग्रेस का वापस दामन थाम लेने वाले कृष्ण कल्याणी के आवास सहित विभिन्न परिसरों पर बुधवार को छापे मारे। आयकर विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये छापे विधायक के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायतों से जुड़े हैं। वह राज्य विधानसभा में लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष भी हैं।

## पति की हत्या में पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अपने पति की हत्या करने और शव को पहाड़ी इलाके में फेंकने के आरोप में पुलिस ने 24 वर्षीय एक महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। साहापुर प्रमंडल के पुलिस उपाधीक्षक विकास नाइक ने बताया कि 24 अप्रैल को नासिक-मुंबई राजमार्ग पर स्थित कसारा घाट घाटी में एक मंदिर के पीछे एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिला था।

## अतीक के वकील के घर से मिला आइफोन

**प्रयागराज।** बुधवार की सुबह धूमनगंज पुलिस नैनी जेल पहुंची। वहां से अतीक अहमद के राजदार व उसका वकील खान सौलत हनीफ को बरामदगी को लेकर उसके घर गई। उसके बाद पुलिस लाइन लाया गया। यहां पुलिस एवं एसटीएफ उससे पूछताछ की सौलत हनीफ को 28 मार्च को एमपी-एमएलए कोर्ट ने उमेश पाल अपहरण केस में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। मंगलवार को सीजेएम कोर्ट ने 12 घंटे की रिमांड

# बंगाल की खाड़ी से उठ सकता है 'मोचा' चक्रवात

### मौसम विज्ञान विभाग ने नौ मई मछुआरों नहीं जाने की दी चेतावनी

**40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी के दक्षिणपूर्व में एक चक्रवात बनने के शुरूआती संकेत मिले हैं और मछुआरों तथा नौ-परिवहन से जुड़े लोगों को इस क्षेत्र में जाने को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि नौ मई को दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवात बनने का अनुमान है। महापात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगले दिन उसी क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बनने के अनुमान के साथ छह मई को चक्रवाती परिसंचरण की स्थिति बन सकती है।चक्रवात का नाम मोचा रखा जायेगा। यमन ने लाल सागर तट पर अपने एक बंदरगाह शहर मोचा के नाम पर चक्रवात के इस नाम को सुझाया है। महापात्रा ने कहा कि मौसम प्रणाली के आठ मई को कम दबाव के क्षेत्र में केंद्रित होने और नौ मई को एक चक्रवात में तेज होने की आशंका है।



उन्होंने कहा कि चक्रवात के बंगाल की मध्य खाड़ी की ओर बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि हम चक्रवाती परिसंचरण का क्षेत्र बनने से पहले ही पूर्वानुमान जारी कर रहे हैं ताकि मछुआरें और नौ-परिवहन से जुड़े लोग इसी के अनुसार अपनी योजना बना सकें। उन्होंने मछुआरों से दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी में नहीं जाने का आग्रह किया क्योंकि इस क्षेत्र में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है। महापात्रा ने कहा कि कम दबाव का क्षेत्र बनने के बाद हम चक्रवात मार्ग के बारे में ब्योरा जारी करेंगे। अप्रैल, मई और जून हिंद महासागर क्षेत्र के लिए चक्रवात का मौसम है और मई में चक्रवातों की अधिकतम आवृत्ति देखी जाती है।

## यूपी में बारिश से टूटा 52 साल का रिकार्ड

सर्दियों के महीनों में आमतौर पर सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ अबकी बार गर्मी के महीनों में भी सक्रिय हैं। एक पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ता है तो दूसरा सक्रिय हो जाता है जिससे मार्च से लेकर अब तक जिस प्रकार बारिश हुई उससे पिछले 52 साल का रिकार्ड टूट गया है।

मौसम विभाग का कहना है कि अभी भी गरज व चमक के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि जो पश्चिमी विक्षोभ दिसम्बर, जनवरी और फरवरी में आने चाहिये था, वह अब आ रहे हैं। मार्च और अप्रैल माह में 16 छोटे और बड़े पश्चिमी विक्षोभ आये, जिससे मार्च माह में 23 और अप्रैल माह में 62 मिमी बारिश हुई। इसके साथ ही मई माह के पहले ही दिन 25 मिमी बारिश हुई और अभी भी हल्की बारिश हो ही रही है। इस प्रकार अगर आंकड़ों की बात करें तो विभाग के पास 1971 से आंकड़े उपलब्ध हैं और उनके अनुसार कभी इतनी बारिश नहीं हुई है। यही नहीं बारिश होने से अप्रैल माह में सिर्फ पांच बार 40 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंचा है और बाकी दिनों सामान्य से कम ही रहा। इस प्रकार अप्रैल माह पहली बार सबसे ठंडा रहा और अभी भी सामान्य से तापमान कम ही चल रहा है।

## केदारनाथ धाम में ग्लेशियर टूटा, 4 पोर्टर को किया गया रेस्क्यू

**देहरादून।** केदारनाथ जा रहे 4 पोर्टर (सामान को खच्चर से ढोने वाले) बुधवार को कुबेर ग्लेशियर के पास ताजा ग्लेशियर आने से फंस गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल एसडीआरएफ को इस संबंध में सूचित किया।

एसडीआरएफ के मुख्य आरक्षी संतोष रावत टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे तो वहां देखा कि 4 लोग कुबेर ग्लेशियर के पास आए ग्लेशियर में फंसे मिले। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इन चारों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू किए गए चंदा बहादुर, शेर बहादुर, खड़क बहादुर थापा और राम बहादुर ने बताया कि वे लोग यहां पर पोर्टर का काम करते हैं। वे चारों आज लींचोली से श्री केदारनाथ के लिए जा रहे थे कि कुबेर ग्लेशियर के पास अचानक ताजा ग्लेशियर की चपेट में आ गए।

# जय बजरंग बली बोलकर बटन दबाओ और कांग्रेस को दो सजा

**भाजपा का एकमात्र उद्देश्य कर्नाटक को देश का नंबर एक राज्य बनाना : पीएम**

### मोदी ने कर्नाटक के मतदाताओं से की अपील



एजेंसी

**अंकोला (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर गाली देने की संस्कृति का आरोप लगाते हुए कर्नाटक के लोगों से अपील की कि वे जब 10 मई को मतदान केंद्रों पर जाएं और मतदान करें तो जय बजरंग बली बोल कर उसे सजा दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके नेता उनसे नफरत करते हैं और उन्हें गाली देते हैं क्योंकि उन्होंने उनकी भ्रष्ट व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस अपने एक ऐसे नेता के नाम पर वोट मांग रही है जो सेवानिवृत्त हो रहे हैं, दूसरा तरीका जिससे वे वोट मांग रहे हैं, वह कि जिसे मन हो मोदी को गाली दो।

उत्तर कन्नड़ जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि क्या कर्नाटक में कोई भी गाली संस्कृति को स्वीकार करेगा? क्या कोई किसी को गाली देने वाले को पसंद करेगा? क्या किसी एक छोटे आदमी को भी गाली दी जाए तो आप पसंद करेंगे? क्या कर्नाटक गाली देने वालों को माफ कर देता है? आप (लोग) इस बार क्या करेंगे? क्या आप उन्हें सजा देंगे? क्या आप गाली देने वालों को सजा देंगे? जब मतदान केंद्र में बटन दबाओ तो जय बजरंग बली बोल कर इन्हें सजा दे देना। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा का एकमात्र उद्देश्य कर्नाटक को देश का नंबर एक राज्य बनाना है और इसके उसके पास योजना, दृष्टि और मेहनत करने की तैयारी है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने दशकों के कुशासन से जन विश्वास खो चुकी है। इसलिए झूठे आरोप और झूठी गारंटी ही उसका एकमात्र सहारा बचा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के विकास के बजाय सारा ध्यान अपने विकास पर लगाया और उसने देश में ऐसा तंत्र विकसित किया कि उसका खजाना हमेशा काली कमाई से भरा रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सरकारी कागजों में ऐसे करोड़ों नकली लोगों के नाम डाल दिए, जिनका अस्तित्व ही नहीं था, जो जन्में भी नहीं थे और इन नकली नामों की संख्या कर्नाटक की आबादी से भी बहुत ज्यादा थी। इन नामों पर भेजा गया पैसा कहां गया? पैसा ऊपर से नीचे तक कांग्रेस के भ्रष्ट नेताओं की जेब में जा रहा था। मोदी ने कहा कि पिछले नौ साल में मैंने कांग्रेस के फर्जी नाम घोटाले का पदार्फाश किया हैङ्घ हमारी सरकार ने फर्जी नाम हटाकर गरीबों को उनका हक दिलाना सुनिश्चित किया। हमारे उपायों की वजह से हमने 2.75 लाख करोड़ रुपये गलत हाथों में जाने से बचाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हमेशा से संकल्प रहा है राष्ट्र प्रथम जबकि कांग्रेस का हमेशा से मकसद रहा है भ्रष्टाचार प्रथम।

## चुनाव आयोग ने प्रियंक खड़गे को भेजा नोटिस

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नालायक शब्द का उपयोग करने संबंधी टिप्पणी को लेकर बुधवार को कांग्रेस नेता प्रियंक खड़गे को नोटिस जारी किया और कहा कि प्रथम दृष्टया यह आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन है।प्रियंक कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पुत्र हैं। नोटिस में निर्वाचन आयोग ने कहा कि वह (खरगे) चार मई शाम तक नोटिस का जवाब दें कि चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। भाजपा ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्द को लेकर प्रियंक के खिलाफ आयोग के समक्ष शिकायत की थी। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक के पूर्व मंत्री प्रियंक खरगे ने पिछले दिनों प्रधानमंत्री को नालायक कहा था। इससे कुछ दिनों पहले ही मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री की तुलना जहरीले सांप से की थी।

## प्रधानमंत्री को कर्नाटक में कमीशन सरकार की लूट नहीं दिखी: प्रियंका

**इंडी (कर्नाटक)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा प्रहार करते हुए आश्चर्य जताया कि सर्वशक्तिमान, सर्वोपरि, सर्वश्रेष्ठ और सर्वज्ञानी प्रधानमंत्री को कर्नाटक में 40 प्रतिशत कमीशन सरकार की लूट नजर क्यों नहीं आई। उन्होंने विजयपुरा जिले में चुनावी सभा में यह सवाल भी किया कि विकास पुरूष (मोदी) अब भी ऐसा क्यों कहते हैं कि कर्नाटक का विकास उनका सपना है? प्रियंका ने कहा कि मुझे ताज्जुब हुआ कि जिन्हें दुनिया, उनके लोग विकास पुरूष कह रहे हैं वह यहां आकर कहते हैं कि मेरा सपना था कि कर्नाटक का विकास हो। मैं पूछना चाहती हूं कि जब आपकी सरकार 40 %कमीशन सरकार बनकर जनता को लूट रही थी तो आप क्या कर रहे थे?

# उत्तर प्रदेश में झारखंड के दो तस्कर गिरफ्तार

**पांच करोड़ की अफीम जब्त**

एजेंसी

**शाहजहांपुर।** झारखंड के दो मादक पदार्थ तस्करों को पुलिस ने थाना चौक कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से पांच करोड़ रुपये कीमत की अफीम बरामद हुई है।

प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार की देर रात को एसओजी व चौक कोतवाली पुलिस टीम ने बरेली मोड़ के पास वाहन के इंतजार में खड़े दो अन्तरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों की पहचान झारखंड के रहने वाले करम महतो और उसका रिश्तेदार सिकेंद्र कुमार के रूप में हुई हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड



से कम कीमत में अफीम खरीद कर उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों को सप्लाई करते है। इससे पहले भी यह लोग जिले के जलालाबाद क्षेत्र अफीम की सप्लाई कर चुके हैं। अभियुक्तों के पास से पांच किलो अफीम बरामद हुई है, जिसकी कीमत पांच करोड़ रुपये आंकी गई है।

# पवार के उत्तराधिकारी पर अभी कोई निर्णय नहीं: प्रफुल्ल पटेल

**पद से हटने के फैसले पर पुनर्विचार नहीं करते प्रमुख बने रहेंगे : राकांपा**

एजेंसी

**मुंबई।** राकांपा के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने बुधवार को कहा कि जब तक शरद पवार पद से हटने के अपने फैसले पर पुनर्विचार नहीं करते वह पार्टी प्रमुख बने रहेंगे और तब तक उनके उत्तराधिकारी को चुने जाने पर कोई चर्चा नहीं होगी। पटेल ने कहा कि वह शीर्ष पद की दौड़ में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पवार ने अपने उत्तराधिकारी का फैसला करने के लिए मंगलवार को जिस समिति का गठन किया था, उसकी बुधवार को बैठक नहीं हुई। पटेल ने कहा कि यदि स्थिति उत्पन्न होती है, तो समिति पवार के उत्तराधिकारी पर निर्णय लेगी और निर्णय सर्वसम्मत होगा। जब पार्टी ने उन्हें इस पर पुनर्विचार करने के लिए कहा, उन्होंने अपने निर्णय पर विचार करने के लिए समय मांगा और जब तक अंतिम निर्णय नहीं हो जाता, तब तक उनके उत्तराधिकारी पर विचार करने का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई रिक्ति नहीं है। पटेल से उन खबरों के बारे में पूछा गया जिनमें कहा गया कि राकांपा नेता सुप्रिया सुले राष्ट्रीय अध्यक्ष और अजित पवार महाराष्ट्र इकाई प्रमुख हो सकते हैं। कुछ खबरों में यह भी कहा गया कि पटेल पवार की जगह ले सकते हैं।

# रोज पांच करोड़ रुपये कमाता था 12वीं पास युवक

**मुंबई में साइबर ठगों के गिरोह का पर्दाफाश, झारखंड समेत कई राज्यों में जांच कर रही पुलिस**

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने पुलिस अधिकारी बन देशभर के लोगों से ठगी करने वाले साइबर अपराधियों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुंबई पुलिस ने इस गिरोह के सरगना श्रीनिवास राव डाडी (49) को भी गिरफ्तार कर लिया है, जो 12वीं पास है और अपने खाते से रोजाना पांच करोड़ रुपये से अधिक रकम का लेन-देन करता था।

अधिकारी के मुताबिक, श्रीनिवास 12वीं कक्षा तक ही पढ़ा होने के बावजूद तकनीक का गहरा ज्ञान रखता है। उन्होंने बताया कि बांगुर नगर पुलिस की एक टीम ने श्रीनिवास को हैदराबाद के एक आलीशान होटल से हिरासत में लिया। अधिकारी के अनुसार, श्रीनिवास के साथ पुलिस ने उसके गिरोह के चार और सदस्यों को गिरफ्तार किया, जिनमें से दो पड़ोसी शहर ठाणे और दो अन्य कोलकाता के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि श्रीनिवास रियल एस्टेट कारोबार चलाने की आड़ में काम करता था और सिर्फ टेलीग्राम ऐप के जरिये संवाद करता था।

### 40 खाते फ्रीज, डेढ़ करोड़ बरामद

अधिकारी के मुताबिक, पुलिस ने अभी तक श्रीनिवास के 40 बैंक खाते फ्रीज किए हैं और उसके पास से डेढ़ करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। साइबर अपराधियों के कामकाज के तौर तरीकों के बारे में अधिकारी ने कहा कि श्रीनिवास और उसके साथी पुलिसकर्मी बनकर लोगों, अधिकतर महिलाओं को कॉल करते थे और उनसे कहते थे कि अधिकारियों को उनके नाम से भेजे गए कूरियर में हथियार या मादक पदार्थ मिले हैं।

अधिकारी के अनुसार, इसके बाद वे लोगों से यह कहते हुए उनके बैंक खाते या आयकर संबंधी विवरण मांगते थे कि ये डेटा इस बात की पुष्टि करने के लिए जरूरी है कि उक्त कूरियर उनके द्वारा नहीं भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए मुंबई पुलिस की टीमें दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, झारखंड, हरियाणा और महाराष्ट्र के अन्य शहरों में है। बंसल ने कहा कि मामले में और गिरफ्तारियां संभव हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग फोन कॉल से डर जाते थे और अपने बैंक खाते या आयकर से संबंधित विवरण साझा कर देते थे। उन्होंने बताया कि पीड़ित वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भी साझा कर देते थे और कछ मामलों में तो एनीडेस्क जैसे ऐप डाउनलोड करके जालसाजों को अपने फोन तक पहुंच भी प्रदान कर देते थे। बंसल के मुताबिक, अहम जानकारियां जुटाने के बाद जालसाल पीड़ित के बैंक खाते से जमा रकम उड़ा लेते थे। उन्होंने बताया कि श्रीनिवास और उसके गिरोह ने इस हथकंडे का इस्तेमाल कर देशभर में हजारों लोगों के साथ ठगी की।




# वैश्विक महानता के शिखर पर फिल्म उद्योग : आयुष्मान

**मुंबई।** अभिनेता आयुष्मान खुराना ने स्थानीय विषय-वस्तु के साथ वैश्विक स्तर पर जाने का समर्थन करते हुए बुधवार को कहा कि भारतीय फिल्म उद्योग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी प्रगति कर रहा है। ऑस्कर विजेता फिल्म द एलिफेंट व्हिस्पर्स का उदाहरण देते हुए अभिनेता ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि मनुष्य और जानवर के बीच का बंधन भारत को अकादमी पुरस्कार दिलाएगा।

फिक्की फ्रेम्स के 23वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में खुराना ने कहा कि दस साल पहले मैं केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के तिराहे पर स्थित इस वन्यजीव अभ्यारण्य में गया था और मैंने मनुष्य और जानवर के बीच के रिश्ते को पहली बार देखा था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि 2023 में उस रिश्ते के बारे में दुनियाभर में चर्चा होगी और हमें ऑस्कर मिलेगा। उन्होंने कहा कि जितना अधिक हम अपनी जड़ों से जुड़े रहेंगे, उतना ही हम आगे बढ़ेंगे। हम जितने अधिक स्थानीय होते हैं, उतने ही अधिक वैश्विक होते हैं। हमारा फिल्म उद्योग वैश्विक महानता के शिखर पर है। मैं ऐसे समय में रहने के लिए भाग्यशाली हूं जहां विश्व संस्कृति के रूप में आपस में घुलने मिलने वाले एक पात्र के रूप में हो गया है। पिच्चानवें अकादमी पुरस्कार में कार्तिकी गोंजाल्विस द्वारा निर्देशित तमिल भाषा के वृत्तचित्र द्द एलिफेंट व्हिस्पर्स ने डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट श्रेणी में भारत के लिए पहला ऑस्कर जीता था। वहीं निर्देशक एस. एस. राजामौली की फिल्म आरआरआर के तेलुगु गीत नाटु नाटु ने सर्वश्रेष्ठ मूल गीत की श्रेणी में ऑस्कर जीत कर इतिहास रच दिया था।



## तेजी पर लगा विराम सेंसेक्स 161 अंक टूटा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में पिछले आठ कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 161 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिर्जव के ब्याज दर पर निर्णय से पहले और वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 161.41 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61,193.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 330.27 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 57.80 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,089.85 अंक पर बंद हुआ।



स्पीड न्यूज

## डुगडुगी बजाकर चिपकाया इस्तेहार

**सिमरिया।** मयूरहंड पुलिस ने बुधवार को लावालोंग थाना क्षेत्र अंतर्गत सहावन गांव में डुगडुगी बजाकर बृजेश गंजू उर्फ सरदार जी उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता के घर इतिहास चिपकाया है। मालूम हो कि मयूरहंड थाना कांड संख्या 90 /2018 धारा 147/ 148 /149 /341/ 448 /353/ 380/ 350/387 भा. द.वि एवं 17 (i)(ii) सीएलए एक्ट एंड 10/13 यूएपी एक्ट के अंतर्गत सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए ठेकेदार को जान से मार देने की धमकी देते हुए लेवी रंगदारी मांगने से संबंधित मामला दर्ज था।

## महायज्ञ के अवसर पर भव्य जागरण का आयोजन

**टंडवा (चतरा)।** गाडीलौंग में नवनिर्मित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हेतु तीन दिवसीय श्री श्री 1008 प्राण प्रतिष्ठा मारुति नंदन महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ की दूसरे दिन भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जिसकी शुभारंभ यज्ञ समिति के अध्यक्ष दीपू चौरसिया सचिव सुरेश यादव कोषाध्यक्ष सुधीर चौरसिया समेत अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

## जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में दलपति से पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से दलपति से पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति हेतु तीन अभ्यर्थियों का आवेदन रखा गया। उपायुक्त ने इन तीनों आवेदकों के आवेदन के जरूरी दस्तावेज का जांच किया। अद्यतन आवासीय प्रमाण पत्र, वैवाहिक स्थिति का शपथ पत्र, आचरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा वांक्षित दस्तावेज प्राप्त हो जाने पर चयन समिति की अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

## पंसस ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**भवनाथपुर।** उतरी पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर ने बुधवार को राजकीय बुनियादी विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री ठाकुर ने मिड डे मिल के तहत भोजन कर रहे छात्र-छात्राओं से भोजन के बारे में जानकारी प्राप्त किया। साथ ही विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विभूति प्रकाश से बच्चों की संख्या, शिक्षकों की संख्या, पेयजल आदि की जानकारी प्राप्त किया। प्राचार्य ने विद्यालय के समस्याओं से भी पंचायत समिति सदस्य को अवगत कराते हुए निदान कराने का आग्रह किया। पंचायत समिति सदस्य चन्दन ने बताया कि क्षेत्र के सभी सरकारी संस्थान की गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा।

## नैक एग्रीडेशन को लेकर बैठक संपन्न

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पीजी हिन्दी विभाग में नैक के आलोक में रिसर्च इनोवेशन एक्स्टेंशन टीम की बैठक बुधवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ निलेश कुमार ने किया। बैठक में रिसर्च के अंतर्गत आने वाले सभी उप- विषयों पर बारीकी से चर्चा किया गया। बैठक में सहमती बनी की प्रेषित वार्षिक रिपोर्ट की समीक्षा के पूर्व नैक के रिपोर्ट का अध्ययन किया जाना आवश्यक है। साथ ही कई अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई।

## सावधानी बरतें तो स्ट्रोक नहीं है जानलेवाः डॉ संजीव

**गढ़वा।** ब्रेन, स्ट्रोक, स्पाइनल, पार्किंसन, लकवा, मिर्गी, चलने में दिक्कत, नसों और मसल्स में दिक्कत,एक आंख से दिखाई देना, एक ही वस्तु दो-दो दिखाई देना जैसी समस्या में से किसी एक या उससे ज्यादा तकलीफ से प्रायः लोग ग्रसित हो रहे हैं। इन बीमारियों के बारे में यहां तक कहा जाता है कि इनमें से किसी परेशानी के ग्रस्त व्यक्ति जिंदगी भर दवा पर आश्रित हो जाता है और उसे हर क्षण मौत की घण्टी सुनायी देती है। लेकिन ऐसा नहीं है। यह दावा है देश की राजधानी दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में लंबे समय तक इन रोगों का इलाज करने वाले न्यूरोलॉजिस्ट डॉ संजीव कुमार शर्मा का।

### आरोपी की सफाई साक्ष्य की तिथि हुई मुकर्रर, केस में बहस होगी शुरू

# चर्चित पेट्रॉल हत्या कांड के गवाहों की गवाही पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** चर्चित पेट्रॉल हत्या कांड मामले के सभी गवाहों की गवाही प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह पोक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश रमेश चंद्रा की अदालत में अब तक पूरी हो गयी है। अदालत ने दोनों आरोपियों का भी बयान दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपियों की अब सफाई साक्ष्य के लिए अगली तिथि मुकर्रर की गई है। सफाई साक्ष्य की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कोर्ट में बहस चालू होगी। इस केस के चार्जशीट में 26 गवाह बनाए गए है। चार्जशीट विटनेस के अलावे अनुसंधानकर्ता, एसआईटी, एफएसएल के एक्सपर्ट की भी गवाही पूरी हो चुकी है। यहां बता दें कि एकतरफा प्रेम में आरोपी शाहरुख हुसैन ने बीते 23 अगस्त 2022 को सोए अवस्था में खिड़की से किशोरी पर पेट्रॉल उड़ेल आग लगा दी दिया था। जिसकी इलाज के दौरान 27 अगस्त को रांची रिम्स में मौत हो गई थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी शाहरूख हुसैन को घटना के दिन ही गिरफ्तार कर लिया था। जबकि दूसरे आरोपी नईम उर्फ छोटू को किशोरी की मौत के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजी थी। पेट्रॉल हत्या कांड को लेकर दुमका में पीड़िता के समर्थन में लोगों ने जमकर बवाल मचाया था। दो समुदाय के बीच काफी तनावपूर्ण महौल हो गया था।

हत्या कांड के विरोध में स्थानीय लोगों ने जमकर आंदोलन कर आरोपियों की फांसी की सजा की मांग किया था। देश और राज्य के कई दिग्गज राजनेता भी दुमका आए गए थे। घटना को लेकर पुलिस ने एसआईटी टीम का गठन किया था। पुलिस ने एक माह के अंदर ही चार्जशीट कोर्ट में समर्पित कर दिया था। 23 सितम्बर को चार्ज फ्रेम हुआ था। इसके बाद 27 सितम्बर से गवाहों की गवाही शुरू हुई। गवाहों की गवाही पूरी होने के बाद दोनों आरोपी के बयान लिए गए। अब कोर्ट ने सफाई साक्ष्य के लिए अगली तिथि मुकर्रर की है। गौरतलब हो कि इस कांड में बाद ऐसी ही कई घंटाएं सामने आयी। इस घटना के बाद जरमुंडी और गोपीकांदर थाना क्षेत्र में भी प्रेमिका को पेट्रॉल उड़ेल जला मार डालने का मामला समाने आया। मानो जैसे सनकी प्रेमी के लिए यह फैशन बन गया हो। पुलिस ऐसी सभी घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेजी। सभी मामले न्यायालय में चल रहे है।

## आईटी सेल का उद्घाटन, मिशन 24 पर हुई चर्चा

**गढ़वा।** भाजपा के झारखण्ड प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने शहर के उत्सव गार्डेन में जिले भर के कार्यकताओं के साथ बैठक की। बैठक मुख्य रूप से मिशन 24 पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि नेता चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो उसे बूथ से जुड़ना ही पड़ेगा। उन्होंने सभी नेताओं, कार्यकताओं को बूथ स्तर तक जाकर कार्य करने की नसीहत दी। कहा कि पैर में चक्कर, मुंह मे शक्कर, सीने में आग और माथे पर बरफ कार्यकताओं की पहचान होनी चाहिए।उन्होंने बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, मण्डल अधयक्ष और मण्डल प्रभारियों की अलग बैठक की।

# जिला स्थापना समिति व अनुकम्पा समिति की हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकम्पा समिति की बैठक की गई। जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकंपा समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 11 मामलों को रखा गया। बैठक में उपायुक्त ने प्राप्त सभी आवेदनों को एक-एक कर आवश्यक दस्तावेजों का जांच किया। दस्तावेजों में शामिल आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजातों की गहन जांच कर पर्याप्त कागजातों वाले दो आवेदक जिनका दस्तावेज सही पाया गया है। उन दो आवेदकों को अनुकंपा के आधार पर जल्द नियुक्ति पत्र देने समेत अन्य निर्देश दिए। साथ ही शेष आवेदक जिनके दस्तावेज में कमी पाई गई है उसको पूर्ण करते हुए अगले बैठक में रखने का निर्देश दिया। बताते चले की मयूरहंड प्रखंड के मृत्य सरकारी कर्मी के आश्रित पुत्र रोहित कुमार गिरी एवं अंचल टंडवा के मृत्य सरकारी कर्मी के आश्रित पुत्र रौशन कुमार को चतुर्थ वर्ग के लिए अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति का लाभ दिया गया। स्थापना की बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में लंबे समय से कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मियों का पदस्थापन, स्थानांतरण नहीं किया गया है। वैसे लिपिक संवर्ग के कर्मियों को आवश्यकता को देखते हुए नियमानुसार पदस्थापन, स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति शीघ्र करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, स्थापना पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# समाज में लैंगिक अवधारणा पर कार्यशाला आयोजित



अभ्यास करती छात्राएं

**दुमका।** समाज में लैंगिक अवधारणा की समझ को स्पष्ट करने एवं दिशा देने को लेकर एसपी महिला कॉलेज में बुधवार को दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ हुआ। कार्यशाला का विषय 'अंडर स्टैंडिंग जेंडर एंड वियोंड' रहा। दो दिवसीय कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए संयोजिका ज्योत्सना बाः ने कहा कि लैंगिक उन्मुखीकरण कार्यशाला में समाज में लैंगिक असमानता, चुनौतियों एवं समाधान के बारे में विभिन्न गतिविधियों द्वारा विचार विमर्श किया जाएगा।

# डीसी ने चेंबर ऑफ फार्मर्स संग की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** प्रखंड कार्यालय रानेश्वर में चैंबर ऑफ फार्मर्स की बैठक बुधवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी रविशंकर शुक्ला ने किया। बैठक में विभिन्न पंचायतों से किसान एवं चैंबर ऑफ फार्मर्स के सदस्य उपस्थित थे। डीसी ने सभी किसानों से उनके द्वारा उगाई जा रही फसल की जानकारी ली। डीसी ने बताया कि चेंबर ऑफ फॉमर्स के गठन के उद्देश्य के किसानों एवं व्यवसायियों के बीच मार्केट लिंकेज की संभावना को बढ़ावा देना है। जिला स्तरीय सहयोग समिति बनाने की भी तैयारी चल रही है।

इस दौरान किसानों ने अपनी समस्या डीसी के समक्ष रखी। जिसपर डीसी ने संबंधित पदाधिकारी को अविलंब स्थल पर पहुंचकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीसी ने बताया कि नई तकनीक की जानकारी से किसानों को काफी लाभ पहुंच रहा है। सरकार की योजनाओं की जानकारी और लाभ समेत कई फायदे इसके गठन से लगातार किसानों को मिल रहे हैं। बैठक में निदेशक डीआरडीए, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, आत्म निदेशक सहित अन्य उपस्थित थे। इसी क्रम में डीसी ने साक्षरता कर्मियों के साथ बैठक कर उनके काम में होने वाली समस्याओं के बारे में जाना। डीसी ने साक्षरता कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए और भी अधिक लोगों को साक्षर करने की बात कही। बैठक में उपस्थित सीडीपीओ, बीईओ को आपस में समन्वय बनाते हुए लक्ष्य अनुरूप कार्य करें। बैठक में इसके बाद डीसी ने ग्राम प्रधानों, मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ बैठक की।



बैठक करते डीसी व अन्य

# बड़े भाई व चाचा की पत्थर से कुचलकर की हत्या



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर अनुमंडल के सोनुवा थाना क्षेत्र के पाताहातु गांव में मंगलवार की रात छोटे भाई वने ही अपने ही बड़े भाई 35 वर्षीय मंगता गागराई व चाचा 55 वर्षीय मोईका गागराई ने लाठी-डंडे से पीटने के बाद पत्थर से कुचल कर हत्या कर दी। घटना के समय मृतक व हत्यारा तीनों नशे में धुत्त थे। घटना को अंजाम देने के बाद बुधवार सुबह हत्यारा छोटे भाई बुधराम गागराई पैदल चलते हुए सोनुवा थाना सरेंडर करने आ रहा था। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद घटना स्थल जा रही पुलिस की टीम ने आधे रास्ते में स्थित पोटोबेड़ा के पास हत्यारा बुधराम गागराई को गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधराम गागराई ओड़िशा के बेलपहाड़ में रहता है।

## अपराधियों पर चलेगा स्पीडी ट्रायल : कानून मंत्री

**पूर्वी चंपारण।** बिहार के कानून मंत्री डॉ. शमीम अहमद ने बढ़ते अपराध को लेकर योगी मॉडल की मांग पर बड़ा बयान देते हुए बुधवार मोतिहारी में कहा कि जब सारे फैसले सीएम ही करेंगे,तो कोर्ट की क्या जरूरत है। उन्होंने कहा जो लोग बिहार में उत्तर प्रदेश जैसे हालात बनाने और योगी मॉडल की मांग कर रहे है, उन्हे पहले न्यायालय को बंद करा देना चाहिए।कहा कि बिहार सरकार अपराध पर लगाम लगाने के लिए कृत संकल्पित है,बढती जनसंख्या को देखते हुए एक थाने में दो-दो थानाध्यक्ष रखे जायेगे।ताकि आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने के लिए राज्य सरकार ने बीते दिनों फैसला लिया गया कि पटना जिले के थानों में अब दो-दो थानेदार होंगे। उल्लेखनीय है,कि मंत्री डा.शमीम अहमद जिले के छतौनी थाना क्षेत्र में एक मई को हुए गैंगवार में घायल युवकों से मिलने पहुंचे थे।

# प्रशासनिक शिविर का आयोजन, सुनी समस्याएं



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड के गुलकेड़ा पंचायत अन्तर्गत लुपुंगबेड़ा गांव में बुधवार को प्रशासनिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, पंचायती राज पदाधिकारी मनोज कुमार सिन्हा, मुखिया लक्ष्मी केराई उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उसके निदान की मांग की। मुखिया लक्ष्मी केराई ने बीडीओ के नाम पत्र सौंपते हुए कई समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। शिविर में ग्रामीणों ने खराब पड़े 11 चापाकलों की मरम्मत की मांग की।

# सम्पूर्ण हिन्दू समाज का केंद्र होगा संघ कार्यालय : संजय

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** हिन्दू समाज के संगठन में जुटे आरएसएस का अब गढ़वा में भी अपना कार्यालय होगा। बुधवार को गढ़वा-रेहला रोड के निकट स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के समीप आरएसएस के गढ़वा जिला कार्यालय का भूमिपूजन किया गया। बता दें कि झारखंड विधुत बोर्ड के चेयरमैन पलामू जिले के गोदरमा गांव के वीएन पांडेय ने संघ कार्यालय के लिए जमीन दान की थी। गढ़वा में कार्यालय निर्माण को लेकर संघ के पलामू विभाग कार्यवाह राजीव कुमार सिंह लगातार प्रयासरत थे। उन्होंने विभाग और जिला स्तर के कार्यकताओं से कई बार चर्चा की थी। इस अवसर पर संघ के झारखण्ड प्रान्त कार्यवाह संजय कुमार ने कहा कि संघ हिन्दू समाज का संगठन करता है। गढ़वा जिले में इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही थी। यहां के कार्यकताओं ने इस कार्य को चुनौती पूर्ण लिया है। कार्यालय के बन जाने के बाद यह किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि सम्पूर्ण हिन्दू समाज का केंद्र बन जायेगा। इस मौके पर सह प्रान्त कार्यवाह धनन्जय सिंह, सामाजिक सद्भाव क्षेत्र टोली के सदस्य राकेश लाल, प्रान्त ग्राम विकास प्रमुख महेंद्र जी, प्रान्त बौद्धिक प्रमुख ज्वाला तिवारी, भाजपा के झारखंड प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, विद्या भारती के क्षेत्रीय मंत्री ख्याली राम जी, विभाग प्रचारक व्यापक जी, कार्यवाह राजीव कुमार सिंह के अलावे संघ विचार परिवार के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संघ के प्रांत कार्यवाह संजय कुमार ने कार्यालय निर्माण के लिये भवन निर्माण समिति की घोषणा की। जिसमें प्रांत बौद्धिक प्रमुख ज्वाला तिवारी को संरक्षक, विभाग कार्यवाह राजीव कुमार सिंह को समिति का अध्यक्ष बनाया गया। सतीश मिश्र और पवन कुमार को उपाध्यक्ष, बिनोद जायसवाल को सचिव, अशोक पटवा, संजय ठाकुर और दीनदयाल राम को सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों ने कार्यालय के निर्माण में पूरा सहयोग करने का वचन दिया। साथ ही कहा कि इसके निर्माण में आर्थिक समस्या बाधा नहीं बनेगी। महा प्रसाद के बाद कार्यक्रम पूर्ण हुआ।



भूमि पूजन में उपस्थित गणमान्य

## गढ़वा में आरएसएस कार्यालय का भूमि पूजन, पहुंचे कई दिग्गज

एक नजर में

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नीतीश ओडिशा और झारखंड का करेंगे दौरा

**पटना।** लोकसभा-2024 की तैयारी को लेकर सभी राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर से जोर-आजमाईश कर रहे हैं। इसी कड़ी में बिहार के मुख्यमंत्री भी लगातार विपक्षी एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से नेताओं के साथ मेलजोल बढ़ा रहे हैं। इसकी कड़ी बिहार के सीएम शुक्रवार को ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक से मुलाकात करने जा सकते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक से मुलाकात कर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर सकते हैं। इससे पहले नीतीश कुमार दिल्ली में तीन दलों के नेताओं से मुलाकात की थी। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, दिल्ली के सीएम केजरीवाल और फिर वाम दलों के नेता सीताराम येचुरी और डी राजा से मुलाकात की थी और 2024 की तैयारी के मद्देनजर रणनीति को पुख्ता किया था। नीतीश कुमार के झारखंड दौरे से पहले मंगलवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने रांची में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी और कई मुद्दों पर चर्चा की।

## मरम्मत के बाद एसडीओ कार्यालय व न्यायालय कक्ष का हुआ उद्घाटन

**चक्रधरपुर।** पोड़ाहाट-चक्रधरपुर अनुमंडल कार्यालय भवन में पुनः मरम्मति के उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय एवं न्यायालय कक्ष का लोकार्पण किया गया। प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर अजय लिंडा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं उपायुक्त अनन्य मित्तल उपस्थित रहे। लोकार्पण के उपरांत वरीय पदाधिकारियों द्वारा अनुमंडल कार्यालय भवन अंतर्गत संचालित अन्य मरम्मति कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रीना हंसदा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कपिल चौधरी, अपर समाहर्ता ओम प्रकाश गुप्ता, सीआरपीएफ 60 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी सुनील कुमार खत्री, उप कमांडेंट जियाउल हक, अनिल कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी ललन कुमार, गिरिजानंद किस्कु सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकताः थानाध्यक्ष

**हंसडीहा।** हंसडीहा थाना के नये थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह को बनाया गया है। बुधवार की सुबह थाना प्रभारी श्री सिंह ने हंसडीहा स्थित बालेश्वरनाथ मंदिर में विधवत पूजा-अर्चना कर पदभार ग्रहण कर किया। इस दौरान निवर्तमान थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने नये थाना प्रभारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पद भार ग्रहण के बाद थाना प्रभारी श्री सिंह ने थाना में पदस्थापित पुलिसकर्मियों से मिलकर थाना क्षेत्र से संबंधित जानकारी ली। साथ ही पुलिसकर्मियों को उचित मार्गदर्शन दिया। इस दौरान अपराधों पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता बताया। साथ ही कानून व्यवस्था को बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। विदित हो कि थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह 2018 बैच के दरोगा है। इससे पहले वे दुमका जिले के जरमुंडी, शिकारीपाड़ा और खास कर जामा में थाना के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं।

## बासुकीनाथ में श्रावणी मेला को लेकर एसडीएम ने की बैठक

**बासुकीनाथ।** तीर्थ नगरी बासुकीनाथ में श्रावणी मेला के आयोजन को लेकर बुधवार को मंदिर के प्रशासनिक भवन में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम कौशल कुमार ने किया। बैठक में पंडा पुरोहित व स्थानीय अधिकारियों संग श्रावणी मेला को सफल बनाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर गंभीर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रुप से मेला क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने पार्किंग के लिए जगह चिन्हित करने, बैरिकेडिंग स्थल का चयन कर नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा मंदिर की आंतरिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर बिंदुवार चर्चा की गई। इसके तहत मंदिर परिसर में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने दुकान लगाने के तरीके एवं मंदिर प्रवेश पास को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद अभयकांत प्रसाद ने मंदिर में चढ़ावे की राशि की फिजूलखर्ची पर रोक लगाने की मांग की।

## एसकेएमयू के यूजी सेमेस्टर 1 के परीक्षा फार्म भरे जायेंगे 10 मई से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के द्वारा एनईपी 2020 के तहत यूजी सेमेस्टर 1 सत्र 2022-26 परीक्षा 2022 का परीक्षा फार्म भरने की तिथि बुधवार को जारी हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा फार्म 10 से 18 मई तक ऑनलाईन भरने की तिथि निर्धारित है। विलंब शुल्क 200 रुपए के साथ 19 से 22 मई तक भरे जायेंगे। विलंब शुल्क 500 रुपए के साथ 23 से 26 मई तक फार्म भरे जायेंगे। छात्र-छात्राओं को ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने के बाद हार्ड कॉपी कॉलेज एवं विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा।

## एसकेएमयू संताली स्पोकेन वर्ग संचालन होगी अब 6 मई से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के 2 मई को निर्गत सूचना को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 2 मई को निर्गत सूचना 4 मई से संताली स्पोकेन कोर्स का वर्ग प्रारंभ होना स्थगित किया गया है। स्पोकेन वर्ग अब 4 मई के जगह 6 मई से प्रारंभ होगी। संताली स्पोकेन वर्ग संचालन 6 मई से दिग्घी कैंपस मुख्यालय के संताली विभाग में सप्ताह में तीन दिन चलेगी। वर्ग संचालन साढ़े 8 बजे से साढ़े 9 बजे तक गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार को होगी।

## 70 हजार ठगी का मामला दर्ज

**रानेश्वर।** कैंसर पीड़ित परिवार के महिला से सहिया के पति शिबधन हेम्ब्रम द्वारा 70 हजार रुपये ठगी करने के मामले को लेकर टोंगरा थाना में बुधवार को प्राथामिकी दर्ज हुई। जानकारी के अनुसार शिवधन हेम्ब्रम एवं उनके पत्नी नियुती मुर्मू पर धारा 420/34 के तहत प्रथामिकी दर्ज किया गया है। ज्ञात हो की केंसर पीड़ित परिवार के महिला धनमुनि किस्कू ने थाना सहित डीसी, रानेश्वर के बीडीओ, सीओ को भी लिखित आवेदन दिया था। जिसमें धनमुनि के पुत्र सोहन हेम्ब्रम ने बुधवार को रानेश्वर प्रखंड कार्यलय में डीसी से भेट कर कार्रवाई करने का मांग किया था। पता चला कि डीसी के आश्वासन के बाद ही थाना में प्राथामिकी दर्ज हुई।

## नये थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने मसानजोर थाना का पदभार किया ग्रहण

**मसानजोड़।** मसानजोड़ थाना में बुधवार नए थाना प्रभारी सुगना मुंडा बुधवार को योगदान किया। निर्वतमान थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार कुमार महतो ने नवनियुक्त थाना प्रभारी को पदभार सौंपा। निर्वर्तमान थाना प्रभारी प्रफुल्ल महतो जरमुंडी थाना में एसपी के निदेर्शानुसार पदस्थापित हुए। निर्वतमान थाना प्रभारी प्रभारी प्रफुल्ल कुमार ने नया थाना प्रभारी शुगना मुंडा को गुलदस्ता देकर किया सम्मानित। यहां बता दें कि प्रफुल्ल कुमार मृदु भाषी थे। किसी भी मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थल पर पहुंच कर सामाधान करते थे। थाना क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी सम्मान देते थे। सड़क सुरक्षा को लेकर प्रफुल्ल कुमार महतो ने सड़क से हटिया एवं सभी विद्यालयों में सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के लोगों को किया जागरूक करने का काम किया।